सूर्योदय 6:49 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

शिमला	10.0 न्यू	19.0 अधि
धर्मशाला	12.0 न्यू	20.5 अधि

बाजार

सेंसेक्स	81,592
निफ्टी	25,144
सोना	1,35,884
चांदी	1,77,200

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 16 नवंबर 2026 | 1 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 319, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

ललित मोदी को मिली ब्रिटिश नागरिकता

एजेंसी, लंदन। आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी अब भारतीय नहीं ब्रिटिश नागरिक हैं। उन्होंने पोस्ट करके बताया कि 15 सितंबर 2026 को उन्हें ब्रिटिश नागरिकता मिल गई थी। उनकी भारतीय नागरिकता 2 साल पहले ही खत्म हो गई थी। मार्च 2025 में उन्होंने पैसिफिक आइलैंड देश वानुअतु की नागरिकता ली थी। बाद में वहां के पीएम ने उनका पासपोर्ट कैंसिल करवा दिया था। पीएम ने कहा था कि ललित प्रत्यर्पण से बचने नागरिकता ले रहे हैं। ललित 2010 में लंदन चले गए थे, जब उन पर आईपीएल में वित्तीय अनियमितता, मनी लॉन्ड्रिंग, बिड-रिगिंग जैसे आरोप लगे थे। तब से वे वहीं हैं। ब्रिटिश नागरिकता उनकी तीसरी नागरिकता होगी।

मियामी एयरपोर्ट पर टकराए दो विमान

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका के मियामी एयरपोर्ट पर शनिवार रात दो विमान टकरा गए। पनामा सिटी से आया कोपा एयरलाइंस का यात्री विमान एयरपोर्ट पर आगे बढ़ रहा था, तभी उसका पंख यूपीएस के कार्गो विमान के अगले हिस्से से टकरा गया। हादसे में यात्री विमान में सवार 2 लोग मामूली घायल हो गए। विमान में 166 यात्री और क्रू मेंबर समेत 172 लोग थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसा अमेरिकी समय के मुताबिक रात करीब 9:15 बजे हुआ। उस समय दोनों विमान एयरपोर्ट के टैक्सीवे पर चल रहे थे। यूपीएस का कार्गो विमान कोलंबिया के बोगोटा जाने के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था।

अमिताभ बच्चन के घर फायरिंग की प्लानिंग के आरोप में 2 शूटर अरेस्ट

एजेंसी, अमृतसर। अमिताभ बच्चन के घर फायरिंग करने की प्लानिंग के आरोप में दिल्ली पुलिस ने दो शॉर्पशूटर्स को अरेस्ट किया है। इनमें जालंधर का रहने वाला विकास ठाकुर और तरनतारन का निवासी दीपक सिंह शामिल हैं। दोनों विदेश में बैठे एक गैंगस्टर के लिए काम करते हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गैंगस्टर 1984 के सिख दंगों पर अमिताभ के कथित बयान को लेकर उन्हें निशाना बनाना चाहता था। हालांकि, अमिताभ ने ऐसा कोई बयान देने से इनकार किया है। पुलिस के मुताबिक, विकास दिल्ली के एक कारोबारी पर रंगदारी के लिए फायरिंग करने आया था। वहीं, दीपक 3 अक्टूबर को अमृतसर में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर मैड संधू की हत्या के मामले में वांटेड था।

अहमदाबाद में एमडी ड्रग्स फैक्ट्री पर रेड

एजेंसी, अहमदाबाद। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और सरखेज पुलिस ने रविवार को अहमदाबाद के सरखेज इलाके में एमडी ड्रग्स बनाने वाली एक फैक्ट्री पर छापेमारी की। फैक्ट्री एक बिल्डिंग के तहखाने में बनाई गई थी। पुलिस ने मौके से करोड़ों रुपए का ड्रग्स बनाने का कच्चा माल जब्त किया गया। इस मामले में मुख्य आरोपी एमएम पठान और उसकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी आरोपी मुदस्सर ने राजस्थान से ड्रग्स बनाने की ट्रेनिंग ली थी। वहीं, नशीले पदार्थ बनाने का कच्चा माल मध्य प्रदेश के रतलाम से ला रहा था।

21 नवंबर तक चलेगा हिमाचल प्रदेश विधानसभा का सत्र, कुल छह बैठकें होंगी

शीतकालीन सत्र में आज से तपेगा तपोवन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 नवंबर से धर्मशाला के तपोवन में शुरू होने जा रहा है। 21 नवंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल छह बैठकें होंगी। सत्र के दौरान जहां प्रदेश से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चर्चा होगी, वहीं विधानसभा परिसर में मीडिया की कार्यप्रणाली को लेकर भी कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश लागू रहेंगे। सोमवार को दोपहर बाद सत्र शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा परिसर के भीतर केवल मौजूदा विधायक ही मीडिया को बाइट दे सकेंगे। पूर्व विधायकों और अन्य व्यक्तियों को परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने या बाइट देने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सत्र के पहले दिन दिवंगत विधायक नंदलाल और पूर्व विधायक के निधन पर शोकोद्गार होंगे।

विधानसभा अध्यक्ष ने रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि यह 14वीं विधानसभा का 13वां सत्र होगा। 16 नवंबर को सत्र की पहली बैठक में सबसे पहले शोकोद्गार होंगे। सदन के नियमों के अनुसार किसी वर्तमान या पूर्व विधायक के निधन पर सरकार की ओर से शोक प्रस्ताव लाया जाता है, जिसके बाद सभी विधायक अपने विचार व्यक्त करते हैं। इस बार चार बार विधायक रहे और वर्तमान में स्टेट कमीशन के चेयरमैन रहे नंदलाल के निधन पर सदन में शोक व्यक्त किया जाएगा। इसके अलावा कांगड़ा से संबंधित एक पूर्व विधायक, जो करीब पांच बार विधानसभा के सदस्य रहे, के निधन पर भी शोकोद्गार होंगे।

414 प्रश्नों के जवाब देगी सरकार

हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि सत्र के लिए विधायकों की ओर से अब तक कुल 414 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें 291 तारांकित और 123 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। सभी प्रश्न ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं। तारांकित प्रश्नों के जवाब सदन में मौखिक रूप से दिए जाएंगे, जबकि अतारांकित प्रश्नों के उत्तर संबंधित विधायक को लिखित रूप में उपलब्ध करवाए जाएंगे। इन प्रश्नों को सरकार के पास भेज दिया गया है। पहले दिन के प्रश्नों की सूची भी तैयार हो चुकी है और सरकार से जवाब प्राप्त होने के साथ ही आगामी दिनों की प्रश्न सूची जारी की जाएगी।



धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते कुलदीप सिंह पठानिया।

19 नवंबर को होगा प्राइवेट मेंबर डे

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया कहा कि 19 नवंबर को प्राइवेट मेंबर डे होगा। इस दिन विधायक नियम 101 के तहत प्रदेशहित से जुड़े विषयों पर प्रस्ताव ला सकते हैं। इसके माध्यम से सदस्य किसी नीति में बदलाव, नई व्यवस्था लागू करने या मौजूदा प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता को सदन के सामने रख सकते हैं।

नियम 62 के तहत 13 विषय एवं नियम 63 के अंतर्गत तीन

पठानिया ने बताया कि नियम 62 के तहत अब तक करीब 13 विषय प्राप्त हुए हैं, जबकि नियम 63 के अंतर्गत तीन विषय आए हैं। इनमें एक अल्पकालीन चर्चा और दो घंटे की चर्चा से संबंधित प्रस्ताव शामिल हैं। नियम 101 के तहत प्राइवेट मेंबर डे के लिए तीन सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इसके अलावा प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर दो से तीन घंटे की चर्चा के लिए भी नौ सूचनाएं विधानसभा सचिवालय को मिली हैं।

विधानसभा में केवल राज्य और जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही प्रवेश की अनुमति

मीडिया से बातचीत के दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधानसभा परिसर में मीडिया कवरेज को लेकर दिशा-निर्देश भी स्पष्ट किए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में केवल राज्य और जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाती है। इसके अलावा अन्य चैनलों के प्रतिनिधियों को भी निर्धारित नियमों के तहत परिसर में आने की अनुमति दी जाती है। हालांकि परिसर के भीतर मीडिया को केवल मौजूदा विधायकों की प्रेस कॉन्फ्रेंस, बाइट और इंटरव्यू करने की अनुमति होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पूर्व विधायक या अन्य व्यक्ति को विधानसभा परिसर के भीतर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने अथवा मीडिया को बाइट देने की अनुमति नहीं होगी। मीडिया संस्थान भी परिसर के अंदर मौजूदा विधायकों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का इंटरव्यू नहीं कर सकेंगे। हालांकि परिसर से बाहर मीडिया अपनी सामान्य कार्यप्रणाली के तहत किसी का भी इंटरव्यू कर सकता है।

यूएन में मौत की सजा देने के खिलाफ प्रस्ताव पारित

भारत-अमेरिका समेत 33 देशों ने किया विरोध

एजेंसी, न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया भर में मौत की सजा पर रोक लगाने का प्रस्ताव पारित हो गया है। शुक्रवार को हुए मतदान में 133 देशों ने इसके समर्थन में वोट दिया, जबकि भारत समेत 33 देशों ने विरोध किया। 16 देश वोटिंग से दूर रहे। भारत ने कहा कि दुनिया में मौत की सजा खत्म करने को लेकर कोई सहमति नहीं है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दी जाने वाली फांसी को 'सरकार की ओर से की गई हत्या' कहना गलत है। यह प्रस्ताव मेक्सिको ने पेश किया था। इसमें सभी देशों से फांसी पर रोक लगाने और धीरे-धीरे मौत की सजा खत्म करने की अपील की गई थी। भारत के अलावा अमेरिका, चीन, पाकिस्तान, जापान, ईरान और सऊदी अरब ने भी इसका विरोध किया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की प्रतिनिधि भाविका मंगलानंदन ने गैरकानूनी हत्याओं के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन मौत की सजा को यातना बताने वाले हिस्से से असहमति जताई। संयुक्त राष्ट्र में भारत की प्रतिनिधि भाविका मंगलानंदन ने गैरकानूनी हत्याओं के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन मौत की सजा को यातना बताने पर असहमति जताई।

हर देश को अपना कानून बनाने का अधिकार : भारत



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने कहा कि दुनिया के देशों के बीच मौत की सजा खत्म करने पर कोई सहमति नहीं है। हर देश को अपने कानून और सजा तय करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय कानून कुछ शर्तों के साथ मौत की सजा देने की इजाजत देता है। भारत में पूरी कानूनी प्रक्रिया के बाद ही यह सजा दी जाती है। ऐसे में इसे सरकार की ओर से की गई हत्या कहना गलत है।' भाविका ने यह भी कहा कि कुछ लोग अपनी निजी सोच को अंतरराष्ट्रीय कानून के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रहे हैं।

बुजुर्गों के इलाज को मिलेगी नई विशेषज्ञ सुविधा


आईजीएमसी, टांडा और नेरचौक मेडिकल कॉलेज में खुलेंगे जेरियाट्रिक मेडिसिन विभाग

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल को नई मजबूती मिलने जा रही है। बढ़ती उम्र के साथ शरीर में होने वाले बदलावों, गंभीर बीमारियों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

सरकार ने आईजीएमसी शिमला, डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा और श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नेरचौक में जेरियाट्रिक मेडिसिन विभाग स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है। इन विभागों के संचालन के लिए आवश्यकतानुसार सहायक प्रोफेसर और सीनियर रेजिडेंट के पद भी सृजित कर भरने की स्वीकृति दी गई है।

स्वस्थ वृद्धावस्था की दिशा में बड़ा कदम : सीएम



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को उम्र के इस पड़ाव में विशेष देखभाल, भावनात्मक सहयोग और व्यापक स्वास्थ्य सुविधाओं की जरूरत होती है। तीन प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों में इन विभागों की स्थापना से बुजुर्गों को विशेषज्ञ उपचार मिलेगा और प्रदेश में वृद्धावस्था चिकित्सा सेवाओं का दायरा विस्तृत होगा। साथ ही चिकित्सा विशेषज्ञों के प्रशिक्षण और दक्षता विकास के नए अवसर भी तैयार होंगे।

जानकारी के अनुसार इस पहल से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को उम्र से संबंधित बीमारियों के उपचार के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब बुजुर्गों की

सहायक प्रोफेसर, सीनियर रेजिडेंट के पद भरे जाएंगे

स्वास्थ्य समस्याओं को केवल अलग-अलग बीमारियों के नजरिये से नहीं, बल्कि उनकी शारीरिक क्षमता, मानसिक स्थिति, मनोवैज्ञानिक जरूरतों और सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर समझने और उपचार करने की व्यवस्था विकसित होगी। जेरियाट्रिक मेडिसिन चिकित्सा विज्ञान की ऐसी विशेषज्ञ शाखा है, जिसमें वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों की पहचान, रोकथाम, उपचार और बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में किया फेरबदल

7 एचपीएएस अधिकारियों के तबादले

अनंत ज्ञान

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था में फेरबदल करते हुए हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) के सात अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती के आदेश जारी किए हैं। कार्मिक विभाग की ओर से 14 नवंबर 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार ये सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। राज्यपाल की ओर से जारी आदेशों के तहत अधिकारियों को विभिन्न विभागों और जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

नई तैनाती के आदेश भी जारी

इन अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

अधिसूचना के अनुसार सिद्धार्थ आचार्य (एचपीएएस 2013) को भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वह वर्तमान में तैनाती की प्रतीक्षा कर रहे थे। राजिंदर कुमार गौतम (एचपीएएस 2022) को सचिवालय प्रशासन विभाग में उप सचिव नियुक्त किया गया है। वह भी वर्तमान में तैनाती की प्रतीक्षा कर रहे थे। संजीव ठाकुर (एचपीएएस 2022), जो ज्वालामुखी जिला कांगड़ा में एसडीओ (सिविल) के पद पर कार्यरत थे, उन्हें धर्मशाला में जिला पर्यटन विकास अधिकारी कांगड़ा नियुक्त किया गया है। वह विनय धीमान (एचपीएएस 2008) का स्थान लेंगे। संजीव ठाकुर को आगे की तैनाती के लिए कार्मिक विभाग में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। बचित्तर सिंह (एचपीएएस 2023), जो मंडी जिले के बालीचौकी में एसडीओ (सिविल) के पद पर कार्यरत थे, उन्हें ज्वालामुखी जिला कांगड़ा में एसडीओ (सिविल) लगाया गया है।



रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, रणनीतिक जरूरत भी : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि रणनीतिक जरूरत भी है। यह बात रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि भारत ने मिसाइल विकास, नौसैनिक प्लेटफॉर्म, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, रडार प्रणालियों और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। ये उपलब्धियां देश के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, उत्पादन एजेंसियों और उद्योग जगत की बढ़ती तकनीकी क्षमता को दर्शाती हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गैर-विनाशकारी मूल्यांकन एवं सहायक तकनीकों पर आयोजित 36वें वार्षिक सम्मेलन और एयरोस्पेस क्षेत्र से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के रक्षा तंत्र में जैसे-जैसे आधुनिक और जटिल प्रणालियां शामिल हो रही हैं, वैसे-वैसे उनकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना भी बेहद जरूरी हो गया है। प्रत्येक महत्वपूर्ण सामग्री, कलपुर्जे, संयोजन और निर्माण प्रक्रिया को गुणवत्ता के सर्वोच्च मानकों पर खरा उतरना चाहिए।



रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति केवल इस बात से तय नहीं होती कि उसने कौन-सी तकनीक विकसित की है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि उस तकनीक से तैयार प्रणालियां कितनी गुणवत्तापूर्ण, भरोसेमंद और सुरक्षित हैं। रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में इसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि यहां किसी भी तरह की चूक के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता केवल निर्माण प्रक्रिया की एक औपचारिक जरूरत नहीं है, बल्कि यह सैन्य अभियानों की विश्वसनीयता और राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम आधार है।

नई दिल्ली में हिमाचल पवेलियन का शुभारंभ, पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पाद बने आकर्षण

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में चमका हिमाचल का हुनर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2026 में हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला और स्थानीय हुनर ने अपनी विशेष पहचान दर्ज कराई है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित हो रहे इस प्रतिष्ठित मेले में हिमाचल प्रदेश पवेलियन का शुभारंभ 15 नवंबर को प्रधान आवासीय आयुक्त अजय यादव ने किया।

पवेलियन में लगाए गए 15 स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पादों, प्राकृतिक वस्तुओं और स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है। हिमाचल के लगभग सभी जिलों से पहुंचे कारीगरों और उद्यमियों की भागीदारी ने इस आयोजन को प्रदेश की कला, संस्कृति और उद्यमिता का साझा मंच बना दिया है। जानकारी के अनुसार पवेलियन में भुट्टिको कुल्लू, हिम इरा, हिमाचल प्रदेश हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट्स और नूरपुर सिल्क मिल्स सहित कई प्रमुख संस्थान अपने उत्पादों के साथ मौजूद हैं। भुट्टिको और हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट्स के स्टॉलों पर स्थानीय बुनकरों की पारंपरिक शिल्पकला आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, वहीं नूरपुर सिल्क मिल्स के रेशमी उत्पाद भी आगंतुकों को लुभा रहे हैं। हिम इरा के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का अवसर मिला है। हिली बास्केट और गुलाब शॉल्स इंडस्ट्री भी अपने उत्पादों के जरिए हिमाचल के स्थानीय हुनर और नवाचार को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत कर रही हैं। प्राकृतिक, पर्यावरण के अनुकूल और स्थानीय स्तर पर तैयार उत्पादों के प्रति लोगों की दिलचस्पी इस बात का संकेत है कि पहाड़ी उत्पादों के लिए देशभर में बाजार की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

स्थानीय हुनर को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की पहल

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला हिमाचल के छोटे उद्यमियों, बुनकरों, कारीगरों और स्वयं सहायता समूहों के लिए केवल उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान और बाजार विस्तार का बड़ा अवसर भी बन रहा है। ऐसे आयोजनों से प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को नए ग्राहक, व्यापक बाजार और विपणन के नए रास्ते मिल सकते हैं। पहाड़ी शिल्प, रेशम, हथकरघा और स्थानीय उत्पादों की यह मौजूदगी हिमाचल की आर्थिक क्षमता के साथ उसकी सांस्कृतिक पहचान को भी देश के सामने प्रस्तुत कर रही है। उल्लेखनीय है कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 14 से 27 नवंबर, 2026 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है।

जनजातीय गौरव दिवस | पिछली सरकारों ने न आदिवासियों को समझा और न ही उनकी परवाह की : पीएम

नक्सली हिंसा से जनजातीय समाज को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने न तो आदिवासी समुदायों को समझा और न ही उनकी परवाह की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नक्सली हिंसा ने सबसे ज्यादा नुकसान जनजातीय समाज को पहुंचाया। 2014 में देश के करीब 125 जिले माओवादी और नक्सली हिंसा से प्रभावित थे। हर साल हजारों लोगों और आदिवासियों की जान जाती थी। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के आदिवासी समुदाय के लोगों से बातचीत भी की। यह कार्यक्रम आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के मौके पर आयोजित किया गया। इस दौरान आदिवासी समुदाय के लोगों ने प्रधानमंत्री को बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से उन्हें किस तरह फायदा मिला है। प्रधानमंत्री ने गुजरात के भरूच जिले की नेत्रंग तहसील के हथाकुंडी गांव के वजीर से गुजरात सरकार की 'न्यू गुजरात पैटर्न योजना' को लेकर बातचीत की। उन्होंने वजीर से पूछा कि आदिवासी समुदाय को पहले किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता था और इस योजना से उनकी जिंदगी में क्या बदलाव आया है। वजीर ने कहा, '2004 में मुझे गुजरात सरकार की न्यू गुजरात पैटर्न योजना के तहत ट्रेनिंग मिली थी। इसमें मुझे बांस से चीजें बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। मुझे पीएम-जनमन के तहत कई अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला है। मैं आपका, गुजरात सरकार और आपके नेतृत्व वाली भारत सरकार का दिल से धन्यवाद करता हूं।' इस पर पिछली यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'वजीर जी, आपको पता होगा कि अंग्रेजों ने एक बड़ी चाल चलते हुए बांस को पेड़ की श्रेणी में रख दिया था। इसके कारण जो भी बांस काटता था, उसे जेल में डाल दिया जाता था। आजादी के बाद इस कानून को खत्म कर देना चाहिए था। लेकिन अफसोस की बात है कि पिछली सरकारों में कुछ लोगों ने न तो आदिवासी समुदायों को समझा और न ही उनकी परवाह की।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन जब हमारी सरकार सत्ता में आई, तो हमने इस कानून को खत्म कर दिया और यह सुनिश्चित किया कि आदिवासियों को बांस पर पूरा अधिकार मिले।' महाराष्ट्र के यवतमाल के रहने वाले और पीएम-जनमन योजना के लाभार्थी कृष्णा नागोराव टेका ने भी प्रधानमंत्री से अपने अनुभव साझा किए।



173 परियोजनाओं के किए उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान करीब 3,000 करोड़ रुपए की लागत वाली 246 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य देशभर में आदिवासी समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार के साधनों और सामुदायिक बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। इनमें आदिवासी छात्रों के लिए 38 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत बनाए गए 100 बहुउद्देशीय केंद्र शामिल हैं। ये केंद्र सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने और सामुदायिक गतिविधियों के संचालन में मदद करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

मस्क के स्टारशिप ने रचा इतिहास

पहली बार स्पेस से लौटा रॉकेट लॉन्चिंग बेस पर कैच हुआ

एजेंसी, केप कैनवेरल

एलन मस्क की स्पेस कंपनी स्पेसएक्स के सबसे ताकतवर रॉकेट 'स्टारशिप 15' ने वो कर दिया जो आज तक किसी रॉकेट ने नहीं किया था। यह रॉकेट 14 नवंबर को स्टारबेस से उड़ा, ऑर्बिट में गया, 26 स्टारलिंक वी-3 सैटेलाइट डिप्लॉय किए। धरती के 14 चक्कर लगाए, करीब 22 घंटे पृथ्वी की कक्षा में रहा। 15 नवंबर को वापस आकर उसी टावर पर उतरा जहां से उड़ा था।

यानी 2 बड़े रोबोटिक हाथ, जिन्हें चॉपस्टिक आर्म्स भी कहते हैं, उन्होंने इस रॉकेट को पकड़ लिया। यह एक पूरा राउंड ट्रिप है। लॉन्च से ऑर्बिट में जाना और वापस उसी लॉन्च पैड पर आना। शिप का वापस आना ही सबसे मुश्किल हिस्सा था। बूस्टर पहले 3 बार कैच हो चुका है। शिप का ऑर्बिटल स्पीड से वापस आना, री-एंट्री झेलना, पलटना और हवा में रुककर आर्म्स में आना- ये पहले कभी नहीं हुआ था।

स्टारशिप की थी 15वीं टेस्ट फ्लाइट

स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। यह 'स्टारशिप' की 15वीं टेस्ट फ्लाइट थी। यह लॉन्च अमेरिका के टेक्सास स्थित स्टारबेस से भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह 4:15 बजे लॉन्च की गई है। स्पेसएक्स के मुताबिक अंतरिक्ष यान के सभी हिस्से, जिसमें इसकी महत्वपूर्ण 'हीट शील्ड' भी शामिल है, ठीक से काम करती दिखी।



बूस्टर असफल हुआ लेकिन मिशन नहीं रुका

स्पेसएक्स का प्लान 'डबल कैच' था। यानी बूस्टर भी वापस आए और यान भी, लेकिन बूस्टर में वापस आते वक्त टेक्निकल दिक्कत आई। कंट्रोलर ने उसे टावर से हटाकर गल्फ ऑफ मेक्सिको की तरफ डायवर्ट कर दिया, जहां वो फट गया। ये वी-3 बूस्टर था। वापस आते वक्त बूस्टर के इंजन बहुत जल्दी बंद हो गए। बूस्टर के गाइडेंस सिस्टम को लगा कि वो सही पोजिशन में नहीं है, इसलिए उसने अपने आप पानी की तरफ डायवर्जन और सेल्फ-डिस्ट्रक्शन शुरू कर दिया।

पंचायतों के बजट पर बदला वित्तायोग का फॉर्मूला

50 फीसदी राशि पेयजल और स्वच्छता पर होगी खर्च, बाकी से निपटेंगी स्थानीय जरूरतें

अनंत ज्ञान

◆50:50 के नए फार्मूले से फंसे कई विकासात्मक कार्य

◆3,758 पंचायतों के सामने नई वित्तीय व्यवस्था की चुनौती

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज व्यवस्था के सामने उपलब्ध होने वाली धनराशि को स्थानीय जरूरतों के अनुसार खर्च करने की चुनौती भी खड़ी हो गई है। 16वें वित्तायोग के तहत लागू 50:50 का नया फार्मूला पंचायतों की विकास योजनाओं का स्वरूप बदलने जा रहा है। एक ओर पेयजल, जल संरक्षण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों के लिए धनराशि निर्धारित रहेगी। वहीं, दूसरी ओर गांवों की दूसरी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पंचायतों को सीमित अनटाइड राशि के भीतर ही प्राथमिकताएं तय करनी होंगी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या नई वित्तीय व्यवस्था ग्रामीण विकास की वास्तविक जरूरतों और पंचायतों की स्थानीय प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बना पाएगी?

जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के तहत अनुदान राशि का आधा हिस्सा टाइड मद में रखा गया है। इसका उपयोग पेयजल आपूर्ति, जल संरक्षण और स्वच्छता से संबंधित कार्यों पर ही किया जा सकेगा। शेष 50 प्रतिशत अनटाइड राशि पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार खर्च करने की छूट होगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य निर्धारित बुनियादी सेवाओं पर निवेश सुनिश्चित करना है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में हर पंचायत की भौगोलिक परिस्थितियां और विकास संबंधी समस्याएं एक जैसी नहीं हैं। कहीं संपर्क मार्गों की मरम्मत प्राथमिकता है, कहीं नालियों और निकासी व्यवस्था की जरूरत है, जबकि कई गांवों में स्ट्रीट लाइट और सार्वजनिक भवनों का सुधार लंबे समय से अपेक्षित है। ऐसे में पंचायतों के सामने उपलब्ध धनराशि को अलग-अलग जरूरतों के बीच संतुलित करने का दबाव रहेगा।

इस वित्तीय ढांचे का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि पंचायतों को अब केवल विकास कार्यों की सूची तैयार करने से काम नहीं चलेगा। उन्हें प्रत्येक कार्य को निर्धारित वित्तीय श्रेणी के अनुरूप रखना होगा। टाइड और अनटाइड मदों के बीच स्पष्ट अंतर के चलते योजना निर्माण, कार्यों की स्वीकृति, भुगतान और लेखा प्रबंधन में अधिक सावधानी बरतनी होगी। यदि पंचायत स्तर पर तकनीकी और वित्तीय समझ कमजोर रही तो योजनाओं के चयन से लेकर उनके क्रियान्वयन तक कठिनाइयां पैदा हो सकती हैं। इसका असर विशेष रूप से उन छोटी पंचायतों पर पड़ सकता है, जहां सीमित प्रशासनिक संसाधनों के साथ कई जिम्मेदारियां निभाई जाती हैं।

इस पूरी व्यवस्था के बीच 14वें वित्तायोग की बची हुई राशि का मामला भी पंचायती राज विभाग के लिए महत्वपूर्ण रहा है। केंद्र सरकार ने 16वें वित्तायोग की राशि जारी करने से पहले पुरानी धनराशि का पूरा उपयोग, वर्ष पुस्तिका और कैश बुक बंद करने, ऑनलाइन ऑडिट पूरा करने और समर्थ पोर्टल पर पंचायतों की आय का पूरा विवरण दर्ज करने जैसी शर्तें रखी थीं। प्रदेश की 34 पंचायतों के पास करीब एक लाख रुपए की पुरानी राशि शेष होने के कारण उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा करवाने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। विभाग ने संबंधित राशि विकास कार्यों पर खर्च करवाकर अगस्त में लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्र केंद्रीय मंत्रालय को भेज दिए थे।

हजारों पंचायतों पर भारी पड़ेगी नई वित्तीय प्रबंधन की चुनौती

वित्तीय प्रबंधन की यही चुनौती अब प्रदेश की हजारों पंचायतों के सामने नए रूप में आने वाली है। 16वें वित्तायोग की सिफारिशों के अनुसार हिमाचल की 3,758 पंचायतों को पांच वर्षों में कुल 3,744 करोड़ रुपए मिलने हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 481 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस राशि का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे विकास कार्यों का सीधा संबंध लोगों की रोजमर्रा की सुविधाओं से है। हालांकि पहली किस्त जारी नहीं होने के कारण पंचायतों की वित्तीय योजना प्रभावित हो रही है।

वोट चोरी के मुद्दे पर भाजपा पर बरसीं रजनी पाटिल

परागपुर में कांग्रेस की जनसभा, 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से जुटने का आह्वान

अनंत ज्ञान



रजनी पाटिल को सम्मानित करते हुए मनकोटिया।

प्रवेश शर्मा, परागपुर। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर वोटों की हेराफेरी और चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के प्रयासों का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस समय रंगा-बिल्ला का शासन चल रहा है और अगर इन्हें समय रहते सबक नहीं सिखाया गया तो देश को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यह सीधा हमला उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर बोला।

परागपुर स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में वोट चोरी के विरोध में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पाटिल ने कहा कि हिमाचल में भी खरीद-फरोख्त के जरिए कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई, लेकिन जनता और कार्यकर्ताओं की एकजुटता से यह साजिश नाकाम रही।

उन्होंने सांसद अनुराग ठाकुर और कंगना रनौत पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों नेता जनहित के मुद्दों के बजाय राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ बयानबाजी में व्यस्त हैं। उन्होंने बेरोजगारी और युवाओं से किए गए रोजगार के वादों को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत जनता के बीच पहुंच रही है। उन्होंने भाजपा पर वोटों की हेराफेरी के जरिए विभिन्न राज्यों में सरकारें बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर तैयारी करने का आह्वान किया। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुरिंद्र मनकोटिया ने कहा कि युवाओं की अनुपस्थिति वाले कार्यक्रम को युवा आक्रोश रैली का नाम देना हास्यास्पद है। रजनी पाटिल ने कार्यकर्ताओं से जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

2027 में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार: रजनी पाटिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने दावा किया है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और इसका फायदा पार्टी को मिलेगा। वह धर्मशाला में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत आयोजित बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

पाटिल ने कहा कि कांग्रेस देशभर में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान चला रही है। इसके तहत प्रत्येक जिले में बैठकें कर पार्टी पदाधिकारियों से संवाद किया जा रहा है। धर्मशाला में हुई बैठक में जिला कांग्रेस पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। विपक्ष के कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने के दावे पर उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बयानबाजी करते रहते हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी भाजपा के खिलाफ मजबूती से लड़ रही है। उन्हें विश्वास है कि जनता कांग्रेस का साथ देगी और हिमाचल में दोबारा सरकार बनाएगी। सोनिया गांधी की पुस्तक के विमोचन पर उन्होंने कहा कि यह बेहद सुंदर पुस्तक है। इसमें सोनिया गांधी ने अपने जीवन के अनुभवों और व्यक्तिगत संघर्षों को खुलकर साझा किया है।

मौसम ने बदली करवट, बर्फबारी-बारिश से बढ़ी ठंड

अनंत ज्ञान

मौसम के बदले मिजाज से कुल्लू-लाहौल में पर्यटन कारोबार में उछाल, रोहतांग में उमड़े हजारों पर्यटक



कमलेश वर्मा/एम बोकटापा, केलांग/मनाली। कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में मौसम ने करवट लेते ही अपने तेवर तीखे कर लिए हैं। रविवार को दोनों जिलों के ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश होने से मौसम सुहाना होने के साथ-साथ कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है।

रविवार को रोहतांग दर्रा सहित शिंकुला, कुंजम और बारालाचा में बर्फ का दीदार करने के लिए हजारों पर्यटक पहुंचे। वीकेंड पर हुई इस ताजा बर्फबारी ने पर्यटकों में भारी उत्साह भर दिया है, जिससे सूने पड़े पर्यटन स्थलों पर एक बार फिर बहार लौट आई है। रविवार को अकेले रोहतांग दर्रे पर 923 पर्यटक वाहनों में सवार होकर करीब 6 हजार पर्यटक पहुंचे और उन्होंने बर्फ के बीच जमकर मस्ती की। बर्फ की सफेद चादर से ढका रोहतांग इन दिनों सैलानियों की पहली पसंद बना हुआ है।

पर्यटन व्यवसायियों का कहना है कि पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के बाद मनाली के पर्यटन कारोबार में बड़ा उछाल आया है। होटलियर एसोसिएशन और टैक्सी यूनियन के अनुसार, पिछले तीन-चार दिनों से होटलों की ऑक्यूपेंसी जो पहले 20 से 25 प्रतिशत थी, वह बढ़कर सीधे 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

मनाली होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि आने वाले दिनों में पर्यटकों का यह आंकड़ा और अधिक बढ़ सकता है। ग्रीन टैक्स बैरियर के आंकड़ों के मुताबिक, इन दिनों प्रतिदिन डेढ़ हजार से अधिक बाहरी राज्यों के पर्यटक वाहन मनाली पहुंच रहे हैं। वहीं, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिला में मौसम के करवट लेते ही कड़ाके की ठंड के बीच पर्यटन कारोबार में जबरदस्त उछाल आया है। वहीं, जलोड़ी दर्रे पर ताजा हिमपात के कारण आनी-कुल्लू एनएच-305 सड़क मार्ग जलोड़ी दर्रे से सोझा के मध्य वाहनों की आवाजाही के लिए अस्थायी तौर पर अवरुद्ध हो गया है।

उधर, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में सड़कों की स्थिति को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार लाहौल उपमंडल में लोक निर्माण विभाग की 16 सड़कें अभी भी बंद हैं, जबकि स्पीति और उदयपुर उपमंडल में सड़क यातायात पूरी तरह सामान्य है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के मार्गों पर यातायात कुछ निर्धारित शर्तों और समय-सीमा के साथ जारी है।

कुसुम्पटी में करवाए 800 करोड़ के विकास कार्य: अनिरुद्ध सिंह

गुम्मा मेले के समापन पर बोले मंत्री, गांव-गांव तक सड़क पहुंचाना प्राथमिकता

अनंत ज्ञान



गुम्मा मेले के समापन समारोह में उपस्थिति को संबोधित करते मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में अब तक करीब 800 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए जा चुके हैं। प्रत्येक गांव और घर तक सड़क सुविधा पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। वह रविवार को गुम्मा विकास खंड में आयोजित दो दिवसीय गुम्मा मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

मंत्री ने कहा कि गुम्मा में सामुदायिक केंद्र के निर्माण के लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे लोगों को विवाह और अन्य सामाजिक समारोहों के आयोजन के लिए सुविधा मिलेगी। प्रस्तावित खेल मैदान और युवक मंडल भवन के लिए वन अधिकार अधिनियम के तहत दस्तावेज तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बरसात में क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के लिए एस्टीमेट तैयार करने और कौशल राम के गांव तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा। जिन सड़कों की वन स्वीकृति संबंधी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, उनके एस्टीमेट भी जल्द तैयार किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से सड़क निर्माण के लिए भूमि संबंधी विवाद आपसी सहमति से सुलझाने की अपील की।

स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंत्री ने मशोबरा और बसंतपुर अस्पतालों के उन्नयन की मांगों का निर्धारित मानकों के अनुसार अध्ययन करवाने तथा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया। पेयजल संकट से प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

मंत्री ने मेला समिति को 20 हजार रुपए देने की घोषणा की। मेले में वॉलीबॉल की 18 और कबड्डी की 12 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंचायत समिति अध्यक्ष तारा चंद, जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश और पंचायत प्रधान मीरा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एचआरटीसी बस खरीद मे शीतकालीन सत्र में सरकार को घेरेगी भाजपा : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆297 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद प्रक्रिया पर मांगा जवाब



सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में एचआरटीसी की 297 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद का मामला गरमाने के आसार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बस खरीद प्रक्रिया में कथित धांधली और नियमों में किए गए बदलावों को लेकर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि सरकार को सदन में जवाब देना होगा कि निर्धारित शर्तों के अनुसार 80 स्पेसिफिक रूटों पर सफल ट्रायल पूरा होने से पहले ही बसों की आपूर्ति कैसे कर दी गई। आखिर किन लोगों के दबाव में ट्रायल से जुड़े रूटों को टेंडर से हटाया गया और आपूर्तिकर्ता कंपनी को नियमों से हटकर बसें पहुंचाने की छूट किसने दी? जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि बस खरीद में नियमों को इस तरह बदला गया, जिससे कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने की आशंका पैदा होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से हिमाचल ऑन सेल अभियान को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की और कहा कि भाजपा प्रदेश की धरोहरों को बिकने नहीं देगी।

जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि इलेक्ट्रिक बसों के ट्रायल के लिए निर्धारित शर्तों के अनुसार 180 किलोमीटर की यात्रा के बाद भी बैटरी में 20 प्रतिशत क्षमता शेष रहनी जरूरी थी, जबकि कई बसें 150 किलोमीटर के आसपास ही जवाब देने लगीं। इसके बावजूद बसों की आपूर्ति किए जाने और ट्रायल में सामने आई खामियों के बाद निर्धारित रूटों को हटाने के प्रयासों पर उन्होंने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में रूट हटाने का प्रस्ताव भी लाया गया था, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद कथित तौर पर टेंडर की शर्तों में बदलाव कर ट्रायल में असफल रहे रूटों को बाहर कर दिया गया। अब नई बसों के हांफने, उन्हें वापस बुलाए जाने और कई रूटों पर सेवाएं प्रभावित होने से खरीद प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने यह भी पूछा कि बसों का विभिन्न डिपो में वितरण किस आधार पर किया गया, चीनी कंपनी बीवाईडी से जुड़ी आपूर्तिकर्ता कंपनी से खरीद क्यों की गई और भविष्य में इलेक्ट्रिक बसों के रखरखाव के लिए प्रदेश अपना मजबूत तंत्र क्यों विकसित नहीं कर रहा है।

कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सरकार को घेरा

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और कर्मचारियों के मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारी, पेंशनर, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग, किसान और बागवान सरकार से निराश हैं। चुनावी गारंटियों पर भी सरकार जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में भाजपा इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। एचआरटीसी बस खरीद मामले में भी सरकार से जवाब मांगा जाएगा। बसों की गुणवत्ता, ट्रायल और आपूर्ति की जिम्मेदारी तय करने के साथ खरीद से जुड़े दस्तावेज और फैसले सदन में उठाए जाएंगे।

कुल्लू में शराब ठेके से पकड़ी अवैध शराब की 80 पेटियां

◆बिना विभागीय पास के लाई गई थीं 64 पेटियां अंग्रेजी शराब और 16 पेटियां बीयर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कुल्लू जिला मुख्यालय के एक शराब ठेके में अवैध तरीके से शराब खपाने का बड़ा मामला सामने आया है। आबकारी एवं कराधान विभाग ने गेमन पुल के समीप स्थित ठेके पर अचानक दबिश देकर अंग्रेजी शराब की 64 और बीयर की 16 पेटियां जब्त की हैं। खास बात यह है कि इस शराब का कोई भी विभागीय पास या परमिट नहीं कटवाया गया था, जिससे ठेकेदार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार, विभाग को ठेके में लाई गई शराब के दस्तावेजों और परमिट को लेकर अनियमितता मिली। जांच के दौरान सामने आया कि ठेके में पहुंचाई गई शराब का विभागीय पास नहीं कटवाया गया था। इसके बाद आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए शराब और बीयर की कुल 80 पेटियां जब्त कर लीं।

राज्य कर एवं आबकारी विभाग कुल्लू एवं लाहुल स्पीति उपायुक्त गगनेश गुप्ता ने पुष्टि करते हुए बताया कि ठेके में लाई गई शराब का पास नहीं काटा गया था, जिसके चलते इसे अवैध मानते हुए जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई कर रहा है। जिला मुख्यालय के शराब ठेके में ही इस तरह की अनियमितता सामने आने से शराब कारोबार की निगरानी और विभागीय नियमों के पालन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं

महाराणा प्रताप का शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति पीढ़ियों के लिए शाश्वत प्रेरणा : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान



विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को कर्नाटक के विजयपुरा जिले के तालिकोटी में राजपूत समाज एवं स्थानीय निवासियों द्वारा आयोजित भव्य समारोह में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया।

इस अवसर पर अनुराग ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन धर्म, मातृभूमि और स्वाभिमान की रक्षा के लिए किए गए अद्वितीय संघर्ष, त्याग और शौर्य की अमर गाथा है। उन्होंने राजमहलों का वैभव त्यागकर जंगलों में कठिन जीवन व्यतीत किया, लेकिन अपने सिद्धांतों और स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता रहेगा।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चेन्नम्मा और राजा कृष्णदेवराय जैसे महान नायकों ने सनातन संस्कृति, राष्ट्रधर्म और मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इन महापुरुषों ने समाज को एकजुट कर विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष किया।

ठाकुर ने इतिहास लेखन में भारतीय वीर योद्धाओं के योगदान की अनदेखी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आक्रांताओं का महिमामंडन और भारतीय शासकों के शौर्य को नजरअंदाज करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजपूत होना केवल एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि समाज सेवा, राष्ट्र रक्षा और सनातन धर्म के संरक्षण का दायित्व भी है।

वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें विदेशी समर्थन के सहारे देश के लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। चुनावी जनादेश पर सवाल उठाने वालों को आत्ममंथन करना चाहिए। जनता का विश्वास सामाजिक माध्यम की छोटी वीडियो और स्वयं चित्र से नहीं, बल्कि जनसेवा और कार्यों से जीता जाता है।

उन्होंने कहा कि मुगल और अंग्रेज आए और चले गए, लेकिन सनातन संस्कृति सदियों से अडिग है और सदैव अक्षुण्ण रहेगी। उन्होंने देशवासियों से राष्ट्रहित में एकजुट होकर भारत की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का आह्वान किया।

रोड़ा में 3.50 करोड़ से बनेगा वीर सैनिक सामुदायिक भवन : मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री ने रखी आधारशिला, सैनिकों के सुझावों से विकसित होगा परिसर

अनंत ज्ञान



वीर सैनिक भवन का शिलान्यास करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के रोड़ा में 3.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले वीर सैनिक सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। भवन में सैनिकों और पूर्व सैनिकों को बैठकों, सामाजिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों के लिए स्थायी स्थान मिलेगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह भवन वीर सैनिकों के सम्मान और उनके योगदान को समर्पित होगा। इसका निर्माण सैनिकों और पूर्व सैनिकों की जरूरतों एवं सुझावों के अनुसार किया जाएगा। परिसर में पार्किंग, स्मृति पट्टिकाओं और सैनिक दिवस जैसे आयोजनों के लिए भी व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि रोड़ा से रामपुर पुल होते हुए रेस्ट हाउस तक के क्षेत्र को विकास पथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां 22 करोड़ रुपए से हेलीपोर्ट, 10 करोड़ रुपए से सिंथेटिक ट्रैक और 13.50 करोड़ रुपए से मेला मैदान का निर्माण किया जा रहा है। सिंथेटिक ट्रैक से सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को अभ्यास की सुविधा मिलेगी।

उपमुख्यमंत्री ने सैनिकों से भवन के निर्माण के लिए सुझाव देने का आग्रह किया और आश्वासन दिया कि उनके सम्मान और कल्याण के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने प्रोफेसर सिमी अग्निहोत्री की ओर से भवन निर्माण के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर जिला सैनिक लीग के अध्यक्ष कैप्टन शक्ति चंद सहित सेना के पूर्व अधिकारी, लीग सदस्य, कांग्रेस पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

राजनीति महिला वोट बैंक पर कांग्रेस का बड़ा दांव, 3.50 लाख महिलाओं को हर महीने मिलेगी आर्थिक सहायता

हिमाचल में 1500 रुपए से आधी आबादी को साधने में जुटी सुक्खू सरकार

अनंत ज्ञान

◆साल 2022 की गारंटी को अमलीजामा पहनाकर चुनावी भरोसा जीतने की कोशिश



सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की सियासत में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट अभी से सुनाई देने लगी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने के फैसले से राजनीतिक बिसात पर नया दांव चल दिया है। यह पहल आर्थिक सहायता से कहीं आगे बढ़कर सत्ता के भविष्य, महिला मतदाताओं के विश्वास और कांग्रेस-भाजपा के बीच नए सियासी मुकाबले का केंद्र बनती दिखाई दे रही है।

सूत्रों के अनुसार राज्य में महिलाओं का मत हमेशा सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने का महत्वपूर्ण रास्ता रहा है। इसी चुनावी हकीकत को ध्यान में रखते हुए सुक्खू सरकार ने 'अपना परिवार, सुखी परिवार' योजना के तहत 3.50 लाख पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने का निर्णय लिया है। कांग्रेस ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में अपनी दस गारंटियों के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का वादा किया था। अब सरकार अपने कार्यकाल के चौथे वर्ष में इस घोषणा को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। इसके साथ ही 59 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता भी 1050 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह करने का फैसला लिया गया है।

मुख्यमंत्री का दावा है कि सरकार ने जनता से किए सभी दस वादे पूरे किए हैं। ऐसे में इस योजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ कांग्रेस की राजनीतिक विश्वसनीयता से जोड़कर भी देखा जा रहा है।

प्रदेश की चुनावी तस्वीर में महिला मतदाताओं की ताकत को आंकड़ों के आईने में भी देखा जा सकता है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में हिमाचल में कुल 55,92,828 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 27,37,845 महिलाएं शामिल थीं। कुल मतदाताओं में महिलाओं की हिस्सेदारी करीब 48.95 प्रतिशत थी। मतदान के दौरान महिलाओं ने अपनी भागीदारी से इस ताकत को और स्पष्ट किया। कुल 42,38,412 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिनमें 21,01,674 महिलाएं और 20,20,509 पुरुष शामिल थे। यानी पुरुषों की तुलना में 81,165 अधिक महिलाओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। ये आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल की सियासत में महिला मतदाता सत्ता का समीकरण बदलने की सामर्थ्य भी रखती हैं। यही कारण है कि मिशन 2027 की तैयारी में जुटी कांग्रेस और भाजपा दोनों की निगाहें आधी आबादी के समर्थन पर टिकी हैं। इस बीच 1500 रुपए की आर्थिक सहायता को लेकर राजनीतिक तल्खी भी बढ़ने लगी है।

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने वर्ष 2022 में 18 से 59 वर्ष की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन अब चार साल बाद पात्रता की शर्तें लगाकर इसका दायरा सीमित कर दिया गया है। उनका सवाल है कि प्रदेश में इस आयु वर्ग की करीब 28 लाख महिलाएं हैं तो सरकार केवल साढ़े तीन लाख महिलाओं को ही इस योजना के दायरे में क्यों ला रही है। उन्होंने सरकार से यह भी स्पष्ट करने की मांग की है कि घोषित 3.50 लाख का आंकड़ा पात्र महिलाओं का है या परिवारों का। दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुक्खू इस फैसले को महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बता रहे हैं।

मिशन 2027 में आधी आबादी तय करेगी सत्ता का भविष्य

आने वाले विधानसभा चुनाव में इस योजना का कितना राजनीतिक असर दिखाई देगा, इसका फैसला समय और जनता का रुख करेगा। कांग्रेस के लिए चुनौती यह होगी कि आर्थिक सहायता का लाभ पात्र महिलाओं तक पारदर्शी ढंग से पहुंचे और सरकार अपने फैसले को भरोसे में बदल सके। वहीं भाजपा इस मुद्दे को अधूरी गारंटी और सीमित लाभार्थियों के सवाल के रूप में चुनावी मैदान में उतार सकती है। ऐसे में सूबे की राजनीति में महिला मतदाताओं की सक्रियता को देखते हुए दोनों दलों के लिए उनका समर्थन हासिल करना आसान चुनौती नहीं होगी। फिलहाल 1500 रुपए की मासिक सहायता ने चुनाव से पहले ही सियासी हलचल बढ़ा दी है। अब देखना यह होगा कि सुक्खू सरकार का यह दांव कांग्रेस के लिए सत्ता की राह प्रशस्त करता है या भाजपा को सरकार की घेराबंदी का नया अवसर देता है।

न्यूज ब्रीफ

ढलियारा के तीखे मोड़ पर खाई में गिरा तारकोल से लदा ट्रक, चालक घायल



अनंत ज्ञान, परागपुर/देहरा। राष्ट्रीय राजमार्ग-503 पर ढलियारा के तीखे मोड़ पर शनिवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ। भरवाई से देहरा की ओर जा रहा आठ टायर वाला तारकोल से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर 20 से 25 फुट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक में भरा तारकोल राधा स्वामी सत्संग घर के मैदान में फैल गया। स्थानीय लोगों ने घायल चालक को एंबुलेंस से नागरिक अस्पताल देहरा पहुंचाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों ने दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए प्रशासन से ढलियारा मोड़ का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

भाजपा एसटी मोर्चा ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



अनंत ज्ञान, पालमपुर। भाजपा संगठनात्मक जिला कार्यालय पालमपुर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर एसटी मोर्चा ने जिला अध्यक्ष रोहित कपूर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रदेश भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने बिरसा मुंडा के संघर्ष, बलिदान और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए किए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया। रोहित कपूर ने कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत करने और 2027 विधानसभा चुनावों में पालमपुर जिले की चारों सीटें जीतने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

भुआना में सूखा चीड़ का पेड़ गिरने से बिजली का खंभा टूटा, दोपहिया वाहन चालक घायल



अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। ब्लॉक पंचरुखी की भुआना पंचायत में प्राइमरी स्कूल के पास चीड़ का सूखा पेड़ गिरने से बिजली का खंभा टूटकर सड़क पर गिर गया। हादसे में एक दोपहिया वाहन चालक को मामूली चोटें आईं और कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत तारें काटकर खंभे को सड़क से हटाया। पेड़ के नीचे खड़े ट्रक और कार को नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ों को जल्द कटवाने की मांग की है।

सूर्य उपासना के महत्व से रू-ब-रू हुए श्रद्धालु

अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से मटौर (कांगड़ा) में छठ महापर्व के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी मनप्रीत ने भजनों के गायन से किया। स्वामी हरिशानंद ने प्रवचनों में भारतीय संस्कृति में पर्वों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छठ महापर्व सूर्य उपासना का विशेष पर्व है। अस्त होते और उदित होते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा जीवन में हर अवस्था का सम्मान करने का संदेश देती है।

विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने की समीक्षा बैठक

तपोवन विधानसभा में सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम, सीसीटीवी व ड्रोन से होगी निगरानी

- अधिकारिओं को जारी किए दिशा-निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने रविवार को धर्मशाला के तपोवन विधानसभा परिसर में शीतकालीन सत्र की तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों को लेकर समीक्षा बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और भवन की मरम्मत व साफ-सफाई का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सत्र में आने वाले पक्ष और विपक्ष के विधायकों, उनके स्टाफ और पीएसओ के ठहरने की व्यवस्था जिला प्रशासन करेगा।



अनंत ज्ञान

तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों को लेकर समीक्षा बैठक करते कुलदीप।

विधानसभा सचिवालय के 70 अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और शिमला से आने वाले पत्रकारों के ठहरने का प्रबंध भी किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी जिलाधीश कांगड़ा को सौंपी गई है। कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का जिम्मा पुलिस अधीक्षक कांगड़ा संभालेंगे। विधानसभा परिसर में पार्किंग के लिए मंत्रियों, मुख्य संसदीय सचिवों, विधायकों, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और प्रशासनिक सचिवों को ही पार्किंग स्टीकर जारी होंगे। अन्य विभागीय वाहनों को ड्रॉपिंग पास दिए जाएंगे। गेट नंबर एक से विशिष्ट पदाधिकारियों के वाहनों और गेट नंबर दो से अन्य पासधारक वाहनों को प्रवेश मिलेगा। सदन की कार्यवाही देखने आने वाले आगंतुकों को दर्शक दीर्घा में उपलब्ध स्थान के अनुसार पास जारी होंगे। उनका प्रवेश गेट नंबर सात से होगा, जबकि मीडिया कर्मियों को गेट नंबर एक और पांच से प्रवेश मिलेगा। पठानिया ने कहा कि सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। सभी पासधारकों को अपने पास प्रदर्शित करने होंगे। पास किसी अन्य व्यक्ति को देने पर कानूनी कार्रवाई होगी। आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस, डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा। विधानसभा भवन के भीतर मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

शीतकालीन सत्र से पहले आरएस बाली ने भाजपा पर बोला हमला

अनंत ज्ञान

- कहा- भाजपा सदन में चर्चा से भागने के बजाय जनता के मुद्दे उठाए

ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला में 16 नवंबर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले नगरोटा बगवां के विधायक एवं एचपीटीडीसी चेयरमैन आरएस बाली ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विधानसभा जनता के मुद्दों पर चर्चा का मंदिर है, लेकिन विपक्ष चर्चा करने के बजाय बार-बार वॉकआउट करता है। धर्मशाला में शीतकालीन सत्र की परंपरा और विधानसभा भवन का निर्माण कांग्रेस की देन है। धर्मशाला के भाजपा विधायक की बयानबाजी पर तंज कसते हुए बाली ने कहा कि कांग्रेस में रहते हुए संबंधित विधायक सरकार की तारीफ करते थे, लेकिन भाजपा में जाने के बाद उनकी भूमिका बदल गई है।

गारंटियों को पूरा करने की दिशा में सरकार ने किया काम: बाली ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही ओपीएस लागू करने का निर्णय लिया था। महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी भी चरणबद्ध तरीके से शुरू की गई है और करीब साढ़े तीन लाख महिलाओं को इसका लाभ देने की दिशा में काम हुआ है।

शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए सुधार: पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के आरोपों पर बाली ने कहा कि सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश की रैंकिंग सुधरी है, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं में एमआरआई, सीटी स्कैन और रोबोटिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। सुंदर सिंह ठाकुर के बयान पर उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़े मामलों में अंतिम निर्णय हाईकमान लेता है। सुंदर सिंह ठाकुर कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक हैं और पार्टी में उनका पूरा सम्मान है।

कांगड़ा में जुटेगा प्रदेशभर के पेंशनर्स का हुजूम


राज्यस्तरीय 'अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस' समारोह में 17 दिसंबर को सीएम करेंगे शिरकत

- 2016 से 2022 के बीच रिटायर हुए कर्मियों को बकाया देनदारियों पर बड़ी घोषणा की आस
- राज्यस्तरीय महासम्मेलन की तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की एकजुटता और अधिकारों का महाकुंभ इस बार 17 दिसंबर को प्रदेश के सबसे बड़े जिले कांगड़ा में सजने जा रहा है। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित होने वाले इस राज्यस्तरीय 'अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस' समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष आत्मा राम शर्मा, महासचिव हुक्म सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश शर्मा और राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने संयुक्त बयान में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष बिलासपुर के घुमारवीं में हुए सफल आयोजन के बाद इस बार कांगड़ा में इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए कमर कस ली गई है। खास बात यह है कि इस समारोह में एसोसिएशन के सभी घटक संगठन 'पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट' के एक ही बैनर तले एकत्रित होकर अपनी सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि आर्थिक तंगी के बावजूद सुक्खू सरकार ने अधिकांश पेंशनर्स का रिवीजन एरियर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ग्रेच्युटी व लीव इनकैशमेंट का शत-प्रतिशत भुगतान कर सराहनीय कार्य किया है, जिसके लिए मंच से मुख्यमंत्री का आभार जताया जाएगा। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए हजारों कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट और कम्यूटेशन की राशि अभी भी फंसी हुई है। इसके अलावा प्रथम और द्वितीय श्रेणी के पेंशनर्स का 35 प्रतिशत एरियर भी लंबित है। संगठन ने दो टूक शब्दों में कहा कि जीवन के इस पड़ाव पर बुजुर्ग पेंशनर्स को अपनी ही जीवनभर की कमाई के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। यह कोई सरकारी खैरात या अतिरिक्त लाभ नहीं, बल्कि कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार है। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री इस मंच को महज औपचारिक भाषण तक सीमित न रखते हुए लंबित वित्तीय देनदारियों के भुगतान की समयबद्ध घोषणा करेंगे। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संगठन टकराव के बजाय संवाद से समाधान में विश्वास रखता है, लेकिन अपने जायज हकों के लिए आवाज बुलंद करने से भी पीछे नहीं हटेगा। अब प्रदेश के लाखों पेंशनर्स की निगाहें 17 दिसंबर को कांगड़ा की धरती से होने वाली मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर टिकी हैं।



आशीष बुटेल ने जमीन हड़पने के आरोपों को बताया मनगढ़ंत कहानी

अनंत ज्ञान



अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने असिस अली द्वारा धर्मशाला में प्रेसवार्ता कर उन पर जमीन हड़पने और जान से मारने की धमकी देने के लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा के एक नेता को पालमपुर का विधायक बनने की इतनी जल्दी है कि वह उनकी और उनके परिवार की छवि खराब करने के लिए हर हथकंडा अपना रहे हैं।

बुटेल ने जमीन विवाद पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्ष 2018 में उनकी पत्नी के नाम बगोडा में जमीन खरीदी गई थी, जबकि असिस अली जिस जमीन की बात कर रही हैं, वह कंडी में स्थित है। उन्होंने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कथित ट्रस्ट की जमीन कहां है, यह स्पष्ट किया जाए। उन्होंने बताया कि आनंद नामक ट्रस्ट का पंजीकरण 27 मई 2024 को हुआ था, जिसमें असिस अली और मेहदी अली असाद ट्रस्टी थे। उन्होंने धारा 118 के तहत गैर हिमाचली के नाम जमीन हस्तांतरण को लेकर भी सवाल उठाए। बुटेल ने आरोप लगाया कि 7 अगस्त 2025 को बिजली मीटर के लिए आवेदन करते समय रेखा कुठियाला के नाम की जीपीए लगाई गई, जबकि उनकी मृत्यु अगस्त 2021 में हो चुकी थी। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। जान से मारने की धमकी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि यदि असिस अली के पास कोई तथ्य हैं तो पुलिस के सामने प्रस्तुत करें। बुटेल ने कहा कि उनकी और उनके परिवार की छवि खराब करने के प्रयासों का तथ्यों के साथ जवाब दिया जाएगा।

ऋण वसूली अधिकरण-I चण्डीगढ़

एससीओ 33-34-35, एसएफ सेक्टर-17-ए, चंडीगढ़

एचडीएफसी बैंक ...प्रमाण-पत्र धारक बनाम
जगदीश जोगटा ...प्रमाण-पत्र ऋणी

प्रकाशन नोटिस आरसी नं. 762/2019

आरडीडीबीएफआई अधिनियम, 1993 की धारा 25 से 29 सपठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 53 देखें) बिक्री उद्घोषणा तय करने का नोटिस

1. जगदीश जोगटा पुत्र श्री जगत राम निवासी डा. धराड़ा डीपीएफ जगटेरली टिक्कर रोहडू जिला शिमला, हि.प्र.
2. श्री जगत राम पुत्र श्री श्यामा नन्द निवासी डा. धराड़ा डीपीएफ जगटेरली टिक्कर रोहडू जिला शिमला, हि.प्र.
3. सुरेश कुमार पुत्र श्री चैन राम म.नं. 48/1, गांव बजेशल तहसील रोहडू जिला शिमला, हि.प्र.

जबकि, माननीय पीठासीन अधिकारी द्वारा वसूली प्रमाण पत्र संख्या 762/20191 ओ.ए संख्या 941/2018 में जारी किया गया है जिसमें ओ.ए दायर करने की तिथि अर्थात 30.05.2018 से अनुबंध दर के अनुसार भविष्य के ब्याज सहित कुल राशि **15,96,363/-** रुपये की वसूली हेतु। जबकि, मांग नोटिस तामील होने और पर्याप्त अवधि बीत जाने के बावजूद, आप द्वारा उक्त राशि एचडीएफसी बैंक को अदा नहीं की गई है। आपको कानून की आवश्यकता को पूरा करना है। बंधक रखी गई संपत्ति के संबंध में बिक्री उद्घोषणा जारी करने का निर्णय लिया गया है। इसलिए यह नोटिस आपको **28.01.2027** को बिक्री की शर्तें तय करने हेतु उपस्थित होने के लिए जारी किया जाता है।

संपत्ति का विवरण:

1. कृषि भूमि जिसका माप 00-41-81 हेक्टेयर अर्थात 1/3 हिस्सा, गांव जगटेरली-1, उप-तहसील टिक्कर, तहसील रोहडू, जिला शिमला (हि.प्र.) में स्थित है जो खसरा न. 10/15 में शामिल है।
2. कृषि भूमि जिसका माप 00-79-45 हेक्टेयर अर्थात 1/3 हिस्सा, गांव जगटेरली, उप-तहसील टिक्कर, तहसील रोहडू, जिला शिमला (हि.प्र.) में स्थित है जो खसरा न. 33/80-81 में शामिल है।

मेरे हस्ताक्षर और इस अधिकरण की मुहर के अधीन दिनांक 08.10.2026 को चण्डीगढ़ में जारी किया गया।

जसवीर कौर
वसूली अधिकारी -द्वितीय, डीआरटी-1, चण्डीगढ़

रैत बाजार में मरम्मत के एक सप्ताह में ही उखड़ने लगी सड़क

अनंत ज्ञान



कोहली, शाहपुर। रैत बाजार से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-154 की सड़क की हालत एक बार फिर खराब होने लगी है। सड़क पर गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। गड्ढों से गुजरने के दौरान वाहनों के शॉकर सहित अन्य पुर्जे क्षतिग्रस्त हो रहे थे, जिससे वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। करीब एक सप्ताह पहले सड़क पर तारकोल बिछाकर मरम्मत की गई थी, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली थी। लेकिन मरम्मत के महज एक सप्ताह बाद ही कई जगह से तारकोल उखड़ने लगा है और दोबारा गड्ढे बनने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस दौरान बारिश भी नहीं हुई और फोरलेन के कारण 50 से 70 प्रतिशत यातायात बाईपास होने से रैत बाजार में वाहनों की आवाजाही भी कम रही। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत का उखड़ना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क पर बिछाए गए तारकोल में रेत की मात्रा भी अधिक दिखाई दे रही है। उन्होंने संबंधित विभाग से मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाने और सड़क को टिकाऊ बनाने की मांग की है।


भाजपा को वोट चोरी का चुनावों में भुगतना पड़ेगा खामियाजा : विनय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला में मीडिया से बातचीत करते हुए हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भाजपा पर वोट चोरी के जरिए विभिन्न राज्यों में सरकारें बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस के 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को देशभर में समर्थन मिलने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान की रैली में उमड़ी भीड़ इसका प्रमाण है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनने के अनुराग ठाकुर के दावे पर उन्होंने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता जागरूक है और भाजपा की कथित वोट चोरी की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। आम आदमी पार्टी के 68 सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले पर उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ना हर पार्टी का अधिकार है, लेकिन आप को पहले पंजाब में अपनी सरकार बचाने पर ध्यान देना चाहिए।कांग्रेस की गारंटियों पर उन्होंने दावा किया कि 10 में से छह से सात गारंटियां पूरी हो चुकी हैं। महिलाओं को 1500 रुपये देने और 300 यूनिट मुफ्त बिजली की गारंटी से सरकार पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से लाभ दिया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर योजना का दायरा बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री के जनता से संवाद नहीं करने के आरोपों को खारिज करते हुए विनय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश का दौरा कर रहे हैं और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं।

नई योजना की घोषणा से पहले पुरानी गारंटियों का हिसाब दे सुक्खू सरकार : विपिन परमार

अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार से चुनावी गारंटियों का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार नई योजनाओं की घोषणाएं करने के बजाय पहले जनता को दस गारंटियों की वास्तविक स्थिति बताए। परमार ने मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मासिक सहायता देने की घोषणा पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि योजना के लिए कितने करोड़ रुपये का वार्षिक बजट निर्धारित किया गया है, धनराशि किस मद से आएगी और महिलाओं के खातों में पहली किस्त कब पहुंचेगी। उन्होंने लाभार्थियों के चयन का आधार भी स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार, पांच लाख नौकरियां और 300 यूनिट मुफ्त बिजली सहित कई गारंटियां दी थीं। सरकार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रत्येक गारंटी की स्थिति और उस पर हुए खर्च का विभागवार ब्यौरा देना चाहिए।

प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने सीएजी रिपोर्ट का हवाला दिया। उनके अनुसार वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 12,611 करोड़ और बकाया ऋण 96,422 करोड़ रुपए रहा। परमार ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ, बेरोजगारी और विकास कार्यों पर भी जवाब दे। जनता को घोषणाएं नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम चाहिए।



समारोह | 100 साल की विरासत को पूर्व छात्रों का सलाम, शताब्दी समारोह में देश-विदेश से जुटे सैकड़ों पूर्व छात्र

धर्मशाला कॉलेज के शताब्दी जश्न में 'संगम' का महाकुंभ

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धर्मशाला के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को परिसर में भावनाओं, यादों और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी संघ 'संगम' एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा आयोजित चौथे पुनर्मिलन समारोह में देश-विदेश से आए 350 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने एकत्रित होकर इस ऐतिहासिक अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

पूर्व कर्मचारी के हाथों हुआ शताब्दी स्मारक का अनावरण: इस ऐतिहासिक मिलन के अवसर पर 'संगम' के पूर्व छात्रों द्वारा महाविद्यालय को भेंट किए गए 'शताब्दी स्मारक' (महाविद्यालय प्रतीक चिह्न) का अनावरण महाविद्यालय के पूर्व कर्मचारी हरि सिंह ने किया। संस्थान के साथ उनके लंबे जुड़ाव के सम्मानस्वरूप उन्हें इस गौरवपूर्ण अवसर के लिए चुना गया। इसी क्रम में महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास और पूर्व छात्रों की स्मृतियों को संजोती हुई 'शताब्दी विशेष स्मारिका' का भी विमोचन किया गया।



12 मेधावी विद्यार्थियों को एनआईटी हमीरपुर के शोध का तोहफा: शताब्दी वर्ष के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत 'संगम', एनआईटी हमीरपुर के सहयोग से महाविद्यालय द्वारा चयनित 12 विद्यार्थियों तथा दो प्राध्यापकों के लिए 17-18 नवंबर को एक विशेष अनुसंधान अनुभव भ्रमण प्रायोजित कर रहा है। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थी एनआईटी हमीरपुर की सात अनुसंधान प्रयोगशालाओं का दौरा करेंगे। इस दल को 17 नवम्बर को महाविद्यालय के शताब्दी स्मारक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

पोते और पोतियों संग पहुंचे 90 वर्ष पूरे चुके पूर्व छात्र

धर्मशाला कॉलेज के शताब्दी समारोह के तीसरे दिन 90 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व छात्र भी अपने पोते-पोतियों के साथ पुराने संस्थान पहुंचे। एसडीएम मोहित रतन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि ओएसए अध्यक्ष संजीव गांधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कॉलेज प्रशासन ने पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पूर्व छात्रों ने पुराने सहपाठियों से मिलकर छात्र जीवन की यादें ताजा कीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ. सतीश ठाकुर और पूनम भारद्वाज ने पहाड़ी गीतों से समां बांधा। विद्यार्थियों की लोकनृत्य प्रस्तुतियों और पहाड़ी नाटी पर पूर्व छात्र भी खूब झूमे।

धर्मशाला कॉलेज के पूर्व छात्रों के अद्भुत संगम ने जीता दिल: धर्मशाला कॉलेज के शताब्दी समारोह के तहत पूर्व छात्र संगठनों के अलग-अलग आयोजनों के बीच पूर्व छात्र नेता एवं अभिभावक संघ के पूर्व प्रधान सत्येंद्र गौतम ने पूर्व छात्र संगठन संगम के कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक पदों पर पहुंचे पूर्व छात्रों के बावजूद पूर्व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से स्मारक का उद्घाटन करवाना सराहनीय पहल है। यह पूर्व छात्रों की समानता और आपसी जुड़ाव की भावना दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक भाषणों के बजाय पुराने परिसर में घूमने और सहपाठियों से मिलने को प्राथमिकता देना आयोजन की सफलता है। उन्होंने संगम और सभी पूर्व छात्रों को बधाई दी।

फेसबुक पहल से बना 650 सदस्यों का सशक्त मंच: 'संगम' की परिकल्पना वर्ष 2022 में महाविद्यालय के पूर्व छात्रों डॉ. वासु सिंह और शिवानी नेगी गुरंग द्वारा एक फेसबुक पहल के रूप में की गई थी। आज यह संगठन विभिन्न बैचों, शहरों और देशों में फैले 650 से अधिक सदस्यों का एक सशक्त मंच बन चुका है, जिसका नेतृत्व इसकी संयोजक शिवानी नेगी गुरंग कर रही हैं।

न्यूज ब्रीफ

हिम-आंचल पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक कल

अनंत ज्ञान, बड़सर। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ की बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक 17 नवंबर को सुबह 10 बजे मानव सेवा सदन, बिझड़ी में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह वन्याल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में प्रदेश और जिला पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों और समस्याओं पर चर्चा के साथ सदस्यों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान पर विचार किया जाएगा। पदाधिकारी विभिन्न विषयों पर नवीनतम जानकारी भी साझा करेंगे। संघ ने उन सदस्यों से तुरंत डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र कोषागार कार्यालय में जमा करवाने की अपील की है, जिन्होंने अभी तक ऐसा नहीं किया है। प्रमाण पत्र जमा न करवाने पर पेंशन रुक सकती है। सभी सदस्यों से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

अल्फ्रेस्को संस्थान में मनाया जनजातीय गौरव दिवस



अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। मेरा युवा भारत की ओर से हमीरपुर स्थित अल्फ्रेस्को संस्थान का दौरा किया गया। इस दौरान संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं ने जनजातीय गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में संस्थान के मुख्य संचालक सुमित शर्मा मुख्य अतिथि तथा सह संचालक क्षितिज कुमार राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया गया। इस दौरान जनजातीय संस्कृति और परंपराओं पर भी प्रकाश डाला गया। अल्फ्रेस्को संस्थान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ग्रामीण युवतियों को निःशुल्क वस्त्र अभिकल्पन प्रशिक्षण, रहने और खाने की सुविधा प्रदान कर रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाते हैं।

जवान अक्षय का सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा : कमलेश कुमारी

अनंत ज्ञान, भोरंज। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के गांव रथवाणी निवासी भारतीय सेना की 6 डोगरा रेजिमेंट में सेवारत वीर सिपाही अक्षय कुमार के निधन पर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा कमलेश कुमारी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शहीद अक्षय कुमार के अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर उनकी पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित किए तथा भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कमलेश ने कहा कि देश की रक्षा के लिए समर्पित वीर जवान का बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। उनका राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

एसएसबी मेडिकल ट्रेनिंग सेंटर के स्थानांतरण का विरोध, गृह मंत्री को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल में करीब 25 वर्षों से संचालित एसएसबी मेडिकल ट्रेनिंग सेंटर को दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने की चर्चाओं पर पूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संघ ने चिंता जताई है। संघ ने केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन भेजकर स्थानांतरण प्रक्रिया पर रोक लगाने और संस्थान को हिमाचल में ही स्थायी रूप से बनाए रखने की मांग की है। संघ के अनुसार, यह केंद्र देश के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को चिकित्सा प्रशिक्षण देने वाला विशिष्ट संस्थान है। यहां पूर्व जवानों को कैंटीन, पेंशन और सेवा रिकॉर्ड संबंधी सुविधाएं भी मिलती हैं। संघ ने चेतावनी दी कि स्थानांतरण से हजारों सेवानिवृत्त जवान प्रभावित होंगे। ज्ञापन की प्रतियां मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई हैं।

दियोटसिद्ध मंदिर में नवंबर माह में कई सालों बाद दिखी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

यातायात व्यवस्था चरमराई, दिनभर लंबे जाम में फंसे रहे श्रद्धालु

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

अनंत ज्ञान



विक्रम ढटवालिया, दियोटसिद्ध (हमीरपुर)। सर्दियों का महीना है, बावजूद इसके बाबा बालक नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी। इस महीने कभी भी इतनी भीड़ रविवार के दिन नहीं दिखती थी, लेकिन कई सालों के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। माना जा रहा है कि इस महीने शादियां काफी तादाद में थीं और नव विवाहित जोड़े एवं उनके परिवार मंदिर में माथा टेकने के लिए पहुंच रहे हैं।

रविवार को सुबह से ही दिन भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में कतारबद्ध रही। 'जयकारा पौणाहारी दा' के नारे मंदिर परिसर में देर रात तक गूंजते रहे। शाम पांच बजे भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में मौजूद थी। दूर-दूर से श्रद्धालु शाहतलाई के रास्ते मंदिर परिसर में पहुंच रहे थे। हालांकि मंदिर परिसर में निर्माण कार्य होने के बावजूद भी व्यवस्था बेहतर बनाई गई थी और श्रद्धालु बिना किसी देरी के अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। वहीं, मंदिर अधिकारी राजेश कुमार का कहना है कि उन्होंने पिछले कई सालों में नवंबर महीने में किसी भी रविवार को इतनी भारी भीड़ नहीं देखी। यहां यह स्थिति पहली बार देखी गई है। मंदिर परिसर में व्यवस्था बेहतर बनाने के प्रयास किए गए हैं। मंदिर के न्यासी राकेश का कहना था कि मंदिर परिसर में तो व्यवस्था बेहतर बनाने के हर बार प्रयास किए जाते हैं और इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाती है, लेकिन आज श्रद्धालु बहुत बड़ी तादाद में पहुंचे हैं, इसलिए उन्हें संभालना परिसर में भी बहुत बड़ी चुनौती होता है, पर इसमें मंदिर प्रशासन कामयाब रहा है। वाहनों को सड़क रास्ते पर बेहतर व्यवस्था के जरिए मंदिर तक पहुंचाया जाए, इसके लिए यातायात पुलिस ही बता सकती है। यातायात पुलिस को निश्चित रूप में और बेहतर काम करने की जरूरत है। उप पुलिस अधीक्षक हरीश गुलेरिया का कहना था कि आज शायद श्रद्धालु ज्यादा पहुंचे हैं, इसलिए कुछ कमी रही होगी, लेकिन अब हर रविवार को इस व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा। कहीं भी 'जाम' की समस्या पेश नहीं आने दी जाएगी।

जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन में मंडी का दबदबा, दोनों वर्गों ने जीता खिताब



अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज के साईं विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में आयोजित पांचवीं जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के आठ जिलों के करीब 80 लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। समापन समारोह में समाजसेवी एवं बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन हमीरपुर के अध्यक्ष अनिल सहगल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, मेहनत और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों में भाग लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के लड़कियों के वर्ग में मंडी की टीम विजेता और ऊना की टीम उपविजेता रही। वहीं, लड़कों के वर्ग में भी मंडी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि बिलासपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही।

सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी सम्मानित: लड़कों के वर्ग में शिवंश ठाकुर, ध्रुव ठाकुर, भविष्य, राजवीर ठाकुर और करण को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लड़कियों के वर्ग में मानवी शर्मा, मानशी, शुभ्रा, सारिका और वैशाली को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान बृज लाल गोयल, महासचिव केसी ठाकुर, कोषाध्यक्ष राकेश भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और सहयोगियों का आभार जताया।

नरेश कुमार दर्जी ने बडैहर में महिला मंडल को भेंट की 20 कुर्सियां और अन्य सामग्री

- समाजसेवा के लिए 1.40 लाख रुपए देने की घोषणा

अनंत ज्ञान



भोरंज। विधानसभा क्षेत्र भोरंज में समाजसेवा और जनसहयोग के कार्यों में सक्रिय नरेश कुमार दर्जी ने बडैहर गांव में महिला मंडल की महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें आवश्यक सामग्री भेंट की। इस दौरान उन्होंने महिला मंडल को 20 कुर्सियां, 10 गद्दे, दो बड़ी गैस भट्ठियां, एक ढोलक और एक चिमटा प्रदान किया। महिला मंडल की महिलाओं ने इस सहयोग के लिए उनका आभार जताया।

नरेश ने कहा कि मातृशक्ति का सम्मान और समाज के लोगों के सुख-दुख में साथ खड़ा होना ही सच्ची जनसेवा है। उन्होंने महिला मंडल को भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

अंगदान का संकल्प लेने वाले युवक को दिए 11 हजार: इससे पहले 7 नवंबर को उन्होंने अनिल कुमार पुत्र प्रताप सिंह के बेटे को अंगदान का संकल्प लेने पर प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपए की राशि भेंट की थी। उन्होंने युवक के निर्णय को मानवता और समाजसेवा की भावना से जुड़ा सराहनीय कदम बताया।

कबीर साहब मंदिर के लिए 1.40 लाख का सहयोग: नरेश कुमार दर्जी ने बडैहर स्थित कबीर साहब मंदिर के निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों के लिए 1 लाख 40 हजार रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने मंदिर के कुछ कार्य स्वयं करवाने और शेष कार्य जल्द पूरा करवाने का आश्वासन भी दिया। गौरतलब है कि नरेश कुमार दर्जी पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष, वार्ड नंबर-5 जंगलरोपा के पूर्व जिला पार्षद तथा दि हिमालयन ट्रक ऑपरेटर्स कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड पक्का भरो के प्रधान हैं। इस अवसर पर कबीर सभा बडैहर, जोल एवं कोहटा के महासचिव तथा सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर बलवंत सिंह ने उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। नरेश कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों और सामाजिक संस्थाओं की मदद का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

विकास कार्यों की निगरानी करते विधायक से मिले मंत्री यादविंद्र गोमा, की सराहना



अनंत ज्ञान

अनूप पुवारी, सुजानपुर। आयुष एवं खेल, युवा सेवाएं मंत्री यादविंद्र गोमा और सुजानपुर के विधायक कप्तान रणजीत सिंह की मुलाकात सुजानपुर में हुई। दरअसल, विधायक कप्तान रणजीत सिंह हमेशा की तरह सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेने और उनकी प्रगति की निगरानी कर रहे थे।

इस दौरान मंत्री गोमा अपने तय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुजानपुर से गुजर रहे थे। सड़क किनारे विधायक को विकास कार्यों की निगरानी करते देख मंत्री ने अपनी गाड़ी रुकवाई और उनसे मुलाकात की। इस दौरान मंत्री यादविंद्र गोमा ने विधायक कप्तान रणजीत सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार वह स्वयं मौके पर पहुंचकर विकास कार्यों की निगरानी करते हैं और उनकी गुणवत्ता एवं प्रगति पर नजर रखते हैं, वह काबिलेतारीफ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि को इसी तरह अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की नियमित निगरानी करनी चाहिए। दोनों नेताओं की यह मुलाकात किसी औपचारिक कार्यक्रम या मंच पर नहीं, बल्कि सड़क किनारे हुई। ऐसे में वहां मौजूद स्थानीय लोग भी इस आत्मीय मुलाकात को देखकर काफी खुश नजर आए। वहीं, जब उन्होंने मंत्री के मुख से अपने विधायक की कार्यशैली की सराहना सुनी तो स्थानीय लोगों ने भी गर्व महसूस किया। यह मुलाकात दर्शाती है कि एक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी केवल विकास कार्यों को स्वीकृति दिलवाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि धरातल पर उनकी गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है।

नवीन शर्मा बने पंजाब के आनंदपुर विस क्षेत्र के प्रभारी

अनंत ज्ञान



विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। भाजपा ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें पंजाब के आनंदपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इस नई जिम्मेदारी के तहत नवीन शर्मा आनंदपुर विधानसभा क्षेत्र में संगठन के विस्तार, बूथ प्रबंधन और आगामी चुनावों में भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेंगे। उनकी इस नियुक्ति से हिमाचल और पंजाब के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और खुशी की लहर है। गौरतलब है कि नवीन शर्मा का संगठनात्मक अनुभव काफी लंबा और प्रभावशाली रहा है। वे छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में लंबे समय तक दो दशकों तक काम कर चुके हैं और उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री के दायित्व का निर्वहन बखूबी किया है। साथ ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। पूर्व में हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान उन्हें कौशल विकास निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी, जिसका उन्होंने पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ निर्वहन किया। उनकी इसी कार्यशैली, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए पंजाब के आनंदपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में सेवाएं देने के निर्देश दिए हैं।

स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नवीन शर्मा को इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

बिझड़ी में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश भारतीय किसान संघ की प्रतिनिधि सभा बैठक संपन्न

हर गांव में गठित होंगी भारतीय किसान संघ की समितियां

- 2027-30 के कार्यकाल के लिए एक लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य

अनंत ज्ञान



एसके ठाकुर, बड़सर। भारतीय किसान संघ, हिमाचल प्रदेश की दो दिवसीय प्रतिनिधि सभा बैठक बिझड़ी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने की। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष साईं रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, हिमाचल प्रदेश प्रभारी बहन सुशीला बिश्नोई, प्रांत प्रचारक संजय कुमार तथा प्रदेश महामंत्री उमेश सूद सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विशेष रूप से भाग लिया।

बैठक में प्रदेशभर से लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लेकर किसान हितों, संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का प्रमुख केंद्र आगामी संगठनात्मक कार्य विस्तार योजना एवं सदस्यता अभियान 2027 से 2030 रहा। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों और विकास खंडों में संगठन को मजबूत करने के साथ एक लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रदेश के प्रत्येक गांव में भारतीय किसान संघ की ग्राम समितियों का गठन करने की योजना पर भी चर्चा हुई। इस सदस्यता अभियान को 12 दिसंबर 2026 से 12 जनवरी 2027 तक प्रदेशव्यापी स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया। संगठन का उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को भारतीय किसान संघ से जोड़कर गांव स्तर तक मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करना है। बैठक के दौरान राजस्व रिकॉर्ड में सुधार एवं किसानों को राजस्व संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही डिजिटल युग में किसान सुविधाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और सुलभ बनाने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने संगठन की भूमिका, किसान हितों की रक्षा, किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा गांव-गांव तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करने और प्रदेश के किसानों को संगठित कर उनके अधिकारों एवं हितों के लिए प्रभावी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया।

बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करना प्राथमिकता: रणजीत

- विधायक ने बूथ अध्यक्षों से किया संवाद
- गांवों की समस्याओं और विकास कार्यों की ली फीडबैक



अनंत ज्ञान

सुजानपुर। सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले 14 बूथों के बूथ अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजिंदर वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया तथा उनके-अपने क्षेत्रों और गांवों में लोगों को पेश आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

इसके साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की फीडबैक प्राप्त की और भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों एवं संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, क्योंकि उनका सीधा जुड़ाव जनता और गांव के प्रत्येक परिवार से होता है। बूथ स्तर पर संगठन जितना मजबूत होगा, जनता की आवाज उतनी ही प्रभावी ढंग से उठाई जा सकेगी। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने, जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा गांवों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उनके समक्ष रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जनसमस्याओं का समाधान और विकास कार्यों को गति देना भी प्राथमिकता रहेगी। बैठक में संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आने वाले समय में योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर सहमति बनी।

हिम अकादमी स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

60 शिक्षकों ने सीखे विज्ञान पढ़ाने के आधुनिक तरीके



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में विज्ञान विषय पर दो दिवसीय सीबीएसई क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में स्रोत विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन के रूप में सुश्री शालिनी सहोत्रा, पीजीटी जीव विज्ञान तथा श्री भाग सिंह, पीजीटी रसायन विज्ञान ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा एवं विद्यालय के चेयरमैन आरसी लखनपाल ने भी कार्यशाला में विशेष रूप से शिरकत की। इसके अतिरिक्त विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अश्विनी कुमार एवं मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रोचक गतिविधियों, संवादात्मक सत्रों एवं सामूहिक विचार-विमर्श के माध्यम से विज्ञान शिक्षण को अधिक प्रभावशाली एवं रुचिकर बनाने पर विशेष बल दिया गया। इसमें शिक्षण की आधुनिक पद्धतियों को सुदृढ़ करने, अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देने तथा विज्ञान शिक्षण में नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यशाला ने प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने, नई शिक्षण तकनीकों को समझने तथा अपनी व्यावसायिक दक्षताओं को विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। विभिन्न गतिविधियों एवं सहभागितापूर्ण सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को कक्षा-कक्ष में विज्ञान शिक्षण को अधिक व्यावहारिक, रोचक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस आयोजन ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास तथा गुणवत्तापूर्ण एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रति हिम अकादमी पब्लिक स्कूल की प्रतिबद्धता को एक बार फिर सुदृढ़ किया।

लोक कल्याण कमेटी लुथान ने बीमार बच्चे के उपचार के लिए दी आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान



सोनल, नादौन। क्षेत्र की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था लोक कल्याण कमेटी लुथान की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाजसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों पर चर्चा करने के साथ आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त एक प्रार्थना पत्र पर भी विचार-विमर्श किया गया। कमेटी ने पात्रता के आधार पर सुधंगल निवासी रमा देवी पत्नी स्वर्गीय संजीत कुमार को उनके सात वर्षीय बीमार बेटे के उपचार के लिए 3,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। बच्चे का उपचार पीजीआई में चल रहा है।

कमेटी के महासचिव ने बताया कि संस्था पिछले 10 वर्षों से समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय है। संस्था जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की पढ़ाई और शादी के लिए आर्थिक मदद देने के साथ-साथ निर्धन परिवारों को बीमारी के उपचार के लिए भी सहायता उपलब्ध करवाती है। कमेटी अध्यक्ष ने सभी सदस्यों और दानी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और योगदान से संस्था अपने सामाजिक एवं कल्याणकारी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने क्षेत्र के सभी संपन्न लोगों से कमेटी के सदस्य बनकर इस पुनीत कार्य में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से भविष्य में जरूरतमंद परिवारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की राशि बढ़ाई जा सकेगी।

राजकीय सम्मान के साथ जवान अक्षय पंचतत्व में विलीन, नम आंखों से सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई

विधायक सुरेश ने सरकार की ओर से पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



अनंत ज्ञान

भोरंज। उपमंडल भोरंज की नंदन पंचायत के रूथवाणी गांव निवासी भारतीय सेना की छठी डोगरा रेजिमेंट के सिपाही अक्षय कुमार (26) का शनिवार को टाउन भराड़ी श्मशानघाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

इस दौरान सेना के जवानों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और ग्रामीणों ने नम आंखों से वीर जवान को अंतिम विदाई दी। शनिवार सुबह तिरंगे में लिपटा अक्षय कुमार का पार्थिव शरीर सेना की टुकड़ी के साथ पैतृक गांव पहुंचा तो परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनों के लिए कुछ समय घर के आंगन में रखा गया। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए टाउन भराड़ी श्मशानघाट ले जाया गया। छठी डोगरा रेजिमेंट के जवानों ने अपने साथी को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सरकार की ओर से पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अक्षय के पिता राजकुमार, डीएसपी हरीश गुलेरिया सहित अन्य लोगों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। अक्षय 16 दिसंबर 2020 को सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में उत्तराखंड के जोशीमठ में तैनात थे। वहां हृदयाघात के कारण उनका निधन हो गया। वह माता-पिता की इकलौती संतान थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, कमलेश कुमारी सहित कई गणमान्य लोगों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

न्यूज ब्रीफ

सरकाघाट कॉलेज में पीटीए प्रधान बने संजीव कुमार



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। रबींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में अभिभावक-शिक्षक एसोसिएशन (पीटीए) की आम सभा कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजीव राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से संजीव कुमार को प्रधान, नंदलाल राव को उपप्रधान, समीर को संयुक्त सचिव, रवि कुमार को कोषाध्यक्ष और प्रो. सुनील कुमार को सचिव चुना गया। इसके अलावा संजय कुमार, विजय कुमार, बेसरिया राम और विजय कुमार को कार्यकारी सदस्य बनाया गया। महाविद्यालय की ओर से डॉ. नवीन शर्मा, सहायक आचार्य प्रीति और रीता देवी को शिक्षक सदस्य, राजीव ठाकुर को मुख्य सलाहकार तथा अखिल कुमार और देवेंद्र कुमार को सदस्य मनोनीत किया गया। इससे पूर्व पीटीए सचिव प्रो. सुनील कुमार ने सत्र 2025-26 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजीव राणा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भी अहम भूमिका है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से महाविद्यालय की प्रगति के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। नवनियुक्त प्रधान संजीव कुमार ने महाविद्यालय के हित में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

संधोल में नेत्र जांच शिविर में 500 लोगों की हुई जांच



अनंत ज्ञान, सरकाघाट। मंडी जिला के संधोल में कृष्णा एवं बेलीराम बरवाल चैरिटेबल ट्रस्ट, रोटरी आई फाउंडेशन पालमपुर और रोटरी क्लब धौलाधार के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें करीब 500 लोगों ने आंखों की जांच करवाई। कार्यक्रम में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष नरेंद्र बरवाल ने विधायक को शॉल, टोपी और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। पालमपुर से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच की। डॉ. संजीव जैन सहित चिकित्सकीय टीम को भी सम्मानित किया गया। नरेंद्र बरवाल ने बताया कि शिविर में ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन ट्रस्ट करवाएगा। मरीजों के आने-जाने का खर्च भी ट्रस्ट उठाएगा। विधायक चंद्रशेखर ने ट्रस्ट और रोटरी क्लब के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संधोल में आदर्श अस्पताल खुलने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है। इसके बाद उन्होंने खेल छात्रावास का निरीक्षण कर खिलाड़ियों से मुलाकात की।

◆विधायक चंद्रशेखर ने किया शिविर का शुभारंभ

झुंगी में निशुल्क नेत्र व सामान्य स्वास्थ्य जांच में 380 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत झुंगी व आसपास के गांवों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल झुंगी में नाचन जन कल्याण फाउंडेशन और भानू हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आठवें निशुल्क नेत्र व सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में झुंगी पंचायत आसपास के गांवों के करीब 380 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें 100से अधिक जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मे दिए गए, जबकि 35 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन करने के लिए सलाह दी। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है और भविष्य में भी ऐसे शिविर जारी रहेंगे।नाचन जनकल्याण पब्लिक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट हमेशा समाज सेवा करता रहेगा, तथा अंतिम जन तक सहायता पहुंचाने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। , नेत्र से संबंधित जांच भानू हास्पिटल के अनुभवी विशेषज्ञों ने दी। शिविर में नाचन जनकल्याण पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के महासचिव राम सिंह चैलचौक जोन चेयरमैन टेक सिंह , महादेव जोन अध्यक्ष नीलकमल, कनैड जोन अध्यक्ष राजू राम, नरेश, श्याम लाल, दिनेश, रमण, चुनी लाल, युवराज, सुंदर लाल, मौजूद रहे।

टोरी-भेड़ी सड़क पर गड्ढों का राज डेढ़ साल से टारिंग का इंतजार

टेंडर के बाद भी शुरू नहीं हुआ काम, ग्रामीणों ने उठाई मरम्मत की मांग

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। टोरी से भेड़ी सड़क की बदहाली ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी टारिंग और बिखरी बजरी वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है। करीब दो साल से सड़क मरम्मत की राह देख रही है, लेकिन टेंडर होने के डेढ़ साल बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया है।

सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन चालकों को संभलकर गुजरना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, गड्ढों के कारण कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान धर्मपुर से सरकाघाट पहुंचने के लिए इस सड़क का इस्तेमाल



वैकल्पिक मार्ग के रूप में किया गया। इस दौरान बसों और भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जगह-जगह टारिंग उखड़ने से अब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया

ग्रामीणों का आरोप है कि करीब डेढ़ साल पहले मरम्मत का टेंडर होने के बावजूद ठेकेदार ने तारकोल के दाम बढ़ने का हवाला देकर काम शुरू नहीं किया। विभाग भी समय रहते कार्रवाई नहीं कर पाया। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और रोजाना सफर करने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अविनाश ठाकुर, दिव्या राही, धर्म सिंह, धर्मपाल शर्मा, बीरी सिंह, पृथी पाल सिंह, बबलू, प्रताप सिंह, गांधी राम, हरिचंद, कमलेश, बालदेव और अशोक कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने जल्द टारिंग करवाने की मांग की है। जोड़न गांव के प्रधान कर्म सिंह ने भी विभाग से सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाने की मांग उठाई है।

दोबारा टेंडर के बाद जल्द शुरू होगा काम

एसडीओ किशोरी लाल ने बताया कि पहले टेंडर के बाद संबंधित ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया। अब विभाग ने दोबारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। उन्होंने जल्द सड़क की टारिंग शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

आगामी ग्राम सभा की तैयारियां तेज, वार्ड सभाओं में विकास कार्यों पर हुआ मंथन



सलापड़ कॉलोनी में आयोजित ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीण।

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। ग्राम पंचायत सलापड़ कॉलोनी में आगामी ग्राम सभा की तैयारियों को लेकर वार्ड नंबर छह खुराहल और वार्ड नंबर सात सीयूं में वार्ड सभाओं का आयोजन किया गया। दोनों सभाओं में निर्धारित कोरम पूरा रहा और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

बैठकों में ग्रामीणों की समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं, वीबी-जी राम जी योजना के तहत सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत विकास कार्यों के प्रस्ताव भी प्राप्त किए गए। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2027-28 की वार्षिक कार्ययोजना

◆वीबी-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीणों से मांगे प्रस्ताव

(शेल्फ) तैयार करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

वार्ड सभाओं में प्राप्त सभी प्रस्ताव आगामी ग्राम सभा में प्रस्तुत किए जाएंगे। इनके आधार पर नियमानुसार अगले वित्त वर्ष के लिए विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान रजनीश ठाकुर, उपप्रधान हंस राज जसवाल, वार्ड सदस्य हिमा देवी, कला देवी, डिंपल कुमारी, मुनीश सहित संबंधित वार्डों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

17 पंजाब रेजिमेंट का 64वां स्थापना दिवस मनाया

पूर्व सैनिकों ने वीर जवानों के बलिदान को किया याद, हवलदार भगत राम ठाकुर सम्मानित

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। 17वीं बटालियन, पंजाब रेजिमेंट (17 पंजाब-रब राखा) का 64वां स्थापना दिवस 14 नवंबर को होटल बी-4-यू, नेरचौक के डडौर बाईपास में हर्षोल्लास एवं गौरव के साथ मनाया गया। समारोह में हिमाचल प्रदेश सहित आसपास के क्षेत्रों से रेजिमेंट के पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हवलदार भगत राम ठाकुर मुख्यातिथि रहे।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने रेजिमेंट के गौरवशाली इतिहास और परंपराओं को याद करते हुए देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि 17 पंजाब रेजिमेंट का गठन भारत-चीन युद्ध के दौरान 15 नवंबर 1962 को मेरठ छावनी की भगत लाइंस में हुआ था। 18 मार्च 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन ने बटालियन को कलर्स प्रदान किए थे।

समारोह के दौरान मुख्यातिथि को भारतीय सेना में 17 वर्ष और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में 23 वर्ष सहित कुल 40 वर्षों तक राष्ट्रसेवा करने के लिए विशेष स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व सैनिकों ने उनके अनुशासन, समर्पण और लंबे सेवाकाल की सराहना की।

आयोजकों ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों के बीच भाईचारे, एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करना तथा रेजिमेंट की गौरवशाली परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का आयोजन रब राखा बटालियन के समस्त पूर्व सैनिकों के सहयोग से किया गया। रब राखा और जय हिंद के उद्घोष के साथ समारोह संपन्न हुआ।

किसान सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमाचल के 14 प्रतिनिधि शामिल

पहली बार प्रदेश से दो महिला प्रतिनिधियों ने भी लिया भाग

अनंत ज्ञान



सरकाघाट। अखिल भारतीय किसान सभा का 36वां चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को तेलंगाना के नालगोंडा में किसानों की विशाल रैली के साथ शुरू हुआ। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश से राज्य अध्यक्ष राकेश सिंघा और महासचिव महेंद्र राणा के नेतृत्व में 14 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इनमें 12 पुरुष और दो महिला प्रतिनिधि शामिल हैं।

किसान सभा के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सम्मेलन में मंडी, शिमला, कुल्लू, सिरमौर, सोलन और कांगड़ा जिलों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। पहली बार हिमाचल से महिला प्रतिनिधियों की भी राष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी हो रही है। इनमें रामपुर की कृष्णा राणा और मंडी जिले के धर्मपुर खंड की एक प्रतिनिधि शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान देशभर में किसान सभा का झंडारोहण भी किया गया।

सम्मेलन के पहले दिन रैली को हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष राकेश सिंघा ने संबोधित किया और प्रदेश के किसानों की समस्याएं उठाईं। आगामी तीन दिनों में किसानों की मांगों और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

मंडी ने जीता महिला खो-खो खिताब पुरुष वर्ग में हमीरपुर बना चैंपियन

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। 21वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष खो-खो चैंपियनशिप का रविवार को जुखाला में समापन हुआ। महिला वर्ग में मंडी और पुरुष वर्ग में हमीरपुर की टीम ने खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग के फाइनल में मंडी ने हमीरपुर को हराकर ट्रॉफी जीती। मंडी की साक्षी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे स्थान के मुकाबले में सिरमौर ने सोलन को पराजित किया।

पुरुष वर्ग के फाइनल में हमीरपुर ने मंडी को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। हमीरपुर के आकर्षित मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे स्थान के मुकाबले में बिलासपुर ने कुल्लू को हराया। प्रतियोगिता में आयुषि और शिवम को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, शुभम और रितिका को सर्वश्रेष्ठ अटैकर तथा कृतिका राणा और रितेश को ऑलराउंडर का खिताब मिला। समापन समारोह में समाजसेवी एवं व्यवसायी अमित शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया तथा आयोजन के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की।

इस अवसर पर भारतीय खो-खो महासंघ के संयुक्त सचिव एवं प्रदेश महासचिव एलआर वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का ध्वज वर्ष 2027 में होने वाली राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के आयोजन के लिए कांगड़ा जिला संघ के महासचिव डॉ. संजय मनकोटिया को सौंपा गया। अगली प्रतियोगिता कांगड़ा में आयोजित होगी।

लोहारड़ी में बीएसएनएल टावर होने के बावजूद उपभोक्ता परेशान

अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल घाटी के लोहारड़ी क्षेत्र में मोबाइल उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एयरटेल और बीएसएनएल के टावर स्थापित किए गए हैं, लेकिन बीएसएनएल का नेटवर्क लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। क्षेत्र में एयरटेल की सेवाएं बेहतर चल रही हैं, जबकि बीएसएनएल का सिग्नल न के बराबर मिल रहा है। इससे बीएसएनएल उपभोक्ताओं में भारी रोष है। लोआई पंचायत के बलदेव, कमलेश कुमार, सुंदर सिंह, चांद कुमार और तिलक ठाकुर ने बताया कि लोआई, रोपड़ू और अंदरली दी मलाह सहित आसपास के गांवों में एयरटेल का नेटवर्क ठीक काम कर रहा है, जबकि बीएसएनएल का सिग्नल घरों के अंदर पहुंचते ही गायब हो जाता है। हालांकि, घरों से बाहर नेटवर्क मिल जाता है, लेकिन अंदर मोबाइल सेवा बाधित रहती है। इस कारण लोगों को जरूरी समय पर दूसरों से संपर्क करने में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। ग्रामीणों ने बीएसएनएल के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि लोहारड़ी में स्थापित टावर की तकनीकी खराबी को जल्द दूर किया जाए, ताकि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी बेहतर मोबाइल सुविधा मिल सके।

◆घरों के अंदर गायब हो जाता है नेटवर्क, ग्रामीणों ने बीएसएनएल के अधिकारियों से तकनीकी खराबी दूर करने की उठाई मांग

बाल दिवस पर डीएवी राजगढ़ के बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग



अनंत ज्ञान

राजगढ़। डीएवी सेंटेनरी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल राजगढ़ में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुदर्शन दीवाना के भक्तिमय भजन से हुआ। जूनियर विंग के शिक्षकों ने कव्वाली प्रस्तुत की। तरु कपिला ने हिंदी कविता पाठ किया, जबकि वर्षा ने शास्त्रीय और पाश्चात्य नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। राधिका चौहान ने भाषण और स्वरचित कविता से अपनी प्रतिभा दिखाई। समारोह का समापन हिमाचली लोकनृत्य नाटी के साथ हुआ।

इस अवसर पर एलकेजी से पांचवीं तथा छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का फूल भेंट कर अभिनंदन किया गया। छात्र कैबिनेट को भी प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर शर्मा ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानकर बड़े लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। सफलता के लिए मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

छोटाभंगाल-चौहार घाटी में भालू और तेंदुओं का आतंक

अनंत ज्ञान

◆महिला और भेड़पालकों पर हमले, ग्रामीणों ने वन विभाग से मांगा समाधान

रूपी ठाकुर, बरोट। छोटाभंगाल और चौहार घाटी में पिछले चार-पांच महीनों से भालुओं और तेंदुओं की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। जंगली जानवरों के हमलों में महिलाएं और भेड़पालक घायल हो रहे हैं, जबकि कई मवेशियों को भी मार दिया गया है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है।

चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के बड़ी झरवाड़ गांव में घास काट रही सेना देवी पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया। छोटाभंगाल के बड़ा ग्रां गांव में किसान की भेड़ और गाय को भालू ने मार डाला। कोठी कोहड़ गांव में दुधारू गाय पर हमला हुआ, जबकि लोहारड़ी में भेड़पालक की चार भेड़ों को भालू ने मार दिया।

बड़ा ग्रां पंचायत के नलहौता गांव की रुली देवी ने बताया कि पिछले सप्ताह रात को घर के आंगन में बने शौचालय की ओर जाते समय उन्हें मुख्य दरवाजे के पास भालू दिखाई दिया। शोर मचाने पर भालू उनके पीछे घर में घुस आया और नाखूनों से घायल कर दिया। परिवार के सदस्यों के शोर मचाने पर वह भाग गया।

खलैहल पंचायत प्रधान सुभाष ठाकुर, उपप्रधान भागमल ठाकुर, बड़ा ग्रां पंचायत प्रधान राजेंद्र कुमार और उपप्रधान सुदर्शन कुमार सहित ग्रामीणों ने वन विभाग से भालुओं और तेंदुओं को पकड़ने तथा लोगों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

वन विभाग उरला के आरओ शिवम रतन ने बताया कि विभाग को घटनाओं की जानकारी है। भालू के हमले में घायल लोगों को सरकार की ओर से 15 हजार से 75 हजार रुपए तक आर्थिक सहायता दी जाती है। जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

बागवानी

एचपी शिवा परियोजना के तहत 8.7 हेक्टेयर में विकसित हो रहा क्लस्टर, आधारभूत सुविधाओं पर 1.06 करोड़ खर्च

बही में 9,180 अमरूद के पौधों से संवरेगी किसानों की तकदीर

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान,सरकाघाट। प्रदेश सरकार द्वारा एशियन डेवल्पमेंट बैंक के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही हिमाचल प्रदेश उपोष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्य संवर्धन परियोजना (एचपी शिवा) प्रदेश के निचले क्षेत्रों में बागवानी आधारित आजीविका को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

परियोजना के माध्यम से किसानों को पारंपरिक खेती के विकल्प के रूप में आधुनिक एवं वैज्ञानिक बागवानी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंडी जिला के सरकाघाट क्षेत्र के विकास खंड गोपालपुर के गांव बही में अमरूद का क्लस्टर विकसित किया जा रहा है।

सरकाघाट क्षेत्र के बही गांव में लगभग 8.7 हेक्टेयर भूमि पर अमरूद की उन्नत किस्मों हिसार सफेदा और जारवी रेड के 9,180 पौधे रोपित किए गए हैं और 21 किसान इस पहल से जुड़ चुके हैं।





किसानों की भागीदारी से साकार हो रही बागवानी की पहल

सामुदायिक बागवानी उत्पादन एवं विपणन संघ (सीएचपीएमए) के प्रधान एवं लाभार्थी सुरेश ठाकुर बताते हैं कि उद्यान विभाग के सहयोग से किसानों ने उन्नत किस्मों के पौधे रोपित किए हैं। क्लस्टर में सोलर बाड़बंदी से पौधों को बेसहारा पशुओं और जंगली जानवरों से सुरक्षा मिल रही है। सिंचाई के लिए जलापूर्ति व्यवस्था और टपक सिंचाई प्रणाली विकसित की जा रही है। इससे किसानों को पारंपरिक फसलों के स्थान पर बागवानी को अपनाने का बेहतर विकल्प मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का किसानों को आधुनिक बागवानी से जोड़ने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जून, 2025 में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बही पहुंचकर क्लस्टर में पौधरोपण कार्य का शुभारंभ किया था। वर्तमान में पौधे लगभग एक वर्ष के हो चुके हैं और चार से पांच फुट तक ऊंचाई प्राप्त कर चुके हैं। उम्मीद है कि जल्द ही उत्पादन शुरू होने से किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी।

क्लस्टर विकास तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के निर्माण पर अब तक लगभग 1 करोड़ 6 लाख 54 हजार रुपए व्यय किए जा चुके हैं। परियोजना के तहत भूमि सुधार, खेतों का समतलीकरण, जल निकासी, सोलर बाड़बंदी और आधुनिक सिंचाई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

पारंपरिक खेती के मुकाबले बागवानी से बेहतर आमदनी की उम्मीद

लाभार्थी निर्मला देवी ने लगभग 10 बीघा भूमि पर अमरूद के पौधे लगाए हैं। पहले उनके खेतों में धान और गेहूं की पारंपरिक खेती होती थी, लेकिन पशुओं और जंगली जानवरों के कारण फसलों को नुकसान पहुंचता और अपेक्षित आमदनी नहीं हो पाती थी। परियोजना के तहत सोलर बाड़बंदी से अब पौधे सुरक्षित हैं और अच्छी बढ़वार कर रहे हैं। विभाग द्वारा सिंचाई प्रणाली, आवश्यक खाद एवं दवाइयों के संबंध में भी सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश सरकार और उद्यान विभाग का आभार व्यक्त किया।

स्थानीय स्तर पर बढ़े रोजगार के अवसर

एक अन्य लाभार्थी जगदीश चंद बताते हैं कि उनकी दो बीघा भूमि पर अमरूद के पौधे रोपित किए गए हैं। परियोजना से किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ गांव की युवा पीढ़ी को भी स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने इस पहल के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया।

उत्पादन से विपणन तक मिलेगा सहयोग

उद्यान विकास अधिकारी सरकाघाट शबनम राणा ने बताया कि परियोजना के तहत क्षेत्र की जलवायु के अनुरूप अमरूद, नींबू प्रजाति, अनार और लीची के क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। प्रत्येक क्लस्टर में सामुदायिक बागवानी उत्पादन एवं विपणन संघ (सीएचपीएमए) तथा जल उपयोगकर्ता संघ (डब्ल्यूयूए) गठित किए गए हैं, ताकि किसान सामूहिक रूप से बागवानी और सिंचाई सुविधाओं का बेहतर प्रबंधन कर सकें। उन्होंने बताया कि किसानों को ग्रेडिंग, पैकेजिंग, भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाओं से भी जोड़ा जाएगा। इससे उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिलने और आमदनी बढ़ने की उम्मीद है।

उर्दू लिखने के लिए देवनागरी अपनाने से उर्दू उत्कर्ष को प्राप्त होगी।
-खुशवंत सिंह

संपादकीय

महिला आरक्षण को मिलेगी नई राह?

संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन संबंधी विधेयक पारित कराने की सरकार की तैयारियों की खबरों ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। यदि सरकार इन विधेयकों को पारित कराने में सफल रहती है तो लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ हो सकता है। इसके साथ ही देश की राजनीतिक व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। सरकार ने इससे पहले इसी वर्ष अप्रैल में संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण संविधान संशोधन विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक पारित कराने का प्रयास किया था, लेकिन आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा पाने और विपक्षी दलों की एकजुटता के कारण उसे सफलता नहीं मिली। अब राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव के चलते सरकार को अपनी स्थिति पहले से मजबूत दिखाई दे रही है। द्रमुक का कांग्रेस से अलग होना, तृणमूल कांग्रेस में राजनीतिक टूट, आम आदमी पार्टी के आठ राज्यसभा सदस्यों का भाजपा में शामिल होना और महाराष्ट्र में शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के भीतर हुए राजनीतिक बदलावों ने विपक्षी एकजुटता को प्रभावित किया है।

सरकार ने मानसून सत्र में भी महिला आरक्षण और परिसीमन संबंधी विधेयक पारित कराने के संकेत दिए थे, लेकिन सदन में लगातार हंगामे के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाया। सरकार ने सत्रावसान नहीं किया, जिससे आवश्यकता पड़ने पर विशेष सत्र बुलाने का रास्ता खुला रहे। अब संभावना जताई जा रही है कि सरकार जल्द ही विशेष सत्र बुलाकर इन विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी। सत्तापक्ष का दावा है कि इस बार उसके पास आवश्यक दो-तिहाई बहुमत जुटाने की बेहतर संभावना है। साथ ही सरकार परिसीमन विधेयक में सभी राज्यों की लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि का प्रावधान लिखित रूप में शामिल करने की तैयारी कर रही है। पिछली बार यह प्रावधान विधेयक में स्पष्ट रूप से शामिल नहीं था और सरकार की ओर से केवल आश्वासन दिया गया था। विपक्ष ने इसी बात को मुद्दा बनाकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए थे। सभी राज्यों की सीटों में समान अनुपात में वृद्धि का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिसीमन के बाद किसी राज्य का लोकसभा में प्रतिनिधित्व का प्रतिशत पहले की तुलना में कम न हो।

दरअसल, दक्षिण भारत के कई राज्यों को आशंका है कि जनसंख्या के आधार पर होने वाले परिसीमन से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। इन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसे में उन्हें डर है कि अधिक आबादी वाले राज्यों की सीटें बढ़ने से संसद में उनका प्रभाव कम हो जाएगा। इसे वे जनसंख्या नियंत्रण में सफलता हासिल करने की सजा के रूप में देखते हैं। इस चिंता को दूर करने के लिए सभी राज्यों की मौजूदा सीटों में 50 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव महत्वपूर्ण हो सकता है। इससे राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व का मौजूदा अनुपात बनाए रखने में मदद मिलेगी। हालांकि, परिसीमन को लेकर विपक्ष की कुछ आपत्तियों पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, लेकिन इस प्रक्रिया को अनिश्चितकाल तक टालना उचित नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन लंबे समय से लंबित है। वर्ष 1976 में संवैधानिक संशोधन के माध्यम से इसे 25 वर्षों के लिए स्थगित किया गया था। इसके बाद वर्ष 2001 में भी अगले 25 वर्षों तक परिसीमन पर रोक लगा दी गई। इसका प्रमुख उद्देश्य उन राज्यों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुरक्षित रखना था, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया था।

आज देश की आबादी में भारी वृद्धि हो चुकी है और एक लोकसभा सदस्य पर औसतन 20 से 22 लाख लोगों के प्रतिनिधित्व का दबाव है। ऐसे में मौजूदा 543 लोकसभा सीटों के आधार पर ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की कांग्रेस की दलील पर भी विचार आवश्यक है। केवल मौजूदा सीटों पर आरक्षण लागू करने से प्रतिनिधित्व की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों के लिए अपने मौजूदा सांसदों की सीटें छोड़ना भी आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में परिसीमन के माध्यम से सीटों की संख्या बढ़ाना और उसके साथ महिला आरक्षण लागू करना समय की मांग है। देश की बढ़ती आबादी के अनुपात में संसद में प्रतिनिधित्व का विस्तार लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

आज की प्रमुख हस्ती

सौंदर्य और प्रतिभा का अनूठा संगम



मीनाक्षी शेषादि
जन्म : 16 नवंबर 1963

भारतीय सिनेमा में कई अभिनेत्रियों ने अपनी प्रतिभा और अदाकारी से अलग पहचान बनाई है। इन्हीं में एक नाम मीनाक्षी शेषाद्रि का है, जिन्होंने 1980 और 1990 के दशक में हिंदी फिल्मों में अपनी शानदार अभिनय क्षमता, आकर्षक व्यक्तित्व और बेहतरीन नृत्य कला से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उनका जन्म 16 नवंबर 1963 को बिहार के सिंदरी में एक तमिल भाषी परिवार में हुआ था। उनका वास्तविक नाम शशिकला शेषाद्रि था। बचपन से ही उन्हें भारतीय शास्त्रीय नृत्य में गहरी रुचि थी। उन्होंने भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक और ओडिसी जैसी चार शास्त्रीय नृत्य शैलियों का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध नृत्य गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम और जया रामा राव से नृत्य की बारीकियां सीखीं।

मीनाक्षी के जीवन में वर्ष 1981 महत्वपूर्ण साबित हुआ। महज 17 वर्ष की उम्र में उन्होंने ईव्स वीकली मिस इंडिया प्रतियोगिता जीतकर देशभर में पहचान हासिल की। इसके बाद उन्होंने जापान के टोक्यो में आयोजित मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया। सौंदर्य प्रतियोगिता में सफलता के बाद उन्होंने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। वर्ष 1983 में मनोज कुमार निर्मित फिल्म 'पेंटर बाबू' से उन्होंने अभिनय की शुरुआत की। हालांकि, इसी साल प्रदर्शित फिल्म 'हीरो' ने उन्हें रातोंरात लोकप्रिय बना दिया। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया और वह हिंदी सिनेमा की उभरती हुई अभिनेत्रियों में शामिल हो गईं।

इसके बाद उन्होंने 'मेरी जंग', 'स्वाति', 'दिलवाला', 'डकैत', 'शहंशाह', 'महादेव', 'आवारगी', 'जुर्म', 'घायल' और 'घर हो तो ऐसा' जैसी कई फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं। वर्ष 1993 में आई फिल्म 'दामिनी' उनके अभिनय करियर की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल रही। इसमें उनके दमदार अभिनय को समीक्षकों और दर्शकों दोनों की सराहना मिली।



कविता

चौकीदारों को खून भाया

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव (मंडी)

बरसाई लाठी तानी गन, शर्मसार किया लोकतंत्र हमारा
केंद्र ने बल प्रयोग कर जग हंसाई है करवाई
प्रदर्शन करते युवाओं को खूब पीटा मारा
काले अंग्रेजों, उन्होंने तुम्हारा क्या था बिगाड़ा
ऊंची आवाज में ही तो सुनाने गए थे
ऊंचा सुनने वाली राजधानी दिल्ली को
हक-इंसाफ मांगने वालों को फिर ऐसे क्यों तड़पाया
आई कहां से सोच यह सब फिरंगी और गुलाम की
लाठीचार्ज किया संसद की नाक तले, जबरदस्त है कहर बरपाया
भविष्य की आवाज दबाने कैसे-कैसे हुक्मरान हैं आए
भ्रष्टाचार निरंतर पेपर लीक ने धकेला पीछे देश को
काबिल घुट-घुट मर रहे क्यों छीन रहे हमसाया
बरसते आंसू गैस के गोलों से भिड़ते आगे बढ़ते
आज उतरा है युवा भारत सड़क पर
और जंतर-मंतर के चौकीदारों को खून है भाया।

दृष्टिहीन को रोशनी और निःसंतान को संतान दात्री है मां

हिमाचल प्रदेश की देवभूमि पर्वत श्रृंखलाओं में कदम-कदम पर देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों के प्राचीन धार्मिक स्थल अवस्थित हैं, जिनका अपना विशेष महत्व है। इन मंदिरों से अनेक किंवदंतियां और दंतकथाएं जुड़ी हुई हैं तथा प्रदेश के लोगों की इनके प्रति गहरी आस्था है। मंडी जनपद के उपमंडल जोगिन्दर नगर के बसाही गांव की गगनचुंबी पहाड़ी पर स्थित मां चतुर्भुजा मंदिर भी ऐसा ही एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जो आस्था, आध्यात्मिक शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम संगम है। धौलाधार की पर्वत श्रृंखलाओं की छांव में स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित करता है।



तुलसी राम डोगरा
(स्वतंत्र लेखक), पालमपुर।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

दंतकथाओं के अनुसार, मां चतुर्भुजा के दरबार में सच्चे मन से हाजिरी लगाने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मान्यता है कि पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान इस मंदिर का निर्माण करवाया था। कहा जाता है कि मां चतुर्भुजा ने सिकंदरधार की तलहटी में पांडवों को चतुर्भुज रूप में दर्शन दिए और सर्वकल्याण के लिए मंदिर स्थापित करने का आदेश दिया। पांडवों ने मां की आज्ञा का पालन करते हुए पिंडी रूप में उनकी स्थापना की तथा बड़े-बड़े चपटे पत्थरों से उसे ढक दिया। तभी से यह स्थान लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन गया। यह मंदिर निःसंतान महिलाओं को संतान का आशीर्वाद देने और आंखों की रोशनी लौटाने वाली माता के रूप में भी प्रसिद्ध है।

यह प्राचीन मंदिर जोगिन्दर नगर से लगभग 18 किलोमीटर दक्षिण में सरकाघाट-द्रुब्बल सड़क मार्ग पर बसाही धार के चक्का नामक बस ठहराव से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। समुद्रतल से लगभग छह हजार फुट की ऊंचाई पर सिकंदरधार की सुरम्य तलहटी में बना यह मंदिर चारों ओर से बांज, चीड़ और काफल के घने वृक्षों से घिरा हुआ है। मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग 1300 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। भक्त ढोलक और चिमटे की ताल पर माता के भजन गाते तथा जयकारे लगाते हुए इस कठिन चढ़ाई को भी आनंदपूर्वक पूरा करते हैं। रास्ते में श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए बेंच लगाए गए हैं। इसके अलावा सीढ़ियों वाले मार्ग को छत से ढका गया है, जिससे लोगों को धूप और बारिश से राहत मिलती है।

मंदिर परिसर में नवग्रह मंदिर भी स्थापित है, जहां श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा से नवग्रहों की पूजा-अर्चना करते हैं। परिसर में शेर और हनुमान की दिव्य प्रतिमाएं भी आकर्षण का केंद्र हैं। मंदिर से दूर बहती व्यास नदी और



चारों ओर फैली पर्वत श्रृंखलाओं का नजारा मन को असीम शांति प्रदान करता है। यहां से जोगिन्दर नगर और चौंतड़ा के बीच चलने वाली टॉय ट्रेन का दृश्य भी बेहद मनमोहक दिखाई देता है। इसकी छुक-छुक की आवाज पहाड़ों की शांत वादियों में एक अलग ही आनंद भर देती है। दूर-दूर तक फैली चांदी जैसी पहाड़ियां और हरियाली से आच्छादित प्राकृतिक दृश्य इस धार्मिक स्थल की सुंदरता को और बढ़ा देते हैं।

मंदिर में सुबह-शाम नियमित रूप से पूजा-अर्चना होती है। दूर-दूर से श्रद्धालु अलसुबह ही माता के दर्शन के लिए पहुंचने लगते हैं और कतारबद्ध होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं। मंदिर में बजने वाली घंटियों की मधुर ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना देती है। नवरात्र के दौरान यहां श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ता है। भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता के दरबार में मन्नत मांगते हैं और मनोकामना पूरी होने पर बैंड-बाजों के साथ दोबारा हाजिरी लगाने पहुंचते हैं। कई श्रद्धालु रातभर जागरण कर माता का गुणगान भी करते हैं।

मान्यता है कि मां चतुर्भुजा निःसंतान महिलाओं की गोद भरती हैं। वहीं, आंखों की रोशनी खो चुके रोगियों के बारे में भी ऐसी लोकमान्यता प्रचलित है कि सच्चे हृदय से प्रार्थना करने पर माता उनकी मनोकामना पूरी करती हैं। आंखों की रोशनी वापस आने पर श्रद्धालु चांदी जैसी धातु से बनी आंखें माता को भेंट स्वरूप अर्पित करते हैं। यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है और माता के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा को दर्शाती है।

मां चतुर्भुजा मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का विशेष स्थल है। यहां पहुंचकर लोग शहरों की भागदौड़ और जिंदगी की आपाधापी से दूर कुछ पल सुकून के बिताते हैं। मंदिर के आसपास का शांत वातावरण, ऊंची पर्वत चोटियां और दूर तक फैली हरियाली किसी चित्रकार की सुंदर कल्पना का एहसास कराती है।

इस मंदिर तक पहुंचने के लिए पर्यटक पठानकोट-बैजनाथ मार्ग से जोगिन्दर नगर आ सकते हैं। इसके अलावा मंडी, धर्मपुर और सरकाघाट से बस, निजी वाहन या टैक्सी के माध्यम से भी यहां पहुंचा जा सकता है। टॉय ट्रेन भी जोगिन्दर नगर पहुंचने का एक आकर्षक विकल्प है। कुल मिलाकर मां चतुर्भुजा मंदिर धार्मिक आस्था, प्राचीन मान्यताओं और प्राकृतिक सौंदर्य का ऐसा अनूठा संगम है, जहां श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और पर्यटकों को प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का अनुभव होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पहाड़ों की पुकार...अब संतुलित विकास की दरकार

प्रकृति ने मानव जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधनों की व्यवस्था की है। जल, जंगल, भूमि, पर्वत और नदियां केवल प्राकृतिक धरोहर ही नहीं, बल्कि जीवन के आधार भी हैं। प्रत्येक ऋतु और मौसम का अपना महत्व है, जो पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि इस संतुलन से छेड़छाड़ की जाए तो इसका दुष्परिणाम केवल प्रकृति ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को भी भुगतना पड़ता है। इसलिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग आवश्यकता और विवेक के अनुसार ही होना चाहिए।




विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

पिछले कुछ वर्षों से मानसून के दौरान हिमाचल प्रदेश को भारी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। थोड़ी-सी अधिक वर्षा होते ही भूस्खलन, बादल फटना, सड़कों का ध्वस्त होना, पुलों का बह जाना और मकानों का क्षतिग्रस्त होना आम बात बन गई है। हर वर्ष करोड़ों रुपए की सार्वजनिक संपत्ति नष्ट होती है और अनेक परिवार अपने आशियाने तथा आजीविका से वंचित हो जाते हैं। विकास कार्यों पर वर्षों में खर्च किए गए संसाधन कुछ ही घंटों में मलबे में बदल जाते हैं।

प्राकृतिक आपदाएं पूरी तरह रोकी नहीं जा सकतीं, लेकिन उनकी भयावहता को कम अवश्य किया जा सकता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि अनियोजित विकास, अंधाधुंध पर्वत कटान, अवैज्ञानिक निर्माण, नदियों और नालों के प्राकृतिक प्रवाह में हस्तक्षेप तथा वनों की कटाई ने पर्वतीय क्षेत्रों की स्थिरता को कमजोर किया है। परिणामस्वरूप सामान्य से अधिक वर्षा भी बड़े भूस्खलन और भू-क्षरण का कारण बन रही है। इसलिए विकास परियोजनाओं के साथ पर्यावरणीय मानकों का कठोरता से पालन करना समय की मांग है। प्रदेश में सड़क, भवन और अन्य आधारभूत ढांचों के निर्माण के दौरान वैज्ञानिक तकनीकों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ढलानों की



सुरक्षा के लिए रिटेनिंग वॉल, प्रभावी जल निकासी व्यवस्था, बायो-इंजीनियरिंग तकनीकों तथा स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप निर्माण पद्धतियों को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। जहां पेड़ों की कटाई अपरिहार्य हो, वहां व्यापक पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण में स्थानीय निकायों और पंचायतों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक पंचायत अपने क्षेत्र के भूस्खलन संभावित स्थलों की पहचान करे, जल निकासी व्यवस्था को नियमित बनाए तथा ढलानों पर स्थानीय प्रजातियों के पौधों और घास का रोपण सुनिश्चित करे।

मनरेगा और अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं के माध्यम से चेकडैम, वर्षा जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और ढलानों के स्थायी उपचार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा सकती है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही, आम नागरिकों की जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। यदि अवैध खनन, अनियोजित निर्माण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित हिमाचल की कल्पना कठिन होगी।

हिमाचल प्रदेश का भविष्य केवल चौड़ी सड़कों और ऊंची इमारतों से सुरक्षित नहीं होगा, बल्कि मजबूत पहाड़ों, स्वस्थ वनों, स्वच्छ नदियों और संतुलित विकास से सुरक्षित होगा। अब समय आ गया है कि सरकार, वैज्ञानिक संस्थान, संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय और आम जनता मिलकर दीर्घकालिक एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार करें। प्रकृति के साथ संतुलन ही सच्चा विकास है। यदि आज हमने पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी, तभी आने वाली पीढ़ियां एक सुरक्षित, समृद्ध और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हिमाचल का आनंद ले सकेंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बेरोजगारी की चुनौती और स्थायी रोजगार की आवश्यकता

बेरोजगारी आज देश और प्रदेश, दोनों के लिए गंभीर सामाजिक एवं आर्थिक चुनौती बन चुकी है। विशेष रूप से शिक्षित युवाओं के लिए स्थायी और सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। रोजगार केवल आय का साधन नहीं होता, बल्कि यह व्यक्ति और उसके परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का आधार भी है।

इसलिए रोजगार नीति ऐसी होनी चाहिए जो युवाओं को सुरक्षित भविष्य और आत्मनिर्भरता प्रदान कर सके।हाल के वर्षों में विभिन्न सरकारी विभागों में आउटसोर्स, अनुबंध और अन्य अस्थायी व्यवस्थाओं के माध्यम से नियुक्तियां की जाती रही हैं। इन व्यवस्थाओं से अनेक युवाओं को रोजगार का अवसर अवश्य मिला है, लेकिन कम वेतन, सीमित सेवा सुरक्षा और भविष्य की अनिश्चितता जैसी समस्याएं भी सामने आई हैं। कई आउटसोर्स कर्मचारी



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

वर्षों तक सेवाएं देने के बावजूद नियमित नियुक्ति की प्रतीक्षा करते रहते हैं। सरकार बदलने या नीतियों में परिवर्तन होने पर उनकी नौकरी भी असुरक्षित हो जाती है।

ऐसे में यह आवश्यक है कि अस्थायी रोजगार के साथ-साथ स्थायी और पारदर्शी भर्ती व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जाए। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने कुछ विभागों, बोर्डों, निगमों और शिक्षण संस्थानों में आउटसोर्स नियुक्तियों पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। इस कदम का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना माना जा रहा है। यदि इसके साथ रिक्त सरकारी पदों पर नियमित भर्ती प्रक्रिया भी तेज की जाए तो इससे हजारों शिक्षित युवाओं को लाभ मिल सकता है। युवाओं की अपेक्षा है कि सभी नियुक्तियां योग्यता, पारदर्शिता और समान अवसर के आधार पर हों। बेरोजगारी का एक कारण



युवाओं का सरकारी नौकरियों पर अत्यधिक निर्भर होना भी है। निजी क्षेत्र, स्वरोजगार और उद्यमिता में भी रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

राज्य सरकार द्वारा स्वरोजगार योजनाओं, परिवहन क्षेत्र में युवाओं को अवसर देने तथा विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार सृजन के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो और युवाओं को समय पर मार्गदर्शन तथा वित्तीय सहायता मिले तो वे स्वयं भी रोजगार सृजित कर सकते हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर और समाज के प्रति उत्तरदायी बनाना भी है। इसलिए विद्यालयों और महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बदलते रोजगार बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकेंगे। बेरोजगारी का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं होता, बल्कि इसका असर सामाजिक जीवन पर भी पड़ता है। लंबे समय तक रोजगार न मिलने से अनेक युवा मानसिक तनाव, निराशा और हताशा का सामना करते हैं। कुछ मामलों में नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों की ओर उनका झुकाव भी देखा गया है। यह स्थिति समाज और परिवार दोनों के लिए चिंता का विषय है। इसलिए युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में परिवार, शैक्षणिक संस्थानों और सरकार सभी की समान जिम्मेदारी है।

समय की मांग है कि प्रदेश में रिक्त सरकारी पदों को शीघ्र भरा जाए, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा निजी क्षेत्र और स्वरोजगार को भी समान महत्व दिया जाए। साथ ही युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा, रोजगार परामर्श और उद्यमिता के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। जब सरकार, समाज और युवा मिलकर इस दिशा में कार्य करेंगे, तभी बेरोजगारी की चुनौती का प्रभावी समाधान संभव होगा और युवा आत्मविश्वास के साथ विकास की मुख्यधारा में अपनी भूमिका निभा सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

दुनिया के 'नफरती शासकों' के लिए सन्देश हैं अमेरिकी उपचुनाव

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए संसद के दोनों सदनों सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में बहुमत हासिल कर लिया है। रिपब्लिकन पार्टी के दोनों सदनों में बहुमत खोने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शेष कार्यकाल के लिए अमेरिका में विभाजित सरकार की स्थिति बन गई है। 13 नवंबर 2026 तक घोषित आंकड़ों के अनुसार, 100 सदस्यीय सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी ने दो निर्दलीय सांसदों के समर्थन सहित 55 सीटें हासिल की हैं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी 44 सीटों पर सिमट गई है। वहीं, 435 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में बहुमत के लिए आवश्यक 218 सीटों के मुकाबले डेमोक्रेट्स ने घोषित 424 सीटों में से 255 सीटें जीत ली हैं, जबकि रिपब्लिकन पार्टी को 169 सीटें मिली हैं। इसे पिछले 112 वर्षों में प्रतिनिधि सभा के चुनावों में डेमोक्रेट्स की दूसरी सबसे बड़ी जीत बताया जा रहा है। इस चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों ने आयोवा, नॉर्थ कैरोलिना, मेन, साउथ कैरोलिना और मिसिसिपी जैसे पारंपरिक रिपब्लिकन गढ़ों में भी सेंध लगाई। इसके अलावा जॉर्जिया में कीशा लांस बॉटम्स पहली अश्वेत महिला गवर्नर और न्यू मैक्सिको में डेब हैलैंड पहली मूल अमेरिकी महिला गवर्नर चुनी गईं। मिशिगन से अब्दुल अल-सैयद पहले मुस्लिम सीनेटर और न्यू हैम्पशायर से क्रिस पप्पास पहले खुले तौर पर समलैंगिक पुरुष सीनेटर बने। जनवरी 2027 में नई कांग्रेस के कार्यभार संभालने के बाद ट्रंप के लिए अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना चुनौतीपूर्ण होगा। दोनों सदनों पर नियंत्रण होने से डेमोक्रेटिक पार्टी राष्ट्रपति की न्यायिक और कैबिनेट नियुक्तियों को रोकने के साथ ही व्हाइट हाउस की नीतियों और कामकाज की जांच भी कर सकेगी।



तनवीर जाफरी

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

इन चुनाव परिणामों ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अमेरिकी जनता को ट्रंप की 'मागा' यानी 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' मुहिम रास नहीं आई या फिर मतदाताओं ने इसके पीछे छिपे उनके कथित नफरती और पूंजीवादी एजेंडे को पहचान लिया है?



दरअसल, ईरान के साथ युद्ध और गाजा में इजरायली कार्रवाई के प्रति ट्रंप के समर्थन के अलावा चुनाव प्रचार में उनके सांप्रदायिक और विवादास्पद बयानों ने भी राजनीतिक माहौल को प्रभावित किया। उन्होंने मुस्लिम उम्मीदवारों को आतंकवाद से जोड़ने, उनकी नागरिकता पर सवाल उठाने और धार्मिक कानून लागू होने का डर दिखाने जैसे आरोप लगाए। मिशिगन से चुनाव जीतने वाले अब्दुल अल-सैयद को ट्रंप ने चुनावी रैलियों में बार-बार 'क्रूर', 'हिंसक' और 'जिहादी' कहा। यहां तक कि उन्होंने अल-सैयद को 'मोहम्मद' कहकर संबोधित किया और मतदाताओं से उन्हें हराकर वापस भेजने की अपील की, जबकि अल-सैयद का जन्म अमेरिका के मिशिगन में हुआ है। ट्रंप ने उनके विरोध में 9/11 आतंकी हमलों की तस्वीरों का भी इस्तेमाल किया।

ट्रंप ने प्रतिनिधि सभा की मुस्लिम सांसदों इल्हान उमर और रशीदा तालिब पर भी व्यक्तिगत हमले किए। उन्होंने सोमालिया मूल की इल्हान उमर के देश का उपहास उड़ाया और मुस्लिम समुदाय के लोगों की योग्यता पर सवाल उठाए। रशीदा तालिब और इल्हान उमर को उनके कथित मूल देशों में वापस भेजने जैसी बातें भी कहीं, जबकि दोनों अमेरिकी राजनीति का हिस्सा हैं। इतना ही नहीं, ट्रंप और उनके सहयोगियों ने यह प्रचार किया कि मुस्लिम उम्मीदवारों के जीतने से अमेरिका में शरिया कानून लागू हो जाएगा। बिना ठोस सबूत के उन्हें प्रतिबंधित संगठनों और मुस्लिम ब्रदरहुड से जोड़ने तथा उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाने की कोशिश की गई। इससे पहले न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में जोहरान ममदानी को भी ट्रंप ने कम्युनिस्ट, विदेशी और देशविरोधी बताकर निशाना बनाया था, लेकिन मतदाताओं ने उन्हें जीत दिलाई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

महिलाओं को 1500 और गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली का फैसला सराहनीय : आर्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस स्टेट पब्लिसिटी को-ऑर्डिनेटर एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश आर्य ने मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार योजना के तहत 3.50 लाख पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने गरीब परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने और 59 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की पेंशन 1050 से बढ़ाकर 1500 रुपए करने के निर्णय को भी सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिलेगा और हजारों परिवार लाभान्वित होंगे। आर्य ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित अदरक का न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपए और सी-ग्रेड सेब का खरीद मूल्य 13 रुपए प्रति किलो तय करने के फैसले का भी स्वागत किया। उन्होंने 1000 रोगी मित्रों की नियुक्ति, अस्पतालों में 561 कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) पद सृजित करने तथा स्वरोजगार योजना में बस खरीद पर 40 और इलेक्ट्रिक बसों पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने के निर्णयों को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से किसानों, बागवानों और युवाओं को लाभ मिलेगा।



डुब्लु में श्रीजी परिवार ट्रस्ट ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जुग्गा तहसील की ग्राम पंचायत बलोग के डुब्लु गांव में श्रीजी परिवार ट्रस्ट की ओर से आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 150 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक श्रीहित अभय शर्मा ने किया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. केडी शर्मा और आयुर्वेद विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल मेहता ने लोगों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। ट्रस्ट के संस्थापक अभय शर्मा ने शिविर में सहयोग देने वाले चिकित्सकों और सदस्यों का आभार जताया। स्थानीय पंचायत प्रधान मनोहर सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के लिए ट्रस्ट की सराहना की। शिविर के आयोजन में संजय आजाद, किशन सिंह, डॉली देवी, सुहानी, नैंसी और आर्या ने विशेष सहयोग दिया।

काफनू में संयुक्त जागरूकता शिविर आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। किन्नौर जिले की भावा घाटी की ग्राम पंचायत काफनू में 16 नवंबर को प्रातः 11 बजे पंचायत घर में एकदिवसीय संयुक्त जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में कृषि, ग्रामीण विकास, पशुपालन, उद्यान, राज्य सहकारी बैंक और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। शिविर के दौरान ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया और संबंधित विभागों की सुविधाओं से भी अवगत करवाया जाएगा।

नारकंडा में बर्फ के फाहों ने कारोबारियों की जगाई उम्मीद

शिमला में बढ़ी ठंड, सैलानियों की आमद बढ़ने का इंतजार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। प्रदेश की राजधानी शिमला और आसपास के पर्यटन क्षेत्रों में मौसम के करवट बदलते ही सर्दियों के पर्यटन सीजन की उम्मीदें भी परवान चढ़ने लगी हैं। रविवार को नारकंडा में बर्फ के फाहे गिरने से पहाड़ों ने सर्दियों की पहली खूबसूरत झलक पेश की, वहीं शिमला शहर में हल्की बारिश और ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट दर्ज कराते हुए मौसम का मिजाज बदल दिया।

मौसम के इस बदलाव ने जहां स्थानीय लोगों को ठंड का एहसास करवाया, वहीं पहाड़ों की खूबसूरती निहारने पहुंचे सैलानियों के लिए भी यह आकर्षण का केंद्र बन गया। लंबे समय से बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटन कारोबारियों को अब उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम ने साथ दिया तो शिमला और ऊपरी क्षेत्रों में पर्यटकों की आमद बढ़ सकती है।

जानकारी के अनुसार नारकंडा में बर्फ के फाहे गिरने से क्षेत्र का नजारा बदल गया। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना ने सर्दियों के मौसम का आनंद लेने के इच्छुक पर्यटकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। नारकंडा, कुफरी और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी पर्यटन के लिहाज से विशेष महत्व रखती है। इन क्षेत्रों में बर्फ की सफेद चादर बिछने के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले सैलानियों का आकर्षण बढ़ जाता है। हालांकि, फिलहाल व्यापक बर्फबारी का इंतजार है, लेकिन मौसम के बदले रुख ने पर्यटन सीजन को लेकर नई उम्मीदें पैदा कर दी हैं।

राजधानी शिमला में रविवार को हल्की बारिश की बौछारों और सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी। दिन के समय धूप खिलने के बावजूद ठंडी हवाओं का असर बना रहा। मौसम में आए इस बदलाव के चलते मालरोड, रिज मैदान और शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की आवाजाही देखने को मिली। पर्यटक सुहावने और ठंडे मौसम के बीच घूमते-फिरते और पहाड़ों की खूबसूरती का आनंद लेते नजर आए। मौसम के करवट बदलने से स्थानीय लोगों को भी अब सर्दियों के पूरी तरह शुरू होने का एहसास होने लगा है।

मौसम में ठंडक और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना से पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को आगामी दिनों में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। होटल संचालकों, टैक्सी ऑपरेटरों, रेस्टोरेंट कारोबारियों और अन्य पर्यटन व्यवसायियों का मानना है कि बर्फबारी होने पर पर्यटकों की आमद में तेजी आ सकती है। खासकर सप्ताहांत पर शिमला पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ने की संभावना से कारोबारियों को राहत मिलने की आस है।

बर्फबारी से चमकेगा पर्यटन सीजन

नारकंडा, कुफरी और आसपास के ऊंचाई वाले पर्यटन स्थलों पर अच्छी बर्फबारी होती है तो शिमला के पर्यटन कारोबार को भी इसका सीधा लाभ मिल सकता है। बर्फ देखने की चाह में आने वाले पर्यटक होटल, टैक्सी, खानपान और स्थानीय पर्यटन गतिविधियों से जुड़े कारोबार को गति देते हैं। ऐसे में मौसम अनुकूल बना रहता है और आने वाले दिनों में बर्फबारी होती है तो शिमला में इस बार सर्दियों का पर्यटन सीजन नई रफ्तार पकड़ सकता है।

खनन पट्टों के आवंटन श्वेत पत्र जारी करें सरकार : डीएस ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆चंबा की 165 बीघा सरकारी भूमि के खनन पट्टे पर भी उठाए सवाल

ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक डीएस ठाकुर ने प्रदेश में खनन पट्टों के आवंटन और राजस्व वसूली को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने चंबा में 165 बीघा सरकारी भूमि के खनन पट्टे और कैग रिपोर्ट में दर्ज आपत्तियों का हवाला देते हुए सरकार से पारदर्शिता का हिसाब मांगा।

ठाकुर ने कहा कि मार्च 2025 में विधानसभा में चंबा की 165 बीघा सरकारी भूमि के मामले पर चर्चा के दौरान उद्योग मंत्री ने बताया था कि आवेदन वर्ष 2015 में किया गया था और 2016 में लेटर ऑफ इंटेंट जारी हुआ था। उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2023 तक प्रदेश में 487 खनन पट्टे दर्ज थे। वहीं, बिलासपुर, शिमला और ऊना के चयनित खनन पट्टों से जुड़े जिला खनिज फाउंडेशन अंशदान में करीब 86.38 लाख रुपये की कमी सामने आई थी।

उन्होंने सवाल उठाया कि ऑडिट आपत्तियों के बाद कितनी राशि वसूल की गई और जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई? वर्ष 2024-25 में खनन से करीब 354 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने के बावजूद सरकार को बकाया रॉयल्टी, जुर्माने और वास्तविक वसूली का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करना चाहिए।

डीएस ठाकुर ने सरकार से खनन पट्टों के आवंटन, लाभार्थियों, सरकारी भूमि, नीलामी प्रक्रिया, स्वीकृतियों और राजस्व वसूली का जिलावार विवरण जारी करने की मांग की। उन्होंने दिसंबर 2022 से अब तक स्वीकृत नए खनन पट्टों और उनसे प्राप्त राजस्व की जानकारी सार्वजनिक करने के साथ श्वेत पत्र जारी करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी या सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के मामलों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

रोहडू में जुआ खेलते चार लोग दबोचे, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान



शिमला। शिमला जिले में अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रोहडू पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस टीम ने सज्जर-शेखल सड़क के समीप दबिश देकर इन लोगों को जुआ खेलते हुए पाया। मौके से 6,840 रुपए नकद और ताश के 52 पत्ते बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई 13 नवंबर को की गई। पुलिस थाना रोहडू की टीम को सज्जर-शेखल सड़क के पास जुआ खेलने की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद टीम ने मौके पर दबिश दी और वहां जुआ खेल रहे चार व्यक्तियों को काबू किया। इस मामले में पुलिस थाना रोहडू में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने नकदी और ताश के पत्तों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है। जुआ खेलने की गतिविधियों से जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगाया जा रहा है।

सांस्कृतिक विरासत और व्यापारिक परंपराओं का प्रतीक है लवी मेला : नेगी

अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का भव्य समापन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों और प्रतिभागियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। अंतरराष्ट्रीय लवी मेला-2026 का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पूर्व विधायक स्वर्गीय नंद लाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन रामपुर के सार्वजनिक जीवन की बड़ी क्षति है। जनसेवा के क्षेत्र में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

नेगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय लवी मेला बुशहर रियासत की समृद्ध विरासत और भारत-तिब्बत के सदियों पुराने व्यापारिक संबंधों का प्रतीक है। कभी इस मेले में ऊन, पश्मीना, नमक और सूखे मेवों का व्यापार होता था। आज यह हिमाचल की लोक संस्कृति, हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिला रहा है। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम-2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर भी जोर दिया।



राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को सम्मानित करते उपायुक्त अनुपम कश्यप।

समारोह में विभागीय प्रदर्शनियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। 'लवी इतिहास के झरोखे' को प्रथम, पशुपालन एवं कृषि विभाग को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बागवानी एवं वन विभाग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। हस्तशिल्प, हथकरघा और कलाकृतियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वालों को क्रमशः 5100, 3100 और 2100 रुपए दिए गए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल का भी अवलोकन किया।

इससे पूर्व उपायुक्त अनुपम कश्यप ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और मेले की गतिविधियों की जानकारी दी। समापन समारोह में हिमाचल सहित राजस्थान के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर देवेंद्र श्याम, बुद्धि सिंह ठाकुर, विकेश चौहान, देवानंद वर्मा, एसएसपी गौरव सिंह और लाल चंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

तीन साल से बंद नागजुब्बड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

इलाज के लिए 30-35 किलोमीटर दूर जाने को मजबूर ग्रामीण

अनंत ज्ञान



नागजुब्बड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।

प्रदीप कंवर, ठियोग। ठियोग विधानसभा क्षेत्र की धार कंदरू पंचायत में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली का आलम यह है कि यहां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नागजुब्बड़ पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ा है। जुलाई 2023 से स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने के कारण करीब 1,886 की आबादी वाले पंचायत क्षेत्र के लोगों को सामान्य उपचार के लिए भी 30 से 35 किलोमीटर दूर मतियाना जाना पड़ रहा है।

स्वास्थ्य केंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम की सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं, जबकि नर्स का पद भी लंबे समय से रिक्त चल रहा है। ठियोग क्षेत्र की अंतिम पंचायत होने के कारण यहां के कई गांव पहले ही भौगोलिक दुर्गमता और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। रछानी गांव सहित दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों के लिए अस्पताल पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऐसे में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र का बंद रहना ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा रहा है।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने का सबसे गंभीर असर गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले वर्ष पंचायत में करीब 25 बच्चों का जन्म हुआ, जबकि लगभग 150 लोग उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं। इन लोगों को नियमित जांच और स्वास्थ्य परामर्श के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। आपातकालीन स्थिति में समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल पाना ग्रामीणों के लिए बड़ी चिंता बना हुआ है। पंचायत प्रधान ममता शर्मा ने बताया कि पंचायत करीब 15 किलोमीटर के भौगोलिक क्षेत्र में फैली है और इसके कई गांव बेहद दुर्गम हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से नागजुब्बड़ स्वास्थ्य केंद्र में रिक्त पदों को जल्द भरकर स्वास्थ्य सेवाएं बहाल करने की मांग उठाई है।

उन्होंने बताया कि इस समस्या को जिला परिषद सदस्य आशा कंवर के समक्ष भी रखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तीन वर्षों से बंद स्वास्थ्य केंद्र को दोबारा शुरू करना अब बेहद जरूरी हो गया है, ताकि क्षेत्र के लोगों को उनके घर के समीप ही प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल सके।

भड़ेच में छह युवा मंडलों को बांटी खेल सामग्री की किट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। माय भारत शिमला की ओर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में महिला मंडल भवन भड़ेच में युवा मंडल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी विपिन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जिला शिमला के कोठी कोटला, बागी, अलावंग, बटाड़ा, घुंडा और भड़ेच के छह युवा मंडलों को वॉलीबॉल, बैडमिंटन, नेट, रैकेट, स्पोर्ट्स बैग सहित अन्य खेल सामग्री की किट वितरित की गई।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान तनुजा शर्मा, वार्ड सदस्य गुड्डी देवी, युवा मंडल प्रधान विकास शर्मा और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी आशिता शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्त हिमाचल के निर्माण की शपथ दिलाई गई। जिला युवा अधिकारी विपिन कुमार ने युवाओं से खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और सामाजिक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।



भड़ेच में युवा मंडलों को खेल सामग्री किट वितरित करते अधिकारी।

भगवान बिरसा मुंडा का जीवन जनजातीय स्वाभिमान का प्रतीक : संजीव कटवाल



अनंत ज्ञान

◆भाजपा ने जनजातीय गौरव दिवस पर दी श्रद्धांजलि, समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा का लिया संकल्प

ब्यूरो, शिमला। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भाजपा जनजातीय मोर्चा जिला शिमला की ओर से प्रदेश मुख्यालय दीपकमल, चक्कर में जनजातीय गौरव दिवस एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल सहित पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

संजीव कटवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और जनजातीय स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष कर जल, जंगल और जमीन पर जनजातीय समाज के अधिकारों की आवाज बुलंद की। उनके नेतृत्व में हुआ उलगुलान भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनजातीय मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शांता नेगी ने की। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को संगठित कर अन्याय और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनका बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, कर्ण नंदा, केशव चौहान, संजय सूद, किरण बाबा, प्रमोद ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में जनजातीय समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा का संकल्प लिया गया।

खेल महाकुंभ से युवाओं व महिलाओं को मिला प्रतिभा प्रदर्शन का मंच : विक्रमादित्य सिंह

सुन्नी में 10.37 करोड़ की परियोजनाएं जनता को समर्पित

अनंत ज्ञान



उपस्थित लोगों को संबोधित करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को सुन्नी में 10.37 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

उन्होंने सतलुज नदी पर 9.53 करोड़ रुपए से बने 145 मीटर लंबे थली स्टील सस्पेंशन पुल और 84 लाख रुपए से निर्मित लोक निर्माण विभाग के सरकारी आवासों का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्नी में शिमला ग्रामीण खेल महाकुंभ-2026 के समापन समारोह में शिरकत की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी प्रतिभा निखारने का बेहतर माध्यम हैं।

उन्होंने बताया कि एक माह तक चले खेल महाकुंभ में करीब 10 हजार युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। इस बार महिलाओं के लिए कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। चयनित चार शीर्ष टीमों को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सहयोग दिया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सड़क और पुल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। तपड़ी पुल के समीप बड़े पुल के निर्माण की योजना भी तैयार की जाएगी, ताकि मंडी सहित आसपास के क्षेत्रों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक सोहन लाल और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हिमाचल के सेब, शॉल और हस्तशिल्प को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने पर दिया जोर

विकसित भारत के निर्माण में महिला उद्यमिता की अहम भूमिका : राज्यपाल

अनंत ज्ञान



नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता।

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में महिला उद्यमिता, नवाचार, स्टार्टअप और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक साझेदारियां निर्णायक भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने कहा कि भारत अब केवल एक विशाल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार, निवेश, विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। वह नई दिल्ली में इंटरनेशनल बिजनेस चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित इंडियन ग्लोबल पार्टनरशिप कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। 'विकसित भारत@2047 के लिए महिला उद्यमिता एवं स्टार्टअप' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मंगोलिया, सूरीनाम और गुयाना सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत@2047 के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य केवल आर्थिक समृद्धि हासिल करना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, सामाजिक न्याय, समान अवसर और प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना भी है।

हिमाचल प्रदेश की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के सेब और अन्य फल, प्राकृतिक एवं जैविक उत्पाद, कांगड़ा की लघु चित्रकला, कुल्लू व किन्नौरी शॉल, चंबा रूमाल, हस्तशिल्प और पारंपरिक खाद्य उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के स्थानीय उत्पाद वैश्विक ब्रांड बन सकते हैं। इसके लिए गुणवत्ता प्रमाणन, बेहतर पैकेजिंग, प्रभावी ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तक पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सार्थक साझेदारी निभाने की जरूरत

राज्यपाल ने आईबीसीसीआई से महिला उद्यमियों, स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए सार्थक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां स्थापित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से हिमाचल के उद्यमियों को वैश्विक बाजारों, विदेशी निवेशकों और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जोड़ने पर बल दिया।

शिमला में नशा तस्करी और चोरी के छह आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जिला पुलिस ने नशा तस्करी और चोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन मामलों में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो मामलों में कुल 27.5 ग्राम चिट्टा बरामद किया, जबकि चोरी के मामले में बिजली की तारें शत-प्रतिशत बरामद की हैं। वहीं, शोघी में 14 नवंबर को स्पेशल सेल की टीम बसों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक बस में सवार ठियोग निवासी 31 वर्षीय रजत वेक्टा से करीब 8 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

उधर, रामपुर में पुलिस की डिटेक्शन टीम ने वजीर बावड़ी-ब्रो संपर्क सड़क पर खड़ी एक पिकअप की तलाशी ली। इस दौरान चालक की सीट के नीचे रखी पुड़िया से 19.5 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने रामपुर निवासी चालक खुशवंत को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

विकासनगर के निचले अंजी में निर्माणाधीन भवन से बिजली की तारें चोरी करने के मामले में ईस्ट थाना पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने चोरी की गई तारें पूरी तरह बरामद कर ली हैं। दो आरोपियों को नोटिस देकर जांच में शामिल किया गया, जबकि दो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने गिरफ्तार आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस तीनों मामलों में आगामी जांच कर रही है।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, पवीता (Pavita) (आयु 42) पत्नी श्री सरन दास, निवासी गांव रौंडी, डाकघर सुनारा, तहसील व जिला चंबा हि.प्र., घोषणा करती हूं कि मैं अपना नाम आधार संख्या 6162 8192 8048 में बबीता से बदलकर पवीता (Pavita) करवाना चाहती हूं। सभी संबंधित नोट करें।

न्यूज ब्रीफ

राजीव भवन में मनाया जनजातीय गौरव दिवस



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। राजीव भवन में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विधायक लाहौल-स्पीति, चेयरमैन आदिवासी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश एवं प्रदेश कांग्रेस की वरिष्ठ प्रवक्ता अनुराधा राणा ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, साहस, त्याग और जनजातीय समाज के अधिकारों के लिए दिए गए उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन, संघर्ष और विचार आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव अविस्मरणीय रहेगा।कार्यक्रम में पार्षद उमंग बांगा, उमा सूद, शशि, रमा, दीक्षा, मुकेश भाटिया सहित जिला कांग्रेस कमेटी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

बिरसा मुंडा के योगदान को किया याद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मुंसलिंग स्कूल रंगरिक में खंड स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार धर्मपाल नेगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा और देश की एकता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने युवाओं से पारंपरिक संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन और वेशभूषा को सहेजने का आह्वान किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने जनजातीय संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। खुरिक के प्रधान संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, जबकि नोडल अधिकारी अमर सिंह ने आभार जताया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

देवसदन में 23 को होगा साहित्यिक समारोह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। हिमतरु प्रकाशन समिति द्वारा 23 नवंबर को देवसदन कुल्लू में पुस्तक लोकार्पण एवं साहित्यिक समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जीसी चम्बयाल की पुस्तक 'हिमालय के एक गांव से इतिफाकन' तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक किशन श्रीमान के कहानी संग्रह 'आसमान गिर रहा है' का लोकार्पण होगा। दोनों पुस्तकों पर विस्तृत चर्चा भी की जाएगी। हिमतरु प्रकाशन के अध्यक्ष एवं संपादक रमेश पठानिया ने बताया कि आयोजन में कोई मुख्य या विशेष अतिथि नहीं होगा। साहित्य, संस्कृति, पर्यावरण, रंगमंच और शिक्षा से जुड़े लोगों सहित समस्त साहित्यप्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी से समारोह में भाग लेने की अपील की।

मनाली में मनाया जनजातीय गौरव दिवस



अनंत ज्ञान मनाली। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मनाली में जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जनजातीय समाज ने जल, जंगल, जमीन और अपनी अस्मिता की रक्षा का संकल्प लिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि बिरसा मुंडा का बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने उनके संघर्ष और उलगुलान आंदोलन को जनजातीय समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया। इस अवसर पर सुनील नेगी, चंद्रा पदान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

मणिकर्ण सड़क की दुर्दशा और जाम पर गरमाई सियासत

वरिष्ठ भाजपा नेता नरोत्तम सिंह ठाकुर बोले- आश्वासन नहीं, धरातल पर काम चाहिए

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान मुद्दा

ब्यूरो, कुल्लू। पार्वती घाटी की जीवनरेखा कही जाने वाली मणिकर्ण मुख्य सड़क की बदहाली और रोजाना लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम को लेकर क्षेत्र में आक्रोश चरम पर है। पर्यटन सीजन के पूरी तरह रफ्तार पकड़ने से पहले ही वीकेंड पर लग रहे मीलों लंबे जाम ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

इस गंभीर मुद्दे पर मुखर होते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता नरोत्तम सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने दो टूक कहा कि यह समस्या केवल यातायात की नहीं, बल्कि पार्वती घाटी के हजारों परिवारों की आजीविका और अर्थव्यवस्था पर मंडराता एक बड़ा संकट है। सरसाड़ी और बगियांदा के खतरनाक मोड़ों पर रोजाना घंटों जाम लगने के कारण सैकड़ों पर्यटक वाहन बीच रास्ते में ही फंस जाते हैं, जिससे निराश होकर सैलानी वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। नरोत्तम ने गहरी चिंता जताई कि इसका सीधा और घातक असर घाटी के पर्यटन कारोबार पर पड़ रहा है। होटल संचालक, गेस्ट हाउस मालिक, टैक्सी ऑपरेटर, दुकानदार और स्थानीय व्यापारी प्रतिदिन भारी आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पार्वती घाटी की आर्थिकी पूरी तरह पर्यटन पर निर्भर है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह उद्योग आज गंभीर संकट से जूझ रहा है। भाजपा नेता ने कुल्लू के विधायक और लाडा-साडा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का जिम्मा संभाल रहे जनप्रतिनिधि को आड़े हाथों लेते हुए सीधा सवाल किया कि पिछले चार वर्षों से मणिकर्ण सड़क की स्थिति लगातार क्यों बदतर होती जा रही है? उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मंत्री पद की दावेदारी व राजनीतिक गतिविधियों के लिए तो पूरी सक्रियता दिखाई जाती है, लेकिन क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए वैसी तत्परता क्यों गायब हो जाती है? उन्होंने आरोप लगाया कि उद्घाटन समारोहों में तो बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की जा रही है, लेकिन मणिकर्ण जैसी अति-महत्वपूर्ण सड़क की दुर्दशा से मुंह मोड़ा जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। नरोत्तम सिंह ठाकुर ने खुलासा किया कि कुछ दिन पहले ही स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम से मिलकर इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। संवेदनशील और दुर्घटना संभावित स्थानों पर नियमित रूप से ट्रैफिक पुलिस बल तैनात करने की मांग की गई थी, लेकिन धरातल पर आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है और प्रशासन की ओर से कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। इस पूरे हालात को लेकर भाजपा नेता ने सरकार के समक्ष एक साथ कई प्रमुख मांगें रखी हैं, जिसमें मणिकर्ण घाटी की मुख्य सड़क की तत्काल मरम्मत एवं स्थायी सुधार किया जाए। सरसाड़ी और बगियांदा के संवेदनशील मोड़ों पर तत्काल ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती की जाए। वीकेंड और पर्यटन सीजन के दौरान विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाए। सड़क सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर उसकी समयसीमा सार्वजनिक की जाए और घाटी के पर्यटन कारोबार व स्थानीय लोगों को हो रहे आर्थिक नुकसान को पूरी गंभीरता से लिया जाए।

उन्होंने पार्वती घाटी के सभी जागरूक नागरिकों, व्यवसायियों और आम जनता से अपील की है कि वे पार्टी राजनीति से ऊपर उठकर अपनी घाटी के भविष्य और हक के लिए एक मंच पर आएं। उन्होंने सरकार और स्थानीय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अब जनता को कोरे आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस समाधान चाहिए केवल उद्घाटन नहीं, वास्तविक विकास चाहिए और भाषणबाजी की बजाय धरातल पर काम दिखना चाहिए। मणिकर्ण सड़क सुधरेगी, तभी घाटी का पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटेगी।

अटल सदन में बिखरे प्रतिभा और संस्कृति के इंद्रधनुषी रंग

साई स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह



अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के ऋतु राज कॉम्प्लेक्स स्थित साई स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 'सेलिब्रेटिंग टैलेंट, कल्चर एंड एक्सीलेंस' थीम के साथ अटल सदन में धूमधाम से आयोजित हुआ।

इस दौरान शिक्षा जगत में एक अनुकरणीय पहल करते हुए विद्यालय प्रबंधन ने किसी राजनेता या प्रशासनिक अधिकारी के स्थान पर अपने मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। समारोह में शैक्षणिक सत्र की 12वीं कक्षा की टॉपर अनामिका के माता-पिता राधे श्याम एवं बिमला देवी ने मुख्य अतिथि और 10वीं कक्षा की सहज शर्मा के माता-पिता रवि कुमार शर्मा एवं गीता देवी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज पारंपरिक दीप प्रज्वलन और 'सरस्वती वंदना' के साथ हुआ। स्कूल चेयरमैन नीलेश गौतम ने स्वागत संबोधन में कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे माता-पिता का त्याग ही असली ताकत है। प्रधानाचार्या अंजना ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व पीटीए अध्यक्ष अमर चंद ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना की। मंच पर नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। नन्हे बच्चों के 'इमेजिनेशन' व 'जंगल डांस', यूकेजी के 'कांगड़ी व चंबयाली लोक नृत्य', आठवीं के 'किन्नौरी नाटी', दसवीं के 'शिमला नाटी' और सूत्रधार डांस ग्रुप की 'कुल्लवी नाटी' ने देवभूमि की संस्कृति को जीवंत किया। इसके अलावा राजस्थानी, कश्मीरी और दक्षिण भारतीय नृत्यों के जरिए 'अनेकता में एकता' का संदेश दिया गया। पांचवीं की 'कृष्णा थीम' और नौवीं कक्षा द्वारा 'रामायण' के सजीव मंचन ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में 11वीं-12वीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'आदि योग' और 'भांगड़ा' ने दर्शकों में नई ऊर्जा भर दी। इसके बाद शाम 5:00 बजे हिमाचल के सुप्रसिद्ध स्टार लोक गायक कुशल वर्मा ने मंच संभालते हुए अपने सुपरहिट पहाड़ी गीतों- 'रंग बरसे बड़ा बांका' और 'पैडल मारी-मारी साइकिल तू चलांदी' सहित पारंपरिक कुल्लवी नाटियों की ऐसी झड़ी लगाई कि पूरा अटल सदन झूम उठा। भव्य ग्रैंड फिनाले और धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

मुख्यमंत्री कुल्लूवासियों को ठगने का कर रहे काम: गोविंद

अनंत ज्ञान

मनाली। पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को झूठ बोलते बोलते चार साल हो गए हैं। प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि गारंटी तो कांग्रेस की यह थी कि 18 से 59 साल की सभी महिलाओं को 1500 रुपए देने और पांच साल में पांच लाख सरकारी नौकरी देनी थी।

हकीकत यह है कि अभी पिछले दिनों मंत्री मंडल की बैठक में निर्णय लिया कि सिर्फ साढ़े तीन लाख महिलाओं को ही 1500 रुपए महीना दिया जाएगा। प्रदेश में महिलाओं की कुल संख्या 28 लाख के करीब है। मुख्यमंत्री कुल्लू जाते है तो लाहौल की महिलाओं को 1500 मिलने की बात करते हैं और मंडी जाते हैं तो कुल्लू की महिलाओं को 1500 देने की बात करते हैं। यह प्रदेश की 28 लाख महिलाओं के साथ धोखा है। गोविंद ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में 10 गारंटियों के नाम पर सुक्खू सरकार ने प्रदेश के किसानों, बागवानों, नौजवानों ओर महिलाओं को ठगने का काम किया है। कांग्रेस सरकार ने अपने चेहतों को लाभ पहुंचाने के लिए सारी सीमाएं तोड़ दी है। अपने विधायकों को ठगने वाले मुख्यमंत्री जनता का क्या भला करेंगे। कुल्लू के लोग आज भी सुंदर ठाकुर को मंत्री बनने का इंजतार कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि मुख्यमंत्री कुल्लू वासियों को ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार केंद्र पर आरोप लगाकर पिछले चार सालों से पैसे का रोना रो रही है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश में हो रहे अधिकतर विकास के कार्य केंद्र के सहयोग से ही हो रहे हैं। प्रदेश सरकार का अब जाने का समय हो गया है। यही कारण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री आनन फानन में पूर्व सरकार के कार्यों पर अपना फट्टा चिपकने का कार्य कर रही है।

सियाल गांव में चोरों ने किराये के मकान का ताला तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के गहने चुराए

अनंत ज्ञान, मनाली। पर्यटन नगरी मनाली के सियाल गांव में चोरों ने किराये के मकान को निशाना बनाते हुए करीब तीन लाख रुपए की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोर मकान का ताला और कुंडी तोड़कर कमरे में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस थाना मनाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) निवासी शिवा वर्तमान में मनाली के सियाल गांव में किराये के मकान में रह रहे हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत रात करीब 11 बजे जब वह अपने कमरे में पहुंचे तो दरवाजे का ताला और कुंडी टूटी हुई थी। अंदर जाने पर कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का लॉकर भी खुला हुआ था। जब उन्होंने सामान की जांच की तो उनकी पत्नी का एक पर्स गायब पाया गया। पर्स में करीब तीन लाख रुपए नकद के अलावा सोने का एक मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन और चांदी की पायल का एक जोड़ा रखा हुआ था। चोर नकदी और सभी आभूषण लेकर फरार हो चुके थे। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मनाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस घटनास्थल से जुड़े साक्ष्यों के आधार पर जांच कर रही है। साथ ही चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।



पुलिस भर्ती: युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल पुलिस की वर्दी पहनकर देश और समाज की सेवा करने का सपना संजोए युवाओं का उत्साह कुल्लू में लगातार देखने को मिल रहा है। कुल्लू पुलिस कांस्टेबल भर्ती प्रक्रिया के चौथे दिन भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने पूरे जोश, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ शारीरिक दक्षता परीक्षा (पैट) और शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी) में हिस्सा लिया।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान मैदान में उतरे अभ्यर्थियों के चेहरों पर सफलता की उम्मीद और अपने लक्ष्य को हासिल करने का जुनून साफ दिखाई दिया। किसी के लिए यह वर्षों की मेहनत को परिणाम तक पहुंचाने का अवसर है तो किसी के लिए पुलिस की वर्दी पहनकर समाज की सेवा करने के सपने की पहली बड़ी सीढ़ी। शारीरिक परीक्षाओं में अभ्यर्थियों ने अपनी क्षमता, फिटनेस और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। कुल्लू पुलिस की ओर से भर्ती प्रक्रिया को लेकर साझा किए गए संदेश में अभ्यर्थियों के उत्साह, अनुशासन और मेहनत की सराहना की गई। पुलिस ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके सपनों को साकार करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

केलांग में जनजातीय गौरव दिवस मनाया, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को नवाजा

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। जिला लाहौल-स्पीति मुख्यालय केलांग स्थित संग्रहालय में रविवार को जनजातीय गौरव दिवस-2026 साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार ने दीप प्रज्वलित कर तथा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर तहसीलदार विकास कुमार ने मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार को लाहौली टोपी एवं खतग पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक लाहौली राग की प्रस्तुति से हुई। इसके बाद इस राग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, विशेषताओं और लाहौल की सांस्कृतिक परंपरा में इसके महत्व की जानकारी दी गई। अपर केलांग स्वयं सहायता समूह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला केलांग और उदयपुर के प्रतिभागियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर स्थानीय संस्कृति की सुंदर झलक पेश की। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक मॉडलिंग के माध्यम से लाहौल-स्पीति के पारंपरिक पहनावे और विविधता को भी प्रदर्शित किया। अपने संबोधन में परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन, जनजातीय अधिकारों के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन जनजातीय समाज के स्वाभिमान, साहस, संघर्ष और एकता का प्रतीक है। जनजातीय गौरव दिवस उनके आदर्शों और जल, जंगल तथा जमीन की रक्षा के प्रति समर्पण को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति की समृद्ध संस्कृति, परंपराएं और ऐतिहासिक धरोहरें जिले की विशिष्ट पहचान हैं। युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के प्रति समर्पित रहने, जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर कुराश खेल में उपलब्धि हासिल करने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मडग्रां की छात्रा, भाला फेंक प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले शांशा स्कूल के छात्र ऋषिक तथा टेबल टेनिस में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले गोंधला स्कूल के विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में तहसीलदार विकास कुमार, एआरसीएस अखिल सिंह ठाकुर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद, उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. पूनम ठाकुर, परियोजना निदेशक आत्मा अनूप कतना और जल शक्ति विभाग के एसडीओ संजय बोध सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में अश्वनी कुमार ने सभी प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

अरछंडी नाला से टोलीआगे सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ

ग्रामीणों ने जताया विधायक भुवनेश्वर गौड़ का आभार

अनंत ज्ञान



पतलीकूहल। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की अरछंडी पंचायत में अरछंडी नाला से टोलीआगे तक सड़क मार्ग के सुधार एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस सड़क के सुधार के लिए अपनी विधायक निधि से डेढ़ लाख रुपए की राशि स्वीकृत की थी।

स्वीकृत राशि मिलने के बाद अब धरातल पर कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क सुधार कार्य शुरू होने से पंचायतवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक भुवनेश्वर गौड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में था। इसके चलते पैदल चलने वाले लोगों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती थी। सड़क ठीक होने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी और उनका दैनिक आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होगा। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष अमर चंद, पूर्व वार्ड पंच बुद्धि सिंह, राकेश ठाकुर, शोभे राम और वर्तमान पंच संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग एवं पंचायतवासी उपस्थित रहे। सभी ने विधायक का धन्यवाद करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों में भविष्य में भी इसी तरह सहयोग मिलने की उम्मीद जताई।

आस्था | देवी-देवताओं के आगमन से माहौल हुआ भक्तिमय, दर्शनों के लिए उमड़े भक्त

त्रिलोकनाथ धाम पहुंचे राजा घेपन सहित चार देवी-देवता

- देवी बोटी, देवी हिडिंबा और देवता 18 नाग भी रहे मौजूद

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। जनजातीय जिला लाहौल के अधिष्ठाता देवता राजा घेपन इन दिनों लाहौल के प्रवास पर हैं। इसी देव यात्रा की कड़ी में राजा घेपन ने देवी बोटी, देवी हिडिंबा और देवता 18 नाग के साथ भगवान त्रिलोकीनाथ की पावन नगरी त्रिलोकनाथ धाम में आगमन किया।

चार प्रमुख देवी-देवताओं के एक साथ पधारने से समूचा त्रिलोकनाथ धाम भक्तिरस और आध्यात्मिक आभा से सराबोर हो उठा है। देवी-देवताओं के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और क्षेत्र में पारंपरिक देव संस्कृति का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है।देवी-देवताओं के त्रिलोकनाथ पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने लाहौल की समृद्ध देव परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुरूप उनका भव्य स्वागत एवं सत्कार किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने देवताओं के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों, देव लाव-लश्कर और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस धार्मिक आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। इसके उपरांत देवता राजा घेपन, देवी बोटी, देवी हिडिंबा और देवता 18 नाग अपने पूरे लाव-लश्कर सहित भगवान त्रिलोकीनाथ के मंदिर पहुंचे और आराध्य देव के समक्ष शीश नवाया।

भगवान त्रिलोकीनाथ के दर्शन एवं भेंट के पश्चात देवी-देवताओं के रथों को मंदिर परिसर में ही विराजमान रखा गया है। देव परंपरा के अनुसार यहां घाटी की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण सहित आने वाले समय से जुड़े विषयों पर देवताओं के मध्य विचार-विमर्श की परंपरा निभाई जाएगी। यह आयोजन लाहौल की प्राचीन देव संस्कृति, धार्मिक आस्था और आपसी आध्यात्मिक संबंधों की गहरी विरासत को भी प्रदर्शित करता है।देव यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज त्रिलोकनाथ में पुजारा के घर आयोजित होने वाले जागरा अनुष्ठान में देवी-देवता भाग लेंगे। इसके पश्चात 16 नवंबर को भी त्रिलोकनाथ में एक अन्य जागरा अनुष्ठान में शामिल होने के बाद देवी-देवताओं का कारवां हिंसा गांव की ओर प्रस्थान करेगा। लाहौल के आराध्य राजा घेपन सहित अन्य देवी-देवताओं के आगमन ने त्रिलोकनाथ धाम की धार्मिक गरिमा और आध्यात्मिक वातावरण को विशेष ऊंचाई प्रदान की है। इस पावन अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ दूर-दराज से पहुंच रहे श्रद्धालु भी देव दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त कर रहे हैं। आस्था, परंपरा और देव संस्कृति के इस अनूठे संगम ने एक बार फिर लाहौल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की दिव्यता को जीवंत कर दिया है।

एवीबीपी के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का शुभारंभ



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू विभाग (जिला कुल्लू एवं जिला लाहौल-स्पीति) का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग ललित महाजन सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग में शुरू हुआ। अभ्यास वर्ग का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री सचिन सपटा, जिला प्रमुख कुल्लू टीकम ठाकुर, विभाग संयोजक अभिनव कश्यप और खेलो भारत प्रांत सह प्रमुख डॉ. ज्योति बाला विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विभाग संयोजक अभिनव कश्यप ने बताया कि अभ्यास वर्ग में विभिन्न संगठनात्मक एवं वैचारिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। सत्रों से पहले कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले की विभिन्न इकाइयों की बैठकें हुईं, जिनमें संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। 'वैचारिक यात्रा' विषय पर टीकम ठाकुर ने विद्यार्थी परिषद की स्थापना, संघर्षपूर्ण यात्रा, विचारधारा और गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। वहीं, 'सैद्धांतिक भूमिका' विषय पर डॉ. ज्योति बाला ने संगठन के मूल सिद्धांतों और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभ्यास वर्ग का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और दायित्वों के प्रति जागरूक करना है। दिनभर चले सत्रों के बाद रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभ्यास वर्ग से कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक समझ, वैचारिक स्पष्टता और नई ऊर्जा का संचार हुआ।

गद्दी समुदाय की छह वंचित उपजातियों को राजस्व रिकॉर्ड में हक दिलाने की मांग

शीतकालीन सत्र में मुद्दा उठाने के लिए प्रदेश सरकार को दिया अल्टीमेटम

- हिमालयन गद्दी यूनियन ने मुख्यमंत्री से मांगा 5 से 10 मिनट का विशेष समय
- कहा- चार साल से सरकार के साथ चल रहे मांग पर नहीं हुआ फैसला

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। हिमालयन गद्दी यूनियन ने गद्दी समुदाय की छह वंचित उपजातियों के नाम के साथ राजस्व रिकॉर्ड में दोबारा 'गद्दी' शब्द जोड़ने की मांग उठाई है। यूनियन ने प्रदेश सरकार से आगामी शीतकालीन विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को सदन में उठाकर स्थायी समाधान करने की अपील की है। धर्मशाला में पत्रकारवार्ता के दौरान यूनियन के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले कई वर्षों से यह मामला सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष उठाया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि गद्दी कोई जाति नहीं, बल्कि एक समुदाय है। इसकी छह वंचित उपजातियां अपने नाम के साथ गद्दी शब्द दोबारा जुड़वाना चाहती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि राजस्व रिकॉर्ड में सुधार के इस मामले को कभी जनजातीय तो कभी राजस्व विभाग के पास भेजकर क्यों उलझाया जा रहा है।

विधानसभा में चर्चा की मांग: डॉ. महेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि शीतकालीन सत्र के शुरुआती दिनों में इस विषय पर पांच से दस मिनट का समय दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे केवल जीरो ऑवर तक सीमित न रखकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत सदन में उठाया जाए और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री को याद दिलाया आश्वासन: यूनियन ने मुख्यमंत्री को दाड़ी मेला ग्राउंड में दिए गए पुराने आश्वासन की याद दिलाई। डॉ. महेंद्र सिंह के अनुसार मामले की चार बार जांच हो चुकी है और सभी दस्तावेज सरकार के पास उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि मांग पूरी करने के लिए अतिरिक्त बजट की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह राजस्व रिकॉर्ड में सुधार का विषय है। यूनियन ने सीएम से 5 से 10 मिनट का विशेष समय मिलने के लिए मांगा है। साथ ही चेतावनी दी कि मांग की अनदेखी होने पर समुदाय आंदोलन और प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल में 19 को आयोजित होगा 'स्टडी इन कनाडा' इन्फॉर्मेशन सेशन

अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट। विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रताप वर्ल्ड स्कूल में 19 नवंबर को 'स्टडी इन कनाडा' इन्फॉर्मेशन सेशन आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के प्रतिनिधि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मार्गदर्शन देंगे। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो से अप्रतिम मुखोपाध्याय और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया से तनुश्री भट्टाचार्य विद्यार्थियों से संवाद करेंगी। प्रधानाचार्य शुभ्रा रानी ने कहा कि सही विश्वविद्यालय का चयन विद्यार्थियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, संस्थान के निदेशक सन्नी महाजन ने कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक शैक्षणिक अवसरों से परिचित करवाना है। विशेष रूप से नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अभिभावकों सहित आमंत्रित किया गया है।

भीख मांगने और कूड़ा बीनने वाले बच्चों के समग्र विकास का प्रयास हुआ साकार

21 वर्ष पहले दो कमरों में झुग्गी बस्ती के बच्चों के लिए हॉस्टल किया था शुरू

- 600 से अधिक युवाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। तिब्बती बौद्ध भिक्षु जमयांग ने 21 वर्ष पहले जब भीख मांगने और कूड़ा बीनने वाले बच्चों के समग्र विकास के लिए छोटा सा प्रयास शुरू किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि वह हजारों लोगों की जिंदगी बदल देगा। टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट की मदद से वही बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, फिजियो थैरेपिस्ट, पत्रकार, होटल मैनेजर बनकर समाज की मुख्य धारा में आ रहे हैं।

वर्ष 2005 में किराए के दो फ्लैट लेकर झुग्गी बस्ती के बच्चों के लिए हॉस्टल शुरू किया गया था और उन्हें दयानंद मॉडल स्कूल में दाखिला मिला था। वर्ष 2011 में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हॉस्टल का उद्घाटन दलाईलामा ने किया था। फिर उसी परिसर में दसवीं कक्षा तक का स्कूल भी शुरू किया गया। झुग्गीवासियों के सैकड़ों बच्चे वहां पढ़ाई कर चुके हैं। कुछ बच्चे अपने घरों से स्कूल आते हैं। भिक्षु जामयांग ने अनेक निशुल्क वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स शुरू करके अब तक गरीब परिवारों के 600 से अधिक युवाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है। इनमें इलेक्ट्रीशियन, कुकिंग, ड्राइविंग, सिलाई, कढ़ाई और कचरा प्रबंधन जैसे कोर्स के शामिल हैं। वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर के प्रभारी नरेश राव के अनुसार ज्यादातर युवक-युवतियां नौकरी या अपना रोजगार शुरू कर चुके हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो पहले भीख मांगते थे या फिर कूड़ा बीनकर जिंदगी बसर करने पर मजबूर थे। भिक्षु का विजन यहीं तक सीमित नहीं है। उन्होंने झुग्गी बस्तियों के लिए स्वास्थ्य की एक बड़ी परियोजना भी शुरू की है। एक बड़ी वातानुकूलित बस में मोबाइल क्लीनिक भी चलाया जा रहा है, जिससे सभी प्रकार के टेस्ट, दवाइयां और एक्स-रे की सुविधा गरीब बस्तियों में उपलब्ध हुई है। इससे 25 हजार से अधिक जनसंख्या को लाभ मिल रहा है।

विवेकानंद केंद्र की प्रतियोगी परीक्षा में 1100 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



अनंत ज्ञान

आशीष दमीर, कांगड़ा। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की शाखा कांगड़ा की ओर से रविवार को कांगड़ा व मंडी जिला के विभिन्न स्कूलों में विवेकानंद केंद्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1100 छात्र-छात्राओं ने अपने विवेक व बुद्धिमत्ता का परिचय दिया।

गौरतलब है कि विवेकानंद केंद्र कांगड़ा द्वारा हर साल प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान, इतिहास, कंप्यूटर, सामान्य जागरुकता, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, तर्कशक्ति एवं गणित आदि पर आधारित 200 प्रश्न पूछे जाते हैं। रविवार को आयोजित परीक्षा के लिए न्यू एरा स्कूल आफ साइंसेज छतरी शाहपुर, स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल घुरकड़ी, रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां व रेनबो इंटरनेशनल स्कूल भवारना के अतिरिक्त मंडी जिले में राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल को केंद्र बनाया गया था। इस प्रतियोगिता में नवमी, दसवीं, 11वीं , 12वीं तथा कॉलेज स्तर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विभिन्न श्रेणियां में आयोजित प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को 12 जनवरी विवेकानंद जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री का आज धर्मशाला आगमन पर होगा भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के शीतकालीन सत्र के लिए धर्मशाला आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह समारोह सोमवार को प्रात: 10 बजे धर्मशाला में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के मुख्यालय के बाहर होगा। राज्यसभा सांसद एवं जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों, सभी 15 ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों और उनकी कार्यकारिणियों के सदस्यों के साथ-साथ पार्टी के अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने विशेष रूप से उन कार्यकर्ताओं से भी समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर संगठन के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों के साथ इन साथियों की उपस्थिति पूरे कांगड़ा जिले की भागीदारी को दर्शाएगी।

पौंग जलाशय के सिहाल में छोड़े 13,98,995 मत्स्य बीज

अनंत ज्ञान



रविंद्र चौधरी, फतेहपुर। पौंग जलाशय के मत्स्य संसाधनों को समृद्ध बनाने और मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग हिमाचल प्रदेश की ओर से 14 व 15 नवंबर को सिहाल क्षेत्र में विशेष मत्स्य बीज संचयन अभियान चलाया गया। इस दौरान जलाशय में विभिन्न प्रमुख प्रजातियों के कुल 13,98,995 मत्स्य बीज छोड़े गए। इनमें 8,80,650 रोहू, 1,15,005 मृगल तथा 4,03,340 कतला प्रजाति के बीज शामिल हैं।

अभियान का नेतृत्व सहायक निदेशक मत्स्य पालन (20 प्वाइंट्स) डॉ. सोम नाथ ने किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक मत्स्य पालन पौंग बांध संदीप कुमार भी उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में सहायक निदेशक मत्स्य पालन पालमपुर राकेश कुमार तथा वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी पतलीकूहल अरुणकांत वर्मा ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि पौंग जलाशय में रोहू, मृगल और कतला जैसी प्रमुख भारतीय कार्प प्रजातियों के बीजों का संचयन जलाशय की मत्स्य उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे आने वाले समय में मछलियों की उपलब्धता बढ़ने के साथ मत्स्य उत्पादन में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। सहायक निदेशक डॉ. सोम नाथ ने कहा कि विभाग का उद्देश्य नियमित रूप से मत्स्य बीज संचयन कर जलाशय के मत्स्य संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। इससे पौंग जलाशय से जुड़े मछुआरों को भविष्य में मछली पकड़ने के अधिक अवसर मिलेंगे और उनकी आय एवं आजीविका को मजबूती मिलेगी। उन्होंने मछुआरों से मत्स्य संसाधनों के संरक्षण तथा विभागीय नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग जलाशय के वैज्ञानिक एवं सतत प्रबंधन के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, ताकि मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के साथ इससे जुड़े मछुआरा समुदाय को भी दीर्घकालिक आर्थिक लाभ मिल सके।

एचआरटीसी बस में सवार युवक और युवती से 50.88 ग्राम चिट्टा बरामद, गिरफ्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एचआरटीसी बस में सवार एक युवती और युवक को 50.88 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सीआईए टीम को देर रात गुप्त सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस थाना गग्गल के अंतर्गत बणोई पुल के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान चंबा से मनाली जा रही एचआरटीसी बस (एचपी 73-4443) में सवार दो संदिग्धों से पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 50.88 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोनिका देवी (29), निवासी खिल्डू, पालमपुर तथा अविनाश कुमार उर्फ कालू (18), निवासी तरनतारन, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने मादक पदार्थ कब्जे में लेकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। अब जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी चिट्टा कहां से लाए थे और इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी। मामले की आगामी जांच जारी है।

शिक्षा को अनुभवों से जोड़ने की पहल

अनंत ज्ञान, चंबा। किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सरू, चंबा की ओर से समग्र शिक्षा के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं और 80 बच्चों ने खज्जियार, कालाटोप वन्यजीव अभयारण्य तथा डलहौजी के विभिन्न प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर प्रकृति, पर्यावरण, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत को करीब से जाना। भ्रमण के दौरान खज्जियार में प्रतिभागियों ने यहां के प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरणीय विशेषताओं का अवलोकन किया। साथ ही प्रसिद्ध खज्जी नाग मंदिर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी हासिल की। वहीं, कालाटोप वन्यजीव अभयारण्य में प्रशिक्षुओं और बच्चों को क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता, विभिन्न वनस्पतियों, औषधीय जड़ी-बूटियों तथा वन्यजीवों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

27 बच्चियों को बांटी खाद्य एवं शैक्षणिक सामग्री

अनंत ज्ञान, चंबा। बच्चियों को जरूरत की सामग्री उपलब्ध करवाने के साथ उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में इनरव्हील क्लब चंबा ने सराहनीय पहल की। क्लब की ओर से कन्या बाल आश्रम की 27 बच्चियों को मिठाई, बिस्कुट, अन्य खाद्य सामग्री और सेब वितरित किए गए। इसके अलावा उनकी रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए रंगोली डिजाइन की पुस्तकें, ड्राइंग कॉपियां और स्केच पेन भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चियों के साथ किया गया जागरूकता संवाद रहा। क्लब की ट्रेजरर सुषमा पुरी, सेक्रेटरी अस्मिता अवस्थी और करियर काउंसलर उपासना सम्मी ने बच्चियों को गुड टच-बैड टच की जानकारी देते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के तरीके समझाए।



चंबा में कांग्रेस के सामने 3 सीटें वापस जीतने की चुनौती

- 2022 से जिले की 5 में से 3 सीटों पर भाजपा का कब्जा
- 2027 में मिशन रिपीट का लक्ष्य लेकर चल रही सरकार

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वर्ष 2027 में मिशन रिपीट का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन चंबा जिले का राजनीतिक गणित कांग्रेस के लिए किसी आसान चुनौती से कम नहीं है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले की 5 सीटों में से कांग्रेस को केवल 2 सीटों (चंबा और भटियात) पर जीत मिली थी, जबकि 3 सीटों (चुराह, भरमौर और डलहौजी) पर भाजपा ने कब्जा जमाया था। ऐसे में 2027 में राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए जिला संगठन की सक्रियता बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।



सवाल यह है कि मुख्यमंत्री प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने, बीबीएमबी से जुड़े आर्थिक अधिकारों और सरकार के जनहितकारी फैसलों को लेकर लगातार अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन इन मुद्दों को जिला स्तर पर जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कौन निभा रहा है? चंबा में अब तक जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बीबीएमबी के मुद्दे पर कोई विशेष प्रेस वार्ता आयोजित नहीं हुई है। विधानसभा में सरकार की ओर से लिए जा रहे फैसलों और उनके संभावित लाभों को लेकर भी नियमित संवाद की कमी दिखाई दे रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में संगठन के सामने अब दोहरी चुनौती है। एक तरफ मुख्यमंत्री की उपलब्धियों और प्रदेशहित के मुद्दों को जनता तक पहुंचाना, तो दूसरी तरफ 2022 में भाजपा के कब्जे वाली 3 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति मजबूत करना। केवल चुनावी वर्ष में सक्रियता दिखाने से मिशन रिपीट का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। राजनीतिक सवाल अब यह है कि जब मुख्यमंत्री मिशन रिपीट की बात कर रहे हैं, तो क्या जिला कांग्रेस भी उसी दिशा में रणनीतिक तैयारी कर रही है?

आखिर सरकार के फैसलों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेस वार्ताओं, जनसंवाद और बूथ स्तर पर अभियान की शुरुआत कब होगी? 2027 की चुनावी परीक्षा से पहले चंबा कांग्रेस को अपनी संगठनात्मक सक्रियता साबित करनी होगी। आंकड़े स्पष्ट हैं—चंबा की 5 में से 3 सीटें भाजपा के पास थीं। ऐसे में मिशन रिपीट की राह में जिला कांग्रेस की भूमिका केवल सरकार की उपलब्धियां गिनाने तक सीमित नहीं रह सकती।

जनजातीय गौरव दिवस समारोह का समापन

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह का भव्य एवं गरिमामय समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जालम भारद्वाज ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।



श्री लक्ष्मी नाथ मंदिर में धाम का किराया 11 हजार करना अनुचित

अनंत ज्ञान

चंबा। श्री सनातन धर्म सभा चंबा की मासिक बैठक रविवार को सभा के पारंपरिक भवन में प्रधान सुरेश कश्मीरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों तथा चंबा की प्राचीन सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संरक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभा ने श्री लक्ष्मी नाथ मंदिर ट्रस्ट के पुनर्गठन के बाद जिला प्रशासन की ओर से शुरू की गई सकारात्मक पहल का स्वागत किया, वहीं मंदिर से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रशासन और मंदिर प्रबंधन से पुनर्विचार एवं शीघ्र कार्रवाई की मांग भी उठाई।

सभा ने मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित सदस्यों से आग्रह किया कि वे सनातन धर्म सभा की सदस्यता ग्रहण कर मासिक बैठकों में नियमित रूप से भाग लें, ताकि अपने अनुभव और सुझावों के माध्यम से संगठन एवं मंदिर की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सके। सभा ने मंदिर की मरम्मत, धार्मिक व्यवस्थाओं और प्रबंधन से जुड़ी लंबित समस्याओं का भी शीघ्र समाधान करने की मांग की। बैठक में मंदिर परिसर में धाम आयोजन के लिए निर्धारित किराये को 7,000 रुपये से बढ़ाकर 11,000 रुपये किए जाने पर सभा ने आपत्ति जताई। सभा ने कहा कि किराये में एकमुश्त 4,000 रुपये की वृद्धि उचित नहीं है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन को इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए मंदिर परिसर की सुविधा का लाभ उठा सकें। सभा ने अपने प्राचीन पुस्तकालय एवं वाचनालय भवन सहित दो अन्य भवनों को पुन: उपलब्ध करवाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सभा के अनुसार इन भवनों का उपयोग पूर्व में संस्कृत विद्यालय और वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय के संचालन के लिए किया जा रहा है। अब सभा इन भवनों में पुस्तकालय एवं वाचनालय को दोबारा शुरू कर विद्यार्थियों, युवाओं और आम नागरिकों को अध्ययन की बेहतर सुविधाएं देना चाहती है।

2000 ग्रामीण आज भी सड़क से महरूम

उपप्रधान रामशरण ने मंत्री विक्रमादित्य को सौंपा मांग पत्र

अनंत ज्ञान



- गंधर-पधर सहित आधा दर्जन गांवों को सड़क से जोड़ने की उठाई मांग

देशराज कश्यप, धरवाला। आजादी के दशकों बाद भी ग्राम पंचायत भटवाड़ा के दुर्गम क्षेत्र में बसे गंधर, पधर, कुढन और गुवाड़ सहित आधा दर्जन गांवों के करीब 2000 ग्रामीण सड़क सुविधा से वंचित हैं। आधुनिक विकास के दौर में भी इन गांवों के लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए 4 से 5 किलोमीटर का कठिन पैदल सफर तय करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर अब ग्रामीणों की आवाज तेज होने लगी है।

ग्रामीणों की इस लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर भटवाड़ा पंचायत के उपप्रधान रामशरण ठाकुर ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मांग पत्र सौंपकर संबंधित गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए जल्द डीपीआर तैयार करने और आवश्यक बजट स्वीकृत करने की मांग उठाई है। रामशरण ठाकुर ने मंत्री को अवगत करवाया कि भटवाड़ा बस अड्डे से खोईमढ़ तक सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूरा होने वाला है। ऐसे में इस सड़क को आगे बढ़ाकर गंधर, पधर, कुढन और गुवाड़ सहित अन्य गांवों तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते इन गांवों के लिए डीपीआर तैयार कर धनराशि स्वीकृत नहीं की गई तो सड़क निर्माण की मौजूदा संभावनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पाएगा और उनकी वर्षों पुरानी मांग फिर अधर में लटक सकती है। उन्होंने बताया कि सड़क सुविधा के अभाव में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और गर्भवती महिलाओं को झेलनी पड़ती है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों और गर्भवती महिलाओं को आज भी कंधों या पालकी के सहारे कई किलोमीटर तक पैदल ले जाना पड़ता है। वहीं, रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं और घर निर्माण सामग्री को गांव तक पहुंचाना भी ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। उपप्रधान ने कहा कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और क्षेत्र के आर्थिक विकास की बुनियादी जरूरत है। प्रस्तावित सड़क निर्माण से न केवल गंधर, पधर, कुढन और गुवाड़ के करीब 2000 ग्रामीणों को राहत मिलेगी, बल्कि राड़ी, भटवाड़ा, प्रीणा और बलोठ पंचायतों की सड़क कनेक्टिविटी भी और मजबूत होगी। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री से मांग की कि इस मामले को प्राथमिकता देते हुए संबंधित गांवों के लिए जल्द डीपीआर तैयार करवाई जाए और बजट का प्रावधान किया जाए।

दावा करतार सिंह ठाकुर ने किया जीत का दावा, पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज को साथ लेकर चलने का भरोसा

2,642 वोटों का फासला मिटाकर चुराह में इतिहास रचेगी कांग्रेस

- गुटबाजी खत्म करने और अल्पसंख्यक वोट बैंक में पैठ मजबूत करने की रणनीति
- बोले- पार्टी जिसे टिकट देगी, पूरी कांग्रेस उसे जिताने में जुटेगी

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। चुराह की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अभी से अपनी रणनीति तेज कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं चुराह विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी करतार सिंह ठाकुर ने बड़ा राजनीतिक दावा करते हुए कहा है कि इस बार चुराह में पिछले 15 वर्षों का चुनावी सूखा खत्म होगा और प्रदेश में भी कांग्रेस दोबारा सत्ता में वापसी करेगी।

अनंत ज्ञान के साथ विशेष बातचीत में उन्होंने साफ किया कि इस बार कांग्रेस की रणनीति केवल चुनाव लड़ने तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन को एकजुट करने, हर वर्ग का विश्वास जीतने और पुराने राजनीतिक समीकरणों को बदलने पर केंद्रित है। उन्होंने माना कि चुराह में कांग्रेस की वापसी का सबसे बड़ा आधार मजबूत संगठन और आपसी एकजुटता होगी। उन्होंने पूर्व विधायक सुरेंद्र भारद्वाज को भी विश्वास में लेकर साथ चलने की बात कही। उनका कहना था कि पार्टी में गुटबाजी समाप्त हो रही है और भविष्य में सभी नेता मिलकर काम करेंगे। टिकट किसी को भी मिले, पूरी कांग्रेस एकजुट होकर उसे जिताने के लिए मैदान में उतरेगी। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय सहित सभी वर्गों का विश्वास जीतने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है।

प्रदेश की राजनीति पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की तारीफ करते हुए ठाकुर ने हाल ही में लिए गए चार ऐतिहासिक फैसलों जिसमें कि -बीबीएमबी से हिमाचल के 7.19 प्रतिशत हिस्से के बकाया अधिकारों की लड़ाई, किशाऊ बांध परियोजना में बिना पूंजी निवेश के प्रदेश को लाभ दिलाने का समझौता, शानन बिजली परियोजना को वापस लेने की पैरवी और वाइल्डफ्लावर हॉल होटल से प्रदेश के राजस्व अधिकारों की बहाली को कांग्रेस की वापसी का मजबूत आधार बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इन फैसलों का असर प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों पर पड़ेगा और भाजपा के लिए कांग्रेस की वापसी रोकना आसान नहीं होगा।

3 हजार से कम का हार-जीत का अंतर



करतार सिंह ठाकुर ने पिछले चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि चुराह में कांग्रेस की हार का अंतर 3 हजार मतों से कम रहा है। यह ऐसा अंतर नहीं है जिसे मेहनत और मजबूत संगठन के दम पर बदला न जा सके। उन्होंने कहा कि जब से उन्हें प्रभारी की जिम्मेदारी मिली है, उनकी पहली प्राथमिकता संगठन को साथ लेकर चलने की रही है, क्योंकि संगठन के बिना चुनावी जीत संभव नहीं है।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष जनहित के मुद्दों पर मजबूत फैसले लेने में विफल रहा है। पेपर लीक की घटनाओं और प्रदेश हित के मुद्दों पर भाजपा की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र से मिली धनराशि का इस्तेमाल जनता की मूलभूत सुविधाओं के बजाय रेस्ट हाउस बनाने में किया गया। इसके विपरीत मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश हित और आम आदमी के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। चुराह में कांग्रेस के सामने अब सबसे बड़ी परीक्षा एकजुटता की है। करतार सिंह ठाकुर ने 15 साल का राजनीतिक सूखा खत्म करने और इतिहास बदलने का दावा तो कर दिया है, लेकिन असली चुनौती पूर्व नेताओं को एक मंच पर लाने, कार्यकर्ताओं में नया विश्वास पैदा करने और इस एकजुटता को वोटों में बदलने की होगी। 2027 में चुराह का चुनाव केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला नहीं, बल्कि कांग्रेस के संगठनात्मक दावों और नई रणनीति की भी अग्निपरीक्षा बनने जा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

डीएवी लठियाणी में साइबर सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

अनंत ज्ञान, लठियाणी। डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल लठियाणी में सीबीएसई के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा एवं संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता आदित्य शर्मा और राहुल शर्मा ने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, पहचान की चोरी, फर्जी लिंक और डिजिटल भुगतान से जुड़े साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने मजबूत पासवर्ड रखने, निजी जानकारी सुरक्षित रखने और मोबाइल व लैपटॉप का सुरक्षित उपयोग करने के तरीके भी बताए। विशेषज्ञों ने साइबर अपराध की शिकायत के लिए *www.cybercrime.gov.in* और वित्तीय धोखाधड़ी की सूचना देने के लिए 1930 हेल्पलाइन की जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधक रूप लाल पाठक ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। प्रधानाचार्य वरुण शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रहना जरूरी है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विद्यार्थियों और अभिभावकों को भी सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने के लिए तैयार करना था।

कलरूही में सिंचाई सुविधा मिलने से खिले किसानों के चेहरे

अनंत ज्ञान, घनारी। गगरेट क्षेत्र की कलरूही पंचायत में सिंचाई पाइप और डिग्गी बनने से किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं अठवां की भोले ब्राह्मण आबादी में बिजली के पोल और लाइन लगने से ग्रामीणों की समस्या दूर हुई है। ग्रामीणों ने विधायक राकेश कालिया का आभार जताया है। पंचायत प्रधान रजनी राणा सहित ग्रामीणों ने बताया कि सिंचाई सुविधा के अभाव में करीब 60 कनाल उपजाऊ भूमि बंजर हो रही थी। अब पानी मिलने की उम्मीद से किसानों और बागवानों की आमदनी बढ़ने का रास्ता खुला है। बूथ प्रधान रुस्तम सिंह ने भी विकास कार्यों के लिए विधायक और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

अंब में छोटे नोटों की किल्लत, दुकानदार परेशान

अनंत ज्ञान, घनारी। अम्ब क्षेत्र में पिछले चार-पांच महीनों से छोटे नोटों की भारी कमी बनी हुई है। इससे दुकानदारों और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यापार मंडल अंब व मुबारिकपुर के प्रधान पूर्ण सिंह सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि 20, 10 और 5 रुपये के नोट बाजार में लगभग गायब हो गए हैं। बैंकों में भी छोटे नोट नहीं मिल रहे हैं। इसका असर बस यात्रियों पर भी पड़ रहा है। कई बार परिचालक खुले पैसे न होने के कारण यात्रियों को बकाया राशि नहीं लौटा पाते। दुकानदारों ने बैंकों से छोटे नोटों की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की है। बैंक अधिकारियों एसके जसवाल, संजीव धीमान और ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक गीतेश गुप्ता ने भी छोटे नोटों की कमी की पुष्टि करते हुए कहा कि फिलहाल बैंकों में इनकी आपूर्ति नहीं हो रही है।

बन्ने दी हट्टी में डेयरी का गंदा पानी बना मुसीबत

अनंत ज्ञान, घनारी। मुबारिकपुर पंचायत के बन्ने दी हट्टी गांव में नाली बंद होने से गंदा पानी लोगों के घरों की ओर बह रहा है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी अनुवाला, शीला देवी, दिशा, सतप्रकाश और बलमा देवी ने बताया कि पीएचसी मुबारिकपुर से गांव तक सड़क के साथ बनाई गई नाली लंबे समय से अवरुद्ध है। डेयरी के पशुओं का मल-मूत्र भी पानी के साथ घरों की ओर पहुंच रहा है। इससे पैदल चलना मुश्किल हो गया है। पास के आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों और अभिभावकों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन और पंचायत में शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं हुआ। पंचायत प्रधान पूर्ण सिंह ने बताया कि उन्होंने मौके का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया है। लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौरव ने बताया कि पुली की मरम्मत का कार्य चल रहा है। समस्या के समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

कुटलैहड़ में हेमराज, मंगत राम और सुरजीत सिंह कांग्रेस में शामिल

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की समूर खुर्द बौल पंचायत के हेमराज, मंगत राम और सुरजीत सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए। जोगी पंगा स्थित कांग्रेस कार्यालय में विधायक विवेक शर्मा ने तीनों का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी में शामिल हुए लोगों ने कहा कि वे विधायक विवेक शर्मा की कार्यशैली, जनसेवा और क्षेत्र में करवाए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़े हैं। विवेक शर्मा ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना और प्रत्येक गांव तक विकास कार्य पहुंचाना है। उन्होंने नए सदस्यों से पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में सहयोग देने का आह्वान किया।

नशे के खिलाफ खेल बनेंगे मजबूत हथियार : अग्निहोत्री

सिंगा में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, विजेता टीम को 51 हजार मिलेगा इनाम

अनंत ज्ञान



ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना जरूरी है। वह रविवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के सिंगा में शहीद भगत सिंह क्लब की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही हैं।

उपमुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट के प्रथम पुरस्कार के लिए अपनी ओर से 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के भीतर सिंगा का खेल मैदान तैयार कर दिया जाएगा। इस पर 1.25 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में चिट्टे सहित नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। ऊना जिला में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की करीब तीन करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि चिट्टे की सप्लाई में संलिप्त करीब दो दर्जन सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त किया गया है।

उन्होंने पंचायतों, युवक मंडलों, महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों से नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव शाम चड्ढा, ग्राम पंचायत सिंगा के प्रधान डॉ. अशोक कुमार, पंचायत समिति सदस्य सुनीता, पूर्व प्रधान संतोष कुमारी, जगदीश राणा, बलविंद्र बब्बी, संजीव कुमार, गुलशन कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हरोली सीबीएसई स्कूल भवन को 12.50 करोड़ मंजूर

ऊना। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली के सीबीएसई स्कूल भवन निर्माण के लिए 12.50 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। भवन का डिजाइन और ड्राइंग तैयार कर ली गई है। इसे आधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जाएगा। स्कूल का खेल मैदान पहले ही तैयार हो चुका है।

◆14 पंचायतों को मिले ई-रिक्शा हरोली-दिल्ली वोल्वो बस सेवा भी शुरू

उन्होंने हरोली में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 14 ग्राम पंचायतों को ई-रिक्शा सौंपने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 14 पंचायतों को ई-रिक्शा दिए गए हैं। इनके माध्यम से घर-घर से कचरा एकत्रित किया जाएगा। भविष्य में इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी।

अग्निहोत्री ने कहा कि इस पहल से गांवों में सफाई व्यवस्था मजबूत होगी और क्लीन हरोली, ग्रीन हरोली अभियान को गति मिलेगी। क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने हरोली-दिल्ली वोल्वो बस सेवा का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। हरोली में इलेक्ट्रिक बस डिपो शुरू होने के बाद अधिकांश बसें इलेक्ट्रिक उपलब्ध करवाई गई हैं।



बसाल स्कूल में छह माह से प्रवक्ताओं के पद खाली

अनंत ज्ञान, ऊना। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है।

◆प्रधानाचार्य खुद पढ़ा रहे दो विषयों की कक्षाएं



स्कूल में पिछले छह माह से जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान के प्रवक्ताओं के पद खाली हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए वह स्वयं दोनों विषयों की कक्षाएं ले रहे हैं। प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बावजूद वह शिक्षण कार्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रदीप सिंह को राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनका कहना है कि बच्चों की पढ़ाई जारी रखना उन्हें आत्मसंतुष्टि देता है। विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल शिक्षा और नियमित पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेषज्ञ भी बुलाए जाते हैं।

अभिभावक हरीश कुमार, ओम प्रकाश, सत्या देवी, महेश चंद और अश्विनी कुमार ने बताया कि स्कूल में शिक्षा और खेल गतिविधियों में सुधार से निजी स्कूलों के विद्यार्थी भी दाखिला लेने पहुंच रहे हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास और उन्हें नशे से दूर रखना उनकी प्राथमिकता है।

कुटलैहड़ को बनाएंगे शिक्षा का मॉडल : विवेक शर्मा

बल्ह स्कूल के विकास को दो लाख देने की घोषणा

अनंत ज्ञान



बंगाणा। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्ह के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ को शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श मॉडल बनाने के संकल्प के साथ काम किया जा रहा है। क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ना बेहतर शिक्षा व्यवस्था की दिशा में सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रतिभा की कमी नहीं है। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन देना जरूरी है। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की मांग पर उन्होंने दो लाख रुपए देने तथा अपनी ओर से 11 हजार रुपए की घोषणा की। साथ ही दो कमरों, चारदीवारी और बैडमिंटन कोर्ट की मांग जल्द पूरी करवाने का आश्वासन दिया। विधायक ने चिट्टे जैसे नशे पर चिंता जताते हुए कहा कि बच्चों को नशे से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों की संगति और गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ऊना कॉलेज की संगोष्ठी में 11 देशों के 255 प्रतिभागी होंगे शामिल

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से 19 और 20 नवंबर को आयोजित होने वाली दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के लिए 255 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के प्रायोजन में होने वाले इस आयोजन में 11 देशों और भारत के 19 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के शिक्षाविद् और शोधार्थी भाग लेंगे।

विदेशी प्रतिभागियों में कनाडा, नेपाल, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मॉरीशस, अफगानिस्तान, अमेरिका, श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया शामिल हैं। संगोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन और प्रत्यक्ष दोनों माध्यमों से किया जाएगा। संगोष्ठी संयोजक डॉ. शाम सिंह बैंस ने कहा कि 11 देशों के प्रतिभागियों का जुड़ना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इससे अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग और शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संगोष्ठी संरक्षक डॉ. मीता शर्मा ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महाविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलती है। उपप्राचार्य प्रो. पुनीत प्रेम कंवर ने भी आयोजन से जुड़े सभी प्राध्यापकों और समिति सदस्यों को बधाई दी।

बंगाणा में खिलाड़ियों को वीरेंद्र कंवर ने दिए जीत के टिप्स

अनंत ज्ञान



बंगाणा। बंगाणा में आयोजित जूनियर राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय कर उनका उत्साह बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन के टिप्स दिए।

कंवर ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। खिलाड़ियों को जीत के लक्ष्य के साथ खेल भावना बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल संघ ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने के लिए प्रयासरत है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की 20 टीमों के 356 खिलाड़ी महिला एवं पुरुष वर्ग में भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय आयोजन की मेजबानी जिला ऊना वॉलीबॉल संघ और राम सिंह मेमोरियल कर रहे हैं। खिलाड़ियों के रहने और खाने-पीने की उचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर प्रदेश वॉलीबॉल संघ के महासचिव मदन राणा, जिला महासचिव राजेंद्र रिंकू, चरणजीत शर्मा, अजय शर्मा, सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

धर्माणी ने अमरपुर स्कूल को दी 10 लाख की सौगात

क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



घुमारवीं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरपुर में रविवार को क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरपुर में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 10 लाख रुपए की राशि शीघ्र उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है, ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी बेहतर अवसर मिल सकें।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण समय है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल शैक्षणिक उपलब्धियां पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच और अच्छे व्यवहार का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह देते हुए कहा कि नियमित शारीरिक गतिविधियां बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने समय प्रबंधन (टाइम मैनेजमेंट) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या इस प्रकार निर्धारित करनी चाहिए कि पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों के लिए पर्याप्त समय मिल सके। समय का सही उपयोग करने की आदत भविष्य में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार साबित होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मन में स्पष्ट उद्देश्य होना चाहिए। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतरता, धैर्य और पूरी लगन के साथ प्रयास करना जरूरी है।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि मेहनत और निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा को पहचानने, क्षमताओं को निखारने और जीवन में एक बेहतर इंसान बनने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

सुक्खू सरकार पर बरसे राजेंद्र गर्ग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। महंगाई से पहले ही परेशान प्रदेश के लोगों को अब सरकारी कागजी कार्रवाई के लिए भी पांच गुना तक अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। कभी 20 रुपए में बनने वाला एफिडेविट अब 100 रुपये में बनेगा। जमीन-जायदाद के सौदों से लेकर पावर ऑफ अटॉर्नी, पार्टनरशिप डीड और अन्य कानूनी दस्तावेजों पर भी स्टांप ड्यूटी की नई दरें लागू कर दी गई हैं। यानी आम आदमी को अपनी जरूरत का दस्तावेज तैयार करवाने के लिए भी पहले से ज्यादा जेब ढीली करनी होगी। प्रदेश सरकार के इस फैसले को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला है। पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गर्ग ने कहा कि सुक्खू सरकार जनता को राहत देने के बजाय हर तरफ से आर्थिक बोझ डाल रही है। यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन है, जहां आम आदमी के छोटे-छोटे काम भी महंगे किए जा रहे हैं? घुमारवीं एवं भराड़ी महिला मोर्चा की बैठक में राजेंद्र गर्ग ने कहा कि स्टांप ड्यूटी में बदलाव का असर समाज के लगभग हर वर्ग पर पड़ेगा।

मानव कल्याण सेवा समिति ने जरूरतमंद परिवारों को बांटी 21 हजार की सहायता

तीन लाभार्थियों की मदद कर पेश की सामाजिक सरोकार की मिसाल



अनंत ज्ञान

घुमारवीं। मानव कल्याण सेवा समिति रैली-निहाण, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर जरूरतमंद, गरीब, बीमार और आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में समिति की ओर से तीन जरूरतमंद लोगों को कुल 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। समिति के अध्यक्ष सुंदर राम शर्मा ने बताया कि समिति की ओर से भावना कुमारी को अपनी शादी के लिए 7 हजार रुपये, विनोद कुमार को दोनों किडनी खराब होने के चलते उपचार में सहयोग के लिए 7 हजार रुपये तथा विद्या देवी को पति की मृत्यु के बाद आर्थिक सहायता के रूप में 7 हजार रुपये प्रदान किए गए।

इस प्रकार तीनों लाभार्थियों को कुल 21 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की गई। समिति का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद कर उनमें सहयोग, सेवा और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करना है।

समिति के अध्यक्ष सुंदर राम शर्मा ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। समिति भविष्य में भी जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए अपने प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने समाज के लोगों से भी इस पुनीत कार्य में सहयोग देने की अपील की।

कब तक भीख मांगने को मजबूर रहेगा बचपन?

घुमारवीं बस स्टैंड पर यात्रियों के आगे हाथ फैलाती दिखीं बच्चियां

अनंत ज्ञान



बिलासपुर। बिलासपुर जिले के घुमारवीं मुख्य बस स्टैंड पर इन दिनों 10 से 14 वर्ष की आयु की बच्चियां राहगीरों और बस यात्रियों के सामने हाथ फैलाकर भीख मांगती नजर आ रही हैं। जिस उम्र में इन बच्चियों के हाथों में किताबें और कंधों पर स्कूल का बस्ता होना चाहिए, उस उम्र में उनका सड़कों पर भीख मांगना समाज और प्रशासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। जानकारी के अनुसार, ये बच्चियां स्कूल भी नहीं जा रही हैं, जिससे उनके भविष्य और शिक्षा के अधिकार पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मुख्य बस स्टैंड जैसे व्यस्त सार्वजनिक स्थल पर नाबालिग बच्चियों का खुलेआम भीख मांगना जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बच्चियां लगातार इस स्थिति में नजर आ रही हैं, तो संबंधित विभागों को अब तक इसकी जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए थी। आखिर बाल अधिकारों की रक्षा के लिए गठित व्यवस्था इन बच्चियों तक क्यों नहीं पहुंच पाई?

◆ बाल संरक्षण विभाग और चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल

अब सवाल यह है कि आखिर कब तक मासूम बचपन यूं ही सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर रहेगा? क्या जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इन बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए समय रहते कदम उठाएंगे?

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के दावों पर उठे सवाल

एक ओर सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करवाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर घुमारवीं बस स्टैंड की यह स्थिति इन योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर रही है। शिक्षा से दूर ये बच्चियां न केवल अपने भविष्य से वंचित हो रही हैं, बल्कि सार्वजनिक स्थान पर असुरक्षित परिस्थितियों का सामना भी कर रही हैं। स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले का तुरंत संज्ञान लेकर बाल संरक्षण विभाग की टीम मौके पर भेजी जाए। बच्चियों की पहचान और पारिवारिक परिस्थितियों का पता लगाकर उनकी काउंसलिंग की जाए। जरूरत पड़ने पर उनका सुरक्षित संरक्षण सुनिश्चित किया जाए व स्कूल में दाखिल करवाया जाए।

खेल प्रतियोगिता जूनियर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रदेशभर से पहुंचे खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

मंडी-कांगड़ा, कुल्लू और शिमला ने किया शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान



बंगाणा। उपमंडल बंगाणा में आयोजित जूनियर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रदेशभर से पहुंची टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। प्रतियोगिता के दौरान लड़कियों और लड़कों के वर्ग में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा, दमखम और अनुशासन का परिचय दिया। हर मुकाबले में टीमों ने जीत हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया। खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन से खेल मैदान में दर्शकों का उत्साह भी देखने लायक रहा। स्टेट जूनियर बॉलीबॉल प्रतियोगिता के संचालक मदन राणा, चरणजीत शर्मा एवं राजेंद्र रिंकू ने मुकाबलों की जानकारी देते हुए बताया कि लड़कियों के वर्ग में खेले गए मुकाबलों में मंडी की टीम ने ऊना को हराकर जीत दर्ज की। वहीं शिमला ने हमीरपुर को पराजित किया। कांगड़ा ने कुल्लू को हराकर मुकाबला अपने नाम किया, जबकि सिरमौर की टीम ने ऊना को शिकस्त दी। इसके अलावा सोलन ने बिलासपुर को हराया। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में कांगड़ा ने शिमला को पराजित किया। वहीं बिलासपुर और मंडी के बीच हुए मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने जीत हासिल की।

स्टेट जूनियर बॉलीबॉल में लड़कों के वर्ग में भी विभिन्न जिलों की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले मुकाबले में कुल्लू ने हमीरपुर को हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद ऊना की टीम ने चंबा को पराजित किया। मंडी और कांगड़ा के बीच हुए मुकाबले में मंडी ने बाजी मारी, जबकि सोलन और शिमला के मैच में शिमला की टीम विजेता रही। इसी क्रम में कुल्लू ने बिलासपुर को हराकर अपनी जीत दर्ज की। सिरमौर ने चंबा को पराजित किया, जबकि हमीरपुर ने मंडी को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। ऊना और शिमला के बीच हुए मैच में शिमला की टीम विजेता रही। वहीं बिलासपुर और कांगड़ा के बीच हुए मुकाबले में कांगड़ा ने जीत हासिल की। लड़कों के वर्ग में कुल्लू और शिमला की टीमों ने अपने शानदार प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। वहीं मंडी, ऊना, सिरमौर, हमीरपुर और कांगड़ा की टीमों ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के संचालक मदन राणा, चरणजीत शर्मा एवं राजेंद्र रिंकू ने कहा कि जूनियर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बेहतर मंच प्रदान करना है। खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और मेहनत की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी वॉलीबॉल के प्रति युवाओं का काफी रुझान है। ऐसे आयोजनों से उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को जिला और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ मुकाबलों में हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि बंगाणा में इस प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस तरह के खेल आयोजनों से स्थानीय युवाओं को भी खेलों के प्रति प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है।

न्यूज ब्रीफ

हिमाचल अकैडमिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया छतबीड़ चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण



अनंत ज्ञान, अर्की। हिमाचल अकैडमिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल दिवस के अवसर पर छतबीड़ चिड़ियाघर (महेंद्र चौधरी जूलॉजिकल पार्क) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वन्य जीवों और पक्षियों को करीब से देखा तथा उनके रहन-सहन, खान-पान और प्राकृतिक आवास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और वन्य जीवों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। बच्चों ने अपने शिक्षकों के साथ खूब मस्ती की और इस यात्रा को यादगार बनाया। हँसी, खुशी और उत्साह से भरे इस दिन ने बच्चों के बाल दिवस को और भी खास बना दिया।

सिरमौर के युवा ने 28 साल की उम्र में हासिल की शोध उपाधि

अनंत ज्ञान, सराहां। पच्छाद की नैनाटिक्कर पंचायत के दभाड़ा गांव निवासी डॉ. आदित्य शर्मा ने 28 वर्ष की उम्र में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में सहायक प्राध्यापक बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने सितंबर 2026 में मिजोरम विश्वविद्यालय से पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विषय में पीएचडी हासिल की। उन्होंने यूजीसी नेट और जूनियर रिसर्च फेलोशिप भी उत्तीर्ण की है। तुर्किये में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए उन्हें छात्रवृत्ति भी मिली थी। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पीएम किसान योजना के नाम पर साइबर ठगी का जाल

संजय राजन, सराहां। पच्छाद क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों को साइबर ठग निशाना बना रहे हैं। किसानों के व्हाट्सएप पर ई-केवाईसी और अगली किस्त अपडेट करने के नाम पर संदिग्ध एपीके फाइलें भेजी जा रही हैं। इन्हें डाउनलोड करने और अनुमति देने पर मोबाइल तथा निजी जानकारी तक ठगों की पहुंच हो सकती है। इसके बाद संपर्कों और व्हाट्सएप ग्रुपों में भी फर्जी संदेश भेजकर अन्य लोगों को ठगा जा सकता है। किसानों को अनजान फाइलें डाउनलोड न करने, ओटीपी साझा न करने और योजना की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट से लेने की सलाह दी गई है।

सेविकाओं ने पथ संचलन कर दिया राष्ट्र सेवा, नारी शक्ति और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान, राजगढ़। राष्ट्र सेविका समिति विभाग सोलन की ओर से स्थापना दिवस एवं विजयादशमी के उपलक्ष्य में शनिवार को राजगढ़ के गुरुकुल पीच वैली इंटरनेशनल विद्यालय में शस्त्र पूजन और पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समिति की सेविकाओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की निदेशक अंबिका ठाकुर ने की। शीतल व्यास मुख्य वक्ता और कथा वाचक ज्योति ठाकुर मुख्य अतिथि रहीं। शीतल व्यास ने कहा कि महिलाएं परिवार के साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनमें सेवा, संस्कार, संगठन और नेतृत्व की भावना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने विजयादशमी को सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक बताते हुए भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन आयोजकों के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

हेल्प द गर्ल्स फाउंडेशन ने जरूरतमंद बेटी दीक्षा की शादी में बढ़ाया सहयोग का हाथ

अनंत ज्ञान, नालागढ़। हेल्प द गर्ल्स फाउंडेशन नालागढ़ ने वार्ड नंबर-3 निवासी जरूरतमंद परिवार की बेटी दीक्षा की शादी में आर्थिक सहायता देकर सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश की। संस्था की ओर से परिवार को नकद राशि के साथ जरूरी घरेलू उपयोग का सामान भी भेंट किया गया। संस्था ने परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए विवाह में सहयोग का निर्णय लिया, ताकि शादी के अवसर पर परिवार को आर्थिक परेशानी न हो। फाउंडेशन लंबे समय से जरूरतमंद परिवारों, महिलाओं और बेटियों की सहायता कर रहा है। संस्था अब तक सैकड़ों बेटियों के विवाह में सहयोग कर चुकी है। इस अवसर पर संस्था संचालिका शकुंतला पटियाल, पूनम ठाकुर, बिन्नू मित्तल और भारती शर्मा मौजूद रहीं। क्षेत्र के लोगों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की।

सोलन में पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता एवं मापतौल परीक्षा 17 से 23 नवंबर तक

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला सोलन में पुलिस भर्ती के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता एवं मापतौल परीक्षा (पीईटी/पीएसटी) 17 से 23 नवंबर तक आयोजित होगी। जिला पुलिस ने परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। सभी अभ्यर्थियों को सुबह सात बजे परीक्षा स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। एसपी टी. एसडी वर्मा के अनुसार महिला अभ्यर्थियों की परीक्षा 17 और 18 नवंबर को होगी। 17 नवंबर को रोल नंबर 90024549 से 90025648 और 18 नवंबर को 90025649 से 90026765 तक की अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड की दो प्रतियां, दो रंगीन फोटो, हिमाचल बोनाफाइड प्रमाण पत्र, शैक्षणिक और आरक्षित श्रेणी के मूल प्रमाण पत्र तथा वैध पहचान पत्र साथ लाने होंगे। मोबाइल फोन और कीमती सामान लाने पर पाबंदी रहेगी। अभिभावकों को ग्राउंड में प्रवेश नहीं मिलेगा। जरूरत पड़ने पर अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट भी करवाया जा सकता है।

कांग्रेस सरकार ने नाहन अस्पताल को बनाया रेफरल अस्पताल, मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़ : डॉ. राजीव बिंदल



अनंत ज्ञान, नाहन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने रविवार को नाहन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की बदहाली के विरोध में आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक पर स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। डॉ. बिंदल ने कहा कि अस्पताल में रेडियोलॉजी विभाग बंद है और अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। पांच ऑपरेशन थिएटर में से दो महीनों से बंद पड़े हैं। मरीजों को जांच और दवाइयों के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। उन्होंने आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होने और मरीजों को शिमला व चंडीगढ़ रेफर किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज भवन के लिए स्वीकृत 260 करोड़ रुपये की परियोजना का निर्माण चार वर्षों से बंद है। मातृ-शिशु अस्पताल का निर्माण भी शुरू नहीं हुआ। बिंदल ने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली के खिलाफ भाजपा जनता की आवाज बुलंद करती रहेगी।

डीएवी पब्लिक स्कूल राजगढ़ में धूमधाम से मनाया बाल दिवस, रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

अनंत ज्ञान, राजगढ़। डीएवी सेंटेनरी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल राजगढ़ में बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ सुदर्शन दीवाना के भक्तिमय भजन से हुआ। इसके बाद शिक्षकों ने कव्वाली प्रस्तुत की। तरु कपिला ने कविता पाठ, वर्षा ने शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य और राधिका चौहान ने भाषण व स्वरचित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और छात्र कैबिनेट का फूल भेंट कर अभिनंदन किया गया। समापन पारंपरिक हिमाचली नाटी से हुआ। प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

सोलन में सीवरेज के रिसाव से दूषित हो रही प्राचीन बावड़ियां, संरक्षण के अभाव में अस्तित्व पर संकट

आरटीआई से खुलासा माल रोड के निचली तरफ दो प्राचीन बावड़ियों का पानी दूषित

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच सोलन शहर के प्राकृतिक जलस्रोतों का अस्तित्व और उनकी स्वच्छता खतरे में पड़ती नजर आ रही है। शहर की कई प्राचीन बावड़ियां या तो विलुप्त हो चुकी हैं या सीवरेज के रिसाव और गंदे पानी की निकासी के कारण प्रदूषण की चपेट में हैं। पेयजल की किल्लत के बावजूद इन ऐतिहासिक जलस्रोतों के संरक्षण को लेकर प्रभावी कदम उठाए जाने पर सवाल उठ रहे हैं।

शहर और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों की स्वच्छता एवं सुरक्षा भी चिंता का विषय बन गई है। सीवरेज, सेप्टिक टैंकों और गंदे पानी की निकासी से जुड़े निर्धारित नियमों का कितना पालन हो रहा है, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। नगर निगम, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग और प्रशासन की भूमिका को लेकर स्थानीय स्तर पर चिंता जताई जा रही है। इसी मामले में सोलन निवासी समाजसेवी सुनील कुमार सन्नी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय परवाणू से दो प्राचीन 12 मासी बावड़ियों के पानी की जांच रिपोर्ट मांगी थी। ये बावड़ियां ओल्ड बस स्टैंड और शिव दयाल ट्रस्ट के निचली तरफ स्थित हैं। उन्होंने अप्रैल 2026 में पानी के नमूनों की जांच से संबंधित जानकारी मांगी थी। बोर्ड ने 25 अगस्त 2026 को पत्र जारी कर उन्हें जानकारी उपलब्ध करवाई।



दूषित बावड़ी को साफ करती महिलाएं। अनंत ज्ञान

पत्र के अनुसार, अप्रैल में दोनों सतही जलस्रोतों से पानी के नमूने एकत्र किए गए थे। रिपोर्ट में दोनों बावड़ियों का पानी पूरी तरह दूषित पाया गया। इस खुलासे के बाद इन ऐतिहासिक जलस्रोतों की गुणवत्ता और संरक्षण को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुनील कुमार सन्नी ने नगर निगम से संबंधित अधिनियम की धारा 133 का हवाला देते हुए कहा कि जलापूर्ति स्रोतों के आसपास गंदगी फैलाने वाले शौचालयों, नालियों, सेसपूल और अन्य अपशिष्ट संग्रहण स्थलों को हटाने का प्रावधान है। सार्वजनिक उपयोग के जलस्रोतों से 15 मीटर के दायरे में ऐसे स्थलों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

वहीं, धारा 134 के तहत नगर पालिका की अनुमति के बिना सीवरेज और गंदे पानी को सार्वजनिक स्थानों, नालियों या जल निकासी व्यवस्था में छोड़ने पर रोक है। इसके अलावा सेप्टिक टैंकों के निर्माण में पेयजल स्रोतों से निर्धारित दूरी और तकनीकी मानकों का पालन जरूरी है, ताकि भूजल और प्राकृतिक जलस्रोत प्रदूषित न हों। अब सवाल यह है कि दोनों बावड़ियों के पानी की गुणवत्ता खराब होने के पीछे क्या कारण हैं और इनके संरक्षण के लिए नगर निगम व संबंधित विभाग क्या कदम उठाएंगे। क्या इन जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने और उनकी स्वच्छता बहाल करने के लिए कोई ठोस योजना बनाई जाएगी?

सोलन में कल से सजेगा संस्कृत विद्वानों का महाकुंभ, भारतीय ज्ञान परंपरा पर होगा मंथन

अनंत ज्ञान

सोलन। तारिणी राजकीय स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, सोलन में 16 नवंबर से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 'अभिनव कालिदास' के नाम से प्रसिद्ध आचार्य प्रो. केशवराम शर्मा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से संस्कृत विद्वान, शिक्षाविद्, शोधार्थी और प्राध्यापक भाग लेंगे। संगोष्ठी का समापन 17 नवंबर को होगा।



इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का मुख्य विषय 'अभिनव कालिदास प्रो. केशवराम शर्मा के साहित्य में भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्व' रखा गया है। आयोजन के दौरान प्रो. शर्मा के साहित्यिक योगदान के साथ भारतीय संस्कृति, दर्शन, ज्योतिष और ज्ञान परंपरा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। विद्वान शोध पत्रों के माध्यम से इन विषयों पर अपने विचार और शोध निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन का संयुक्त संचालन हिमाचल संस्कृत अकादमी, शिमला, ज्योतिष विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली और तारिणी राजकीय स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय, सोलन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

संगोष्ठी का उद्घाटन 16 नवंबर को सुबह 11:15 बजे महाविद्यालय के सभागार में होगा। उद्घाटन सत्र में श्री लाल बहादुर शास्त्री केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पूर्व आचार्य प्रो. प्रेमकुमार शर्मा मुख्यातिथि होंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुमार सिंह सिसोदिया कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वहीं, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के व्याकरण विभाग के प्रो. रामसलाही द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में विशेष व्याख्यान देंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। संगोष्ठी में संस्कृत साहित्य की प्रासंगिकता, भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत और प्रो. केशवराम शर्मा के साहित्यिक अवदान पर विचार-विमर्श होगा।

बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय विरासत और नायकों के संघर्ष को किया याद

अनंत ज्ञान

सोलन। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश मीडिया सचिव एवं हिमालयन जनजातीय लोक अधिकार महासंघ के प्रदेश सचिव बाबू राम नेगी ने जनजातीय समाज के इतिहास और योगदान को याद किया। लिप्पा निवासी बाबू राम नेगी ने कहा कि बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे।

आदिवासी समाज उन्हें धरती आबा यानी पृथ्वी पिता के रूप में पूजता है। उनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातू गांव में हुआ था। केंद्र सरकार ने 2021 में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। उन्होंने हिमाचल के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं आईएएस अधिकारी ठाकुर सैन नेगी के योगदान का भी



उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ठाकुर सैन नेगी ने प्रशासनिक सेवाओं के साथ भेड़-बकरी पालकों की चरागाह संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए।

उनके सम्मान में प्रदेश सरकार ने 2012 में उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना शुरू की। बाबू राम नेगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 1999 में जनजातीय कार्य मंत्रालय बनाया था। उन्होंने बिरसा मुंडा सहित सभी जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों और समाज सुधारकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिला सशक्तीकरण के नारे के बीच अर्की में महिला प्रत्याशी उतारेगी भाजपा?

अनंत ज्ञान

कृष्ण रघुवंशी, अर्की। महिला सशक्तिकरण और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी की वकालत करने वाली भाजपा क्या वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में अर्की से महिला उम्मीदवार को मौका देगी? यह सवाल इन दिनों क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। पार्टी की ओर से टिकट की दावेदारी को लेकर चार महिला नेत्रियों के नाम चर्चा में हैं।

इनमें आशा परिहार, प्रतिभा कंवर और डॉ. रचना गुप्ता प्रमुख हैं। आशा परिहार डुमैहर निवासी और पूर्व लोक निर्माण मंत्री स्वर्गीय नगीन चंद पाल की पुत्री हैं। वह डुमैहर वार्ड से लगातार तीसरी बार जिला परिषद सदस्य निर्वाचित हुई हैं। वर्ष 2012 में वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं। क्षेत्र में विकास कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रियता बनी हुई है। कुनिहार निवासी प्रतिभा कंवर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। नवंबर 2026 में उन्हें बिलासपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया।

वह संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर के अभियानों और जनसंपर्क कार्यक्रमों में सक्रिय रही हैं। डॉ. रचना गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद् और लेखिका हैं। वह जनवरी 2018 से जनवरी 2024 तक हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सदस्य रहीं। महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों पर भी उनकी सक्रियता रही है। हालांकि भाजपा ने अभी किसी नाम पर आधिकारिक संकेत नहीं दिए हैं। ऐसे में टिकट को लेकर अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान के हाथ में होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा महिला दावेदारों पर भरोसा जताती है या नहीं।

शूलिनी विवि और हिमाचल फोरेंसिक निदेशालय मिलकर बढ़ाएंगे अनुसंधान की गुणवत्ता



अनंत ज्ञान

सोलन। शूलिनी यूनिवर्सिटी ने हिमाचल प्रदेश फोरेंसिक सेवा निदेशालय (डीएफएस) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य प्रदेश में फोरेंसिक विज्ञान की शिक्षा, अनुसंधान और पेशेवर प्रशिक्षण को मजबूत करना है। साझेदारी के तहत छात्रों और शोधकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, संयुक्त अनुसंधान और फोरेंसिक सुविधाओं तक पहुंच के अवसर मिलेंगे। समझौते पर विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पीके खोसला और निदेशालय की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान रजिस्ट्रार प्रो. सुनील पुरी, डॉ. दीपक कुमार, सहायक निदेशक डॉ. संजीव कुमार और डॉ. अजय सिंह राणा मौजूद रहे।

डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि इस सहयोग से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिलेगा। वहीं, प्रो. खोसला ने इसे फोरेंसिक शिक्षा और अनुसंधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे आपराधिक न्याय प्रणाली की जरूरतों के अनुरूप कुशल पेशेवर तैयार करने में मदद मिलेगी।

युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं -संजय अवस्थी

विधायक संजय अवस्थी ने बाल मेले में लोक संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

अर्की/सोलन। अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि मेले और उत्सव हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं तथा सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। वह ग्राम पंचायत पलोग के गांव मांझू में आयोजित दो दिवसीय बाल मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आपसी मेल-मिलाप और स्वस्थ मनोरंजन का अवसर देने के साथ युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति नेहरू के विशेष स्नेह के सम्मान में उनका जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों को मेहनत, लगन और अनुशासन के



साथ जीवन में अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

विधायक ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा खेलकूद, सामाजिक कार्यों तथा रचनात्मक गतिविधियों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता बढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत पलोग के विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने 46 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। मांझू-बड़यावन संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए दो लाख रुपये देने तथा शिमला-मांझू बस सेवा दोबारा शुरू करवाने का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने महिला मंडल मांझू, मानन, कुफरी और काउली को सामान खरीदने के लिए 21-21 हजार रुपये, महिला मंडल मानन के भवन की मरम्मत के लिए 50 हजार रुपये, आयोजक समिति को 21 हजार और स्कूली बच्चों की मिठाई के लिए 2100 रुपये देने की घोषणा की। मेले में स्थानीय कलाकारों और विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक ने वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।

सोलन में 100 टेन हॉस्पिटल और वेलनेस इंस्टीट्यूट की नई पहल

डीसी ने आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

सोलन। शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और सुलभ बनाने के उद्देश्य से 100 टेन पी हॉस्पिटल एंड वेलनेस इंस्टीट्यूट ने अपनी चिकित्सा सुविधाओं और विस्तार योजनाओं का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डीसी सोलन मनमोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्थान के संस्थापक प्रवीण अग्निहोत्री, सह-संस्थापक रीता ठाकुर सहित चिकित्सक और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

संस्थान का उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद, पंचकर्म, पोषण और वेलनेस सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाना है। संस्थापक प्रवीण अग्निहोत्री ने बताया कि करीब दस वर्ष पहले गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने का उनका व्यक्तिगत अनुभव बेहतर और



सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने की प्रेरणा बना।

कार्यक्रम में चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित पोषण, आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने समय पर जांच और उचित उपचार को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी बताया। संस्थान की आगामी योजनाओं में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, आधुनिक डेंटल सेटअप, बड़े आईपीडी वार्ड और सर्जरी सेवाएं शामिल हैं। साथ ही डिजिटल हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, टेलीमेडिसिन और एआई आधारित तकनीक लागू करने की योजना है। संस्थान का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों तक भी किफायती और गुणवत्तापूर्ण बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। संस्थान प्रबंधन के अनुसार, इन सुविधाओं से मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने 241वें भंडारे में फैक्ट्री मजदूरों और राहगीरों को भोजन परोसा

अनंत ज्ञान

पंचकूला। पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को फेज-1 औद्योगिक क्षेत्र में 241वें भंडारे का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में फैक्ट्री मजदूरों और राहगीरों को भोजन परोसा गया। ट्रस्ट के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक योगदान दिया।

इस अवसर पर अमिताभ रूंगटा ने कहा कि मजदूर देश के विकास और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले कई श्रमिक काम की जल्दबाजी में अपना भोजन घर पर भूल जाते हैं। वहीं, कुछ के पास समय पर भोजन करने की उचित व्यवस्था भी नहीं होती। ऐसी स्थिति में सामाजिक संस्थाओं को आगे आकर उनकी सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में भंडारों का आयोजन कर



◆ फेज-1 औद्योगिक क्षेत्र में भंडारे के दौरान मजदूरों और राहगीरों को भोजन परोसते ट्रस्ट के सदस्य

श्रमिकों को भोजन उपलब्ध करवाना सराहनीय सामाजिक पहल है।

प्रत्येक सामाजिक संस्था को सप्ताह में कम से कम एक बार अन्न भंडारे का आयोजन करना चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोगों को भोजन मिल सके। अमिताभ रूंगटा ने कहा कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए सेवा भावना जरूरी है। ऐसे आयोजनों में स्वयंसेवकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण रहती है। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने भोजन वितरण की व्यवस्था संभाली और मजदूरों व राहगीरों को भोजन परोसा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की। आयोजन के माध्यम से जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने और समाज में सेवा व सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

सेक्टर-42 लेक पर छठ पूजा की रौनक, हजारों व्रतियों ने दिया अर्घ्य

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर रविवार शाम चंडीगढ़ के विभिन्न घाटों पर श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ा। सेक्टर-42 स्थित न्यू लेक पर छठ पूजा के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। हजारों व्रती अपने परिवार के सदस्यों के साथ फल, ठेकुआ और अन्य पूजन सामग्री लेकर घाट पर पहुंचे। व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। छठ पूजा के दौरान घाटों पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं और पुरुषों ने जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। परिवार के अन्य सदस्य भी पूजा में शामिल हुए और व्रतियों की सहायता की। सेक्टर-42 न्यू लेक सहित शहर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। छठ महापर्व के आयोजन से शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह का माहौल बना रहा।

ग्लोब टोयोटा ने नए डिजाइन और आधुनिक फीचर्स वाली ग्लैंजा का किया अनावरण



अनंत ज्ञान, मोहाली। ग्लोब टोयोटा ने रविवार को बहुप्रतीक्षित नई टोयोटा ग्लैंजा का भव्य अनावरण किया। इस अवसर पर ग्लोब टोयोटा के सीईओ प्रखर सक्सेना और ग्रुप हेड-मार्केटिंग आशु मिस्सर ने संयुक्त रूप से नई कार से पर्दा उठाया। कंपनी के अनुसार, नई ग्लैंजा को भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें आकर्षक डिजाइन, प्रीमियम इंटीरियर, आधुनिक कनेक्टिविटी, बेहतर ड्राइविंग अनुभव और सुरक्षा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। टोयोटा के नए अभियान 'व्हाट्टा मूव' से प्रेरित यह कार स्टाइल, तकनीक, प्रदर्शन और विश्वसनीयता का संयोजन पेश करती है। इसे शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। नई ग्लैंजा को टोयोटा की ग्लोबल फ्रंट-फेस डिजाइन फिलॉसफी से प्रेरित नया लुक दिया गया है। इसमें नया फ्रंट ग्रिल, स्पोर्टी फ्रंट बंपर और आकर्षक साइड स्कर्ट्स शामिल हैं। ये बदलाव कार को पहले से अधिक दमदार और स्टाइलिश रूप देते हैं। इसके अलावा एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स, एलईडी डे-टाइम रनिंग लैंप्स और एलईडी रियर कॉम्बिनेशन लैंप्स इसे आधुनिक पहचान देते हैं। प्रीमियम एक्सटीरियर एलिमेंट्स भी इसके लुक को बेहतर बनाते हैं। नई ग्लैंजा सात आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगी। इनमें दो नए रंग ब्लूइश ब्लैक और डिजिटल टील ग्रीन शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि नए डिजाइन और सुविधाओं के साथ यह मॉडल ग्राहकों को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराएगा।

एलिस कैप्सी का खूबसूरत अंदाज

एलिस कैप्सी इंग्लैंड की एक युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर हैं, जो आक्रामक दाएं हाथ की बल्लेबाजी और दाएं हाथ की ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी के लिए जानी जाती हैं। 2022 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से, वह टी-20आई में इंग्लैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक (21 गेंद) का रिकॉर्ड रखती हैं ।



लक्ष्य सेन ने कोकी वातानाबे को हराकर जीता जापान मास्टर्स का खिताब

भारतीय शटलर ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 13-21, 21-18, 21-14 से दर्ज की जीत

एजेंसी, कुमामोटो

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान मास्टर्स 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार को कुमामोटो प्रीफेक्चरल जिम्नेजियम में खेले गए पुरुष एकल फाइनल में लक्ष्य ने दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी मेजबान जापान के कोकी वातानाबे को तीन गेम तक चले मुकाबले में 13-21, 21-18, 21-14 से हराया। वर्ल्ड टूर में लगातार अपना दूसरा फाइनल खेल रहे लक्ष्य ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की और वातानाबे को 1 घंटे 4 मिनट तक चले मुकाबले में शिकस्त दी।

लक्ष्य ने मुकाबले की शुरुआत संभलकर की, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने पहले गेम में उन पर दबाव बनाए रखा। वातानाबे ने लक्ष्य को कोर्ट के दाईं ओर खेलने के लिए मजबूर किया और भारतीय खिलाड़ी की गलती का फायदा उठाते हुए पहला गेम 21-13 से जीत लिया।

दूसरे गेम में लक्ष्य ने आक्रामक रुख अपनाया। उनके दमदार स्मैश और बेहतर कोर्ट कवरेज के सामने वातानाबे को परेशानी हुई। लक्ष्य ने दूसरा गेम 21-18 से जीतकर मुकाबले में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली।

निर्णायक तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। शुरुआत में वातानाबे ने स्मैश के जरिए अंक हासिल किया, लेकिन लक्ष्य ने भी



तुरंत वापसी की। नेट के करीब शानदार रिफ्लेक्स दिखाते हुए उन्होंने जापानी खिलाड़ी को गलती करने पर मजबूर किया। इसके बाद वातानाबे ने स्मैश से बराबरी की, लेकिन लक्ष्य ने लगातार अंक जुटाते हुए ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली।

ब्रेक के बाद भी लक्ष्य ने अपनी लय बरकरार रखी। उन्होंने दमदार स्मैश और सटीक शॉट्स के जरिए बढ़त बढ़ाई। एक समय वह 17-7 से आगे हो गए और खिताब उनसे कुछ ही अंक दूर रह गया। वातानाबे ने लगातार तीन अंक लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लक्ष्य ने उन्हें ज्यादा मौका नहीं दिया। भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम 21-14 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच जीतते ही लक्ष्य ने खुशी में जोरदार आवाज लगाई और मुट्ठी भींचकर अपनी खुशी जाहिर की।

सेमीफाइनल में अल्वी फरहान को दी थी मात

लक्ष्य सेन ने फाइनल तक का सफर शानदार अंदाज में तय किया था। उन्होंने पहले दौर में ची यू जेन को 21-19, 21-18 से हराया। इसके बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन के डेंग तियान याओ को 21-8, 21-14 और क्वार्टर फाइनल में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में लक्ष्य ने इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान को 21-12, 15-21, 21-11 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस जीत के साथ उन्होंने जर्मनी में हुए हायलो ओपन का खिताब जीतने के बाद अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी।

स्पोर्ट्स विंडो

वानखेड़े स्टेडियम में होंगे महिला प्रीमियर लीग-2027 के मुंबई चरण के मैच

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 के मुंबई चरण के आयोजन स्थल में बदलाव की घोषणा की। अब मुंबई चरण के मुकाबले ब्रेबोर्न स्टेडियम के बजाय वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। हालांकि, मुकाबलों की तारीखों और कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। डब्ल्यूपीएल संचालन परिषद ने 15 सितंबर को हुई बैठक में टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण के मूल आयोजन स्थलों और तारीखों को मंजूरी दी थी। उस कार्यक्रम के अनुसार, मुंबई चरण के तहत 12वें से 20वें मुकाबले, एलिमिनेटर और फाइनल का आयोजन 26 जनवरी से 7 फरवरी 2027 तक ब्रेबोर्न स्टेडियम में होना था। क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) को 14 फरवरी 2027 से पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी भी करनी है। इसी को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चिंता जताई थी कि डब्ल्यूपीएल के समापन और बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट की शुरुआत के बीच का अंतर पिचों को दोबारा तैयार होने और उनकी स्थिति में सुधार के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इसके बाद मुंबई चरण का आयोजन स्थल बदलने का फैसला किया गया।

ऑस्ट्रेलिया के युवा तेज गेंदबाज बियर्डमैन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से बाहर

एजेंसी, एडिलेड। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑस्ट्रेलिया के युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन रविवार (15 नवंबर) दोपहर होने वाले दूसरे वनडे में नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को नियंत्रित रखने के लिए सावधानी बरत रहा है। बियर्डमैन ने शुक्रवार को पर्थ में खेले गए पहले वनडे में छह विकेट लेकर इतिहास रचा था। उन्होंने 24 रन देकर छह विकेट हासिल किए थे, जो वनडे पदार्पण पर किसी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनकी शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। 21 वर्षीय बियर्डमैन को पीठ की चोटों का पुराना इतिहास रहा है। हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद स्ट्रेस फ्रैक्चर दोबारा उभरने के कारण वह सात महीने तक मैदान से बाहर रहे थे। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके कार्यभार को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार , बियर्डमैन हाल की चोटों के बाद अपनी शारीरिक क्षमता को धीरे-धीरे बढ़ा रहे हैं। वह बुधवार को होबार्ट में होने वाले तीसरे वनडे के लिए अंतिम एकादश में वापसी करेंगे।

बीएफआई ने रिकार्ड निलसन को खेल विज्ञान प्रमुख नियुक्त किया

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने स्वीडन के 'स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग' कोच रिकार्ड नीलसन को 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों तक अपना खेल विज्ञान विभाग का प्रमुख नियुक्त किया है। महासंघ ने रविवार को यह घोषणा की। स्वीडिश ओलंपिक दल के साथ काम कर चुके नीलसन, ओलंपिक तक वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धतियों, प्रदर्शन की निगरानी और खिलाड़ियों की प्रगति के लिए कोचिंग स्टाफ के साथ मिलकर काम करेंगे। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'यह नियुक्ति भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के खेल विज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और खिलाड़ियों की तैयारी में संरचित, साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को एकीकृत करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।' स्वीडन के पूर्व ओलंपिक भारोत्तोलक ने 2019 में भी भारतीय मुक्केबाजों के साथ काम किया था।

प्रज्ञाननंदा खिताब की दौड़ से बाहर एरिगैसी ने उम्मीदें बरकरार रखीं

एजेंसी, बुडापेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की फास्ट क्लासिकल प्रतियोगिता के चौथे दिन रिचर्ड रैपोर्ट के खिलाफ जीत की स्थिति में होने के बावजूद एक गलती के कारण हार का सामना करना पड़ा जिससे वह खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने हालांकि मैक्सिम वाचियर लाग्रेव का फास्ट क्लासिकल में अजेय अभियान को समाप्त करके अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। प्रज्ञाननंदा को रैपोर्ट के खिलाफ पहले मैच में एक गलती की भारी कीमत चुकानी पड़ी। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को जल्द ही अपनी गलती का अहसास हो गया और उन्होंने अविश्वास भरी मुस्कान के साथ अपना हाथ माथे पर रख लिया। प्रज्ञाननंदा ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं इससे भी खराब कुछ कर सकता हूं।' दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरा मैच ड्रॉ रहा जिससे प्रज्ञाननंदा ग्रुप बी में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गए और खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदें भी खत्म हो गईं। उनकी बहन आर वैशाली भी अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो से अपने दोनों मैच हारने के बाद खिताब की दौड़ से बाहर हो गईं।

भारत ने 7 साल बाद न्यूजीलैंड में जीती एक दिवसीय सीरीज

पांच मैचों की श्रृंखला में आखिरी मैच जीतकर न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी, माउंट माउंगानुई

भारत ने 7 साल बाद न्यूजीलैंड में वनडे सीरीज 3-1 से अपने नाम की है। पांच मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला टीम ने 22 रन से जीत लिया। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड में आखिरी बार 2019 में 4-1 से सीरीज जीती थी। माउंट माउंगानुई में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 42.1 ओवर में 209 रन पर ऑलआउट हो गया। अक्षर पटेल और ईशान किशन ने 46-46 रन बनाए। वाब में न्यूजीलैंड की पारी 48.1 ओवर में 187 रन बनाकर सिमट गई। भारत से तेज गेंदबाजों ने मिलकर 7 विकेट लिए।

210 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत संभली हुई रही। टिम सीफर्ट और विल यंग ने शुरुआती दो ओवर सावधानी से खेले, लेकिन मोहम्मद सिराज ने पांचवें ओवर में सीफर्ट को 14 रन के निजी स्कोर पर मिड-ऑन पर कैच करा दिया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट 26 रन पर गिरा। इसके बाद विल यंग और निक केली ने पारी को



तेज गेंदबाज बरार को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब

आगे बढ़ाया। यंग 42 गेंदों पर 22 रन बनाकर अर्शदीप सिंह की गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ को कैच दे बैठे। 64 रन पर दूसरा विकेट गिरने के बाद निक केली और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पारी संभालने की कोशिश की। अर्शदीप ने 22 रन बनाने वाले केली और फिन एलन को लगातार दो ओवरों में आउट कर न्यूजीलैंड को 83 रन पर चार झटके दे दिए। अंतिम दो ओवर में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 23 रन की जरूरत थी। अक्षर पटेल ने ब्लेयर टिकनर को 14 रन पर आउट कर मेजबान टीम की पारी 187 रन पर समाप्त कर दी।

भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को सीरीज में 9 विकेट हासिल करने के लिए मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया।

अर्शदीप सिंह रहे प्लेयर ऑफ द मैच

भारत की जीत में अर्शदीप सिंह ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। अक्षर पटेल ने 28 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि मोहम्मद सिराज ने 50 रन देकर दो विकेट हासिल किए। औकीब नबी, यश ठाकुर और नमन धीर को एक-एक सफलता मिली। न्यूजीलैंड की ओर से डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। अर्शदीप सिंह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विदेशी धरती पर अपनी पहली वनडे श्रृंखला जीत ली। न्यूजीलैंड ने 2024 में भारत की घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 12 साल और लगातार 18 श्रृंखलाओं से चले आ रहे अपराजेय अभियान को समाप्त किया था। अब भारत ने न्यूजीलैंड की धरती पर उसके लगातार सात साल और 11 द्विपक्षीय वनडे श्रृंखलाओं से चले आ रहे जीत के सिलसिले को तोड़ दिया। दिलचस्प बात यह है कि न्यूजीलैंड को घरेलू धरती पर पिछली बार वनडे श्रृंखला में भारत ने ही 2019 में हराया था।

फुटबॉल : न्यूजीलैंड ने दूसरे मैच में भारत को 3-0 से दी शिकस्त



एजेंसी, क्राइस्टचर्च

भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले में भी 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। क्राइस्टचर्च के वन न्यूजीलैंड स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम ने पहले हाफ में ही तीन गोल दागकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। उसने गुरुवार को ऑकलैंड में खेले गए पहले मुकाबले में भारत को 5-0 से हराया था। न्यूजीलैंड के लिए फिन सर्मन ने 22वें मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद जेम्स मैकगैरी ने 40वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। शॉर्ट कॉर्नर से मिले पास पर मैकगैरी ने बॉक्स के किनारे से बाएं पैर से शानदार शॉट लगाया, जो भारतीय गोलकीपर विशाल कैथ को छकाते हुए गोलपोस्ट के निचले बाएं कोने में चला गया। पहले हाफ के 44वें मिनट में कप्तान क्रिस वुड ने तीसरा गोल कर भारत की वापसी की उम्मीदों को लगभग समाप्त कर दिया। मैट गार्बेट ने जेसी रैंडल को बॉक्स के अंदर गेंद दी और रैंडल ने उसे खुले गोलपोस्ट के सामने मौजूद वुड तक पहुंचा दिया। वुड ने आसानी से गेंद को गोल में डाल दिया। पहले मुकाबले में 0-5 से हारने वाली भारतीय टीम दूसरे हाफ में भी कोई गोल नहीं कर सकी। हालांकि, 85वें मिनट में बिजॉय वर्गीज ने गोललाइन पर शानदार बचाव करते हुए एलेक्स रुफर के शॉट को गोल में जाने से रोक दिया। एक मिनट के इंजरी टाइम के बाद मुकाबला 3-0 के स्कोर पर समाप्त हुआ।

न्यूजीलैंड टीम ने दो मैचों की श्रृंखला में किया क्लीन स्वीप

डब्ल्यूटीए फाइनल्स : आंद्रीवा ने पेगुला को हराकर खिताबी मैच में बनाई जगह

एजेंसी, इंडियन वेल्स

रूस की 19 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी मिरा आंद्रीवा ने शनिवार को जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में जगह बना ली। आंद्रीवा ने अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। इसके साथ ही वह 2004 के बाद इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली किशोर खिलाड़ी बन गईं। आंद्रीवा का रविवार को होने वाले फाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से सामना होगा। स्वितोलिना ने दूसरे सेमीफाइनल में विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। आंद्रीवा का स्वितोलिना के खिलाफ अब तक का रिकॉर्ड 2-1 का है। दस मिलियन डॉलर की इनामी राशि वाले सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में आंद्रीवा ने अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने राउंड रॉबिन चरण के अपने तीनों मुकाबले जीतने के दौरान केवल 11 गेम गंवाए, जो 2003 के बाद किसी भी



खिलाड़ी का इस चरण में सबसे कम आंकड़ा है। इस जीत के साथ आंद्रीवा ने इस साल शीर्ष दस खिलाड़ियों के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 4-5 कर लिया है। इस दौरान उन्होंने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, छठे नंबर की स्वितोलिना और पांचवें नंबर की पेगुला को हराया है। उन्होंने इसी सप्ताह राउंड रॉबिन मुकाबले में स्वितोलिना को 6-4, 6-0 से मात दी थी। इस हार के साथ पेगुला का लगातार पांचवीं बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स में खेलने का अभियान समाप्त हो गया। वह 2023 में फाइनल में हार गई थीं, जबकि पिछले साल उन्हें सेमीफाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। आंद्रीवा और पेगुला के बीच यह करियर का पहला मुकाबला था। इससे पहले इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में अभ्यास सत्र के दौरान पेगुला का एक बातचीत वाला बयान हॉट माइक में रिकॉर्ड हो गया था, जिसमें उन्होंने आंद्रीवा को 'दिवा' बताते हुए कहा था कि उसे थोड़ा जमीन पर लाने की जरूरत है।

यमन में हूतियों के सामने पीछे हटी सेना

बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के पास का इलाका छोड़ा, अब हूतियों का नियंत्रण

एजेंसी, सना

यमन में हूती विद्रोहियों के सामने सरकार की सेना कमजोर पड़ रही है। रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने रविवार को धुबाब एयरपोर्ट के पास के इलाके से अपनी टुकड़ियां हटा लीं। यह बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के बेहद करीब है। इसका इस्तेमाल सैन्य गतिविधियों के लिए होता था। इस इलाके में अब हूतियों का नियंत्रण हो गया है। यमन की सरकार ने हूतियों को यहां से हटाने के लिए दूसरे देशों से मदद मांगी है। सेना को अदन और आसपास के दक्षिणी इलाकों की ओर भेजा जा रहा है। यह कदम अदन और पड़ोसी इलाकों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। 2014 में हूती विद्रोहियों ने यमन की राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इससे देश में गृहयुद्ध की स्थिति बन गई। इसके बाद तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दरब्बुह मंसूर हादी को देश छोड़ना पड़ा था।



बाब अल-मंदेब को हूतियों से आजाद कराने की अपील

यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार की सेना के प्रवक्ता कर्नल माजिद अल-नुजैली ने दूसरे देशों से मदद की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बाब अल-मंदेब और यमन के पश्चिमी तट को हूतियों से आजाद कराना यमनी सेना का अधिकार है। उन्होंने दक्षिणी सेना की तारीफ करते हुए कहा कि वह अंतरिम राजधानी अदन और आसपास के इलाकों की सुरक्षा कर रही है। साथ ही ताइज शहर की घेराबंदी खत्म करने की कोशिश कर रही है। अल-नुजैली ने कहा कि ताइज को हूतियों की घेराबंदी से बाहर निकालना देश की बड़ी जिम्मेदारी है।

गुड न्यूज दो महीने की बिकवाली के बाद बैंकिंग-ऑटो समेत 6 सेक्टर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी

विदेशी निवेशकों ने 9 दिन में खरीदे 84,290 करोड़ के शेयर

एजेंसी, मंबई

लगातार दो महीने की बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक फिर से भारतीय शेयर बाजार में खरीदार बन गए हैं। विदेशी निवेशकों ने नवंबर के शुरुआती 13 दिनों के 9 कारोबारी सेशन में भारतीय बाजार में 84,290 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस खरीदारी से बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 25,000 के स्तर के ऊपर निकल गया है।

ग्लोबल स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल के दाम घटने से विदेशी निवेशकों का रुख बदला है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने 2 नवंबर से 13 नवंबर के बीच 9 ट्रेडिंग सेशंस में 84,290 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। विदेशी पूंजी लौटने से निफ्टी 25,000 के पार पहुंच गया है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार के मुताबिक, कई दिग्गज सेक्टर्स में खरीदारी से बाजार में यह रिकवरी आई है।



दो महीने में निकाले थे 70,704 करोड़ रुपए

इससे पहले लगातार दो महीनों तक उन्होंने बाजार से पैसा निकाला था। सितंबर में विदेशी निवेशकों ने 35,861 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं, अक्टूबर में 34,843 करोड़ रुपए की बिकवाली की गई थी। नवंबर की इस ताजा खरीदारी से साल 2026 में भारतीय इक्विटी से एफआईआई की कुल निकासी घटकर लगभग 2.1 लाख करोड़ रुपए पर आ गई है। कुछ हफ्ते पहले तक यह आंकड़ा करीब 3 लाख करोड़ रुपए था।

विदेशी निवेशकों की खरीदारी की 3 वजह

शेयरों में करेक्शन: ग्लोबल बाजार में एआई से जुड़े शेयरों में भारी बिकवाली आई है। टेक-हैवी बाजारों में अपनी पोजिशन घटाकर निवेशक भारत जैसे उभरते बाजारों की ओर पैसा शिफ्ट कर रहे हैं।

कच्चा तेल 13% सस्ता: नवंबर के पहले हफ्ते में ब्रेंट क्रूड की कीमतें करीब 13% गिरकर 97 डॉलर प्रति बैरल के आसपास आ गई हैं। इसके साथ ही ग्लोबल चिंताएं कम होने से भी भारतीय बाजार को सपोर्ट मिला है।

कंपनियों की बेहतर कमाई: चुनिंदा लार्ज-कैप कंपनियों की वैल्युएशन और कंपनियों की कमाई में सुधार की उम्मीद ने भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है।

अमेरिका ने नाटो की सदस्यता लेने को सशर्त ऑफर दिया : जेलेंस्की

एजेंसी, कीव



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया है कि अमेरिका ने यूक्रेन को नाटो की सदस्यता देने के बदले डोनबास का इलाका रूस को सौंपने का सुझाव दिया है। जेलेंस्की के कार्यालय ने शनिवार को उनका यह बयान जारी किया। जेलेंस्की के मुताबिक, अबू धाबी में रूस, यूक्रेन और अमेरिका के बीच हुई शांति वार्ता के दौरान अमेरिकी अधिकारियों ने पहली बार यह प्रस्ताव रखा था। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि यूक्रेन अपनी जमीन रूस को नहीं सौंपेगा।

जेलेंस्की ने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों ने उनसे पूछा था कि अगर यूक्रेन को नाटोकी सदस्यता दी जाती है, तो क्या वह डोनबास से अपनी सेना हटा लेगा? उन्होंने कहा कि यूक्रेन किसी भी शांति समझौते के लिए सुरक्षा की पक्की गारंटी चाहता है।

डोनबास सौंपने की शर्त रखी, लेकिन हम अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे

मैं अकेले फैसला नहीं ले सकता

जेलेंस्की ने कहा कि अगर अमेरिका और नाटो के दूसरे देश यूक्रेन को सुरक्षा की पक्की गारंटी देते हैं, तो वह इस प्रस्ताव पर जनता की राय लेंगे। इसके लिए देश में जनमत संग्रह भी कराया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'अगर अमेरिका और नाटो के दूसरे सहयोगी हमें सुरक्षा की पक्की गारंटी देते हैं, तो मैं यूक्रेन के लोगों से पूछूंगा कि क्या हमें यह प्रस्ताव मंजूर है या नहीं। मुझे इतना बड़ा फैसला अकेले लेने का अधिकार नहीं है।'